गुरुकुल-पत्रिका

मासिक शोध-पत्रिका
Monthly Research Magazine

शताब्दी वर्ष 2001–2002

सम्पादक

प्रो० महावीर

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार–249404

गुरुकुल-पत्रिका

मासिक शोध–पत्रिका

Monthly Research Magazine

सम्पादक

प्रो० महावीर

एम.ए. (संस्कृत, वेद, हिन्दी) व्याकरणाचार्य
पी-एच.डी., डी.लिट्.

शताब्दी वर्ष २००१–२००२

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार –२४९४०४

दिसम्बर २००१ – फरवरी २००२	वर्ष ५३ वां	मार्गशीर्ष–माघ संवत् २०५८

सम्पादक मण्डल

मुद्रक : किरण प्रिंटिंग प्रेस, निकट गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी, कनखल हरिद्वार फोन : 416976

विषयानुक्रमणिका

वेदमञ्जरी

त्वं जनाय ज्योतिरसि

नि त्वामग्ने मनुर्दधे ज्योतिर्जनाय शश्वते।
दीदेथ कण्व ऋतजात उक्षितो यं नमस्यन्ति कृष्टयः॥

(ऋग्० १.३६.१९)

ऋषिः कण्वः घौरः। **देवता** अग्निः। **छन्दः** बृहती।

(अग्ने) हे अग्रणीः परमात्मन्! **(मनुः)** मननशीलो मनुष्यः **(त्वां)** भवन्तं **(नि दधे)** स्वहृदये निदधाति। त्वम् **(शश्वते)** सनातनाय **(जनाय)** जीवात्मने **(ज्योतिः)** प्रकाशः असि । **(ऋतजातः)** सत्येन प्रकटितः **(उक्षितः)** आत्मसमर्पणरूपेण हविषा सिक्तः त्वम् **(कण्वे)** मेधाविजने **(दीधेथ)** प्रदीप्यसे, **(यं)** यं त्वा **(कृष्टयः)** साधकजनाः **(नमस्यन्ति)** नमस्कुर्वन्ति।

हे अग्ने! हे अग्रनायक परमात्मन्! यथा यजमानः अरणिमन्यनेन यज्ञाग्निं प्रकटं कृत्वा यज्ञकुण्डे निदधाति, तथैव मननशीलो मानवस्त्वां स्वकीये हृदये निदधाति। यथा अरण्योः पूर्वमेव विद्यमानो ऽप्यग्निः मन्थनद्वारेण व्यञ्जनीयो भवति, तथैव मनुष्ये मन्थनात् पूर्वमेव वर्तमानोऽपि त्वं ध्यानरूपेण मन्थनेन प्रकाशनीयो भवसि। सर्वत्र विद्यमानस्य तव विषये हृदयनिधानादिशब्दानां प्रयोगं वयम् उद्बोधनार्थे प्रकटीकरणार्थे वा कुर्मः। यदा त्वं हृदि निहितः प्रबुद्धो वा जायसे, तदा सनातनाय जीवात्मने ज्योतिरिव भवसि। अन्धे तमसि त्वदीया प्रकाशरेखा तं जीवनमार्गं दर्शयति।

अयि प्रकाशक प्रभो! त्वम् 'ऋतजातः' असि, सत्येन प्रकटो भवसि। यावन्मानसं सत्येन निर्मलं न जायते, तावत् तस्मिन् तव चरणनिक्षेपो न भवति। मनसि असत्यं निधाय देवार्चनाविषये चिन्तनम् आत्मप्रवञ्चनं लोकप्रवञ्चनं च सिध्यति। हे परमेश! यदा त्वं कण्वस्य, मेधाविनः, साधकस्य, मनोवेद्यां सत्यद्वारा व्यज्यसे, तदीयया आत्मसमर्पणरूपया घृताहुत्या च सिच्यसे, तदा त्वदाभा दर्शनीया जायते। तदा प्रोन्नतज्वालाजालदेदीप्यमानयज्ञाग्निवत् त्वम् अजस्र-ज्योतिष्कप्रकाशपुञ्ज इव दृश्यसे। त्वदीयं तज्जाज्वल्यमानं ज्योतिरभिलक्ष्य कृष्टयः, योगसाधनायाः कृषिं कुर्वाणाः साधकजनाः, शतशो नमस्कुर्वन्ति। हे तेजस्विन् जगदीश! स्वकीयं तज्ज्योतिः कण्वानामस्माकं हृदयेष्वपि उद्भासय।

अस्मानपि स्वकृपायाः पात्रं कुरु। अस्माकमपि तमोजालं विच्छिन्धि। वयमपि मनवो भूत्वा त्वां स्वकीयहृदयवेद्यां निदध्मः, अग्न्याधानं कुर्मः।

आचार्य रामनाथ वेदालङ्कारः

सम्पादकीय..........

"मनुर्भव जनय दैव्यं जनम्" मानव! तू मननशील बन मानवता को धारण करने वाला बन। यह प्रेम भरा सन्देश है वेदमाता का। मानव विशुद्ध मानव बनकर मानवता को विश्व में द्योतित करे, यही मानव धर्म है। समय की पुकार है कि हम मानवता की राह पर चलकर धरती को स्वर्ग बनायें। आज चारों ओर अशान्ति, हिंसा, विध्वंस और आतंकवाद का ताण्डव नृत्य दिखाई देता है। विश्व में अपार भौतिक समृद्धि होने पर भी मानवीय जीवन में सुख, शान्ति, प्रेम, दया, करुणा, परोपकार आदि श्रेष्ठ भावों का ह्रास होता जा रहा है। कहाँ है विश्वप्रेम की भावना? कहाँ लुप्त हो गई **"कृण्वन्तो विश्वमार्यम्"** की दिव्य भावना? सारे संसार को जीवन का श्रेष्ठतम मार्ग दर्शाने वाला कणाद, गौतम, कपिल और महर्षि दयानन्द का भारत क्या अपने कर्त्तव्य को विस्मृत कर बैठा? नहीं, नहीं विश्व को प्रेम और मानवता का पाठ पढ़ाने वाला भारत पुन: समूची मानवता को कल्याण मार्ग का पथिक बनायेगा। विश्वगुरु भारत के पास वैदिक ज्ञान का अक्षय कोष है, प्रात: स्मरणीय ऋषियों का वैदिक चिन्तन है, दुनियां के सभी मनुष्यों को मानवता के सूत्र में बांधने का पवित्र संकल्प है, इसलिए यह देश अपने विशुद्ध ज्ञान, निर्मल मन और ऋतम्भरा प्रज्ञा के द्वारा विश्व का मार्ग दर्शन करने में पूर्ण सक्षम है।

आज से ठीक सौ वर्ष पूर्व **४ मार्च १९०२** को गंगा के पावन तट पर महात्मा मुंशीराम द्वारा **गुरुकुल कांगड़ी** की स्थापना इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु उठाया गया साहसिक और क्रान्तिकारी कदम था। इन सौ वर्षों में गुरुकुल ने वेद, दर्शन, साहित्य, संस्कृति, पत्रकारिता, आयुर्वेद, अध्यात्म विज्ञान एवं देश की स्वतन्त्रता आदि के क्षेत्र में जो अद्‌भुत कार्य किया है, वह इतिहास के पन्नों में

स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। आज भी उसी परम्परा का सम्मान करते हुए यह विश्व प्रसिद्ध शिक्षा संस्थान **"चरैवेति–चरैवेति"** का सन्देश स्मरण करता हुआ आगे बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय की यह शोध–पत्रिका पचास वर्षों से देश के मनीषियों की रचनाओं के माध्यम से इस दिशा में सतत प्रयत्नशील है। २५, २६, २७, २८ अप्रैल २००२ को गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की पावन भूमि में आर्य संस्कृति का डिण्डिम घोष करने वाला और दुनियां को मानवता का सन्देश देने वाला एक विशाल आयोजन **"गुरुकुल शताब्दी अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन"** के रूप में किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्र के कर्णधार, संन्यासी, महात्मा, विद्वान् उपदेशक अपने उद्‌बोधनों के माध्यम से देशवासियों को दिशा निर्देश देंगे।

आइये, इस ऐतिहासिक सम्मेलन की सफलता के लिए सम्पूर्ण शक्ति से जुटकर, राष्ट्र निर्माण और मानवता की सेवा का संकल्प लें और धरती को स्वर्ग बनायें।

प्रो. महावीर

४ मार्च २००२

वेदेषु भौतिकविज्ञान-सूत्राणि

विदितमेतत् समेषामपि विपश्चितां यद् वेदेषु धर्मार्थ-काममोक्षात्मकपुरुषार्थचतुष्टयस्य विशदं वर्णनं समुपलभ्यते। सहस्रशो मन्त्रा यज्ञियक्रियाकलापं समाजदर्शनम् आचारशिक्षां नीतिशिक्षां लोककल्याणं च वर्णयन्ति, परन्तु विज्ञान-विषय-प्रतिपादकानां मन्त्राणाम् अपि संख्या शतशो वर्तते। अतएव भगवता मनुना प्रोच्यते- **'सर्वज्ञानमयो हि सः'** (मनु. २.७) अर्थात् सर्वेषाम् अपि ज्ञानानां विज्ञानानां च सूत्ररूपेण वर्णनं वेदेषु विद्यते। वेदालोचनेन विज्ञायते यद् अवितथमेतद् वचनम्। अस्मिन् संदर्भे आचार्ययास्कस्य वचनमेतत् सुतराम् अवधेयं यद् :

न ह्येषु प्रत्यक्षमस्ति, अनृषेरतपसो वा। निरुक्त. १३.१२

अस्याभिप्रायोऽयं यद् वेदानां रहस्यम् आर्षबुद्ध्या कठोरेण श्रमेण चावगन्तुं पार्यते। वेदेषु सन्ति शतशो मन्त्राः, ये भौतिक-विज्ञानं, रसायनशास्त्रं, वनस्पतिशास्त्र, जीवविज्ञानं, शिल्पविज्ञानं, कृषिविज्ञानं, गणितशास्त्रं, ज्योतिर्विज्ञानं, वृष्टिविज्ञानं, पर्यावरणम्, आयुर्वेदं, भूगर्भविज्ञानं च वर्णयन्ति। सर्वमेतद् मया विशदं निरूपितं स्वीये सद्यः प्रकाशिते 'वेदेषु विज्ञानम्' (वेदों में विज्ञान) इति ग्रन्थे।

दिङ्मात्रम् इह कानिचिद् भौतिकविज्ञान-सूत्राणि समुपस्थाप्यन्ते। ऊर्जाया रूपान्तरणं भवति। (Transformation of Energy) यथा च प्रतिपाद्यते :

अग्ने....त्मना शतिनं पुरुरूपम्। ऋग्. २.२.९
स्तीर्णा अस्य संहतो विश्वरूपाः। ऋग्. ३.१.७

इह पुरुरूप-शब्देन विश्वरूप शब्देन च अग्नेः विविधरूपग्रहणं संसूच्यते।

ऊर्जा (Energy) विश्वव्यापिनी वर्तते। सैव इन्द्र-मित्र-वरुण-रुद्र-विष्णु-ब्रह्म-पूषादिशब्दैः वर्ण्यते।

त्वमग्न इन्द्रः, त्वं विष्णुः, त्वं ब्रह्मा। ऋग्. २.१.३
त्वं वरुणः, त्वं मित्रः, त्वम् अर्यमा। ऋग्. २.१.४
त्वं रुद्रः, त्वं पूषा, त्वं सविता, त्वं भगः। ऋग्. २.१.६-७

ऊर्जा विश्वव्यापिनी (Energy Omnipresent):-

विश्वस्य केतुः, भुवनस्य गर्भः, आ रोदसी अपृणात्। यजु. १२.३३
आ रोदसी भानुना भात्यन्तः। ऋग्. १०.४५.४

ऊर्जाया दश विशिष्टरूपत्वम्

यथा– सौर–ऊर्जा, जलीय–ऊर्जा, भूगर्भीय–ऊर्जा–प्रभृतयः। यथा चाद्यत्वे भौतिकविज्ञाने निर्दिश्यते–मैकेनिक–ऊर्जा, रासायनिक–ऊर्जा, सौर–ऊर्जा, नाभिकीय–ऊर्जा–प्रभृतयः।

दश प्रति धुरं वहन्ति वह्नयः। ऋग्. ८.३.२३

समुद्रान्तर्गतो वह्निः अथर्ववेदे शान्तो घोरश्च वर्ण्यते।

यो व आपोऽग्निराविवेश....घोरं तदेतत्। अथर्व. १६.१.८

शिवान् अग्नीन् अप्सुसदः। अथर्व. १६.१.१३

यजुर्वेदे अग्नेः (ऊर्जायाः) रूपत्रयं वर्ण्यतेः सौर–ऊर्जा, भौतिकोऽग्निः, समुद्रान्तर्गतो वह्निश्च।

दिवस्परि प्रथमं जज्ञे, द्वितीयं जातवेदाः, तृतीयमप्सु.। यजु. १२.१८

ऊर्जाया विश्वव्यापित्वम् –

एतद् अथर्ववेदे विस्तरेण प्रतिपाद्यते। सेयम् ऊर्जा अग्निरूपेण भुवि, अन्तरिक्षे, दिवि च सर्वत्र संचरति। ऊर्जा व्यक्तरूपेण अव्यक्तरूपेण वा सर्वत्र प्रसरति। अतएव यत्र कुत्रापि घर्षणं भवति, तत्र विद्युत उत्पत्तिः।

दिवं पृथिवीमनु–अन्तरिक्षं, ये विद्युतम् अनुसंचरन्ति।
ये दिक्ष्वन्तर्ये वाते अन्तस्तेभ्यो अग्निभ्यः. ।

अथर्व. ३.२१.७

विविधयन्त्राणां वर्णनम् –

तैत्तिरीयसंहितायाम् ऊर्जाहेतोः प्रयुज्यमानानां विविधयन्त्राणां वर्णनं प्राप्यते। तद्यथा–

१. **वातयन्त्रम्–** वायुप्रसारणाय वायोश्च भारमानार्थं यन्त्रम्।
२. **ऋतुयन्त्रम्–** शीतोष्णतादिमानार्थं यन्त्रम्।
३. **दिग्यन्त्रम्–** दिशाबोधकं यन्त्रम्।
४. **तेजोयन्त्रम्–** प्रकाशजननार्थं यन्त्रम्।
५. **वाग्यन्त्रम्–** ध्वनिप्रसारणयन्त्रम्।

वातानां यन्त्राय, ऋतूनां यन्त्राय, दिशां यन्त्राय, तेजसे यन्त्राय।
वाचो यन्त्रम् अशीय।

तैति. सं. १.६.१.२

परमाणुषु अग्नेरस्तित्वम् –

सर्वेषु परमाणुषु अग्नितत्त्वं निहितं वर्तते। अग्नितत्त्वस्य सत्तयैव तत्र ऊष्मा गतिष्च संलक्ष्यते!

अग्निर्मूर्धा दिवः ....अपां रेतांसि जिन्वति। ऋग्. ८.४४.१३

विश्वा रजांसि शुशुचानो अस्थात्। ऋग्. १.१४९.४

विश्वस्य प्रथमो वैज्ञानिक:, अथर्वा ऋषि: –

अथर्वा ऋषि: आविष्कारत्रयं व्यदधात्। (१) आरण्योर्मन्थनेन वह्नेरुत्पादनम्, (२) सरोवरस्थजल–मन्थेन जलीय–विद्युत: (Hydroelectric, Hydel) उत्पादनम्, (३) उत्खनन– पद्धत्या भूगर्भीय–अग्ने: (पुरीष्य अग्नि, Oil and Natural gas) नि:सारणम्। यजुर्वेदे विस्तरेण आविष्कारत्रयम् एतद् वर्ण्यते।

(क) **तमु त्वा दध्यङ् ऋषि: पुत्र ईधे अथर्वण:।** यजु. ११.३३
अरण्योर्निहितो जातवेदा:। ऋग्. ३.२९.२
(ख) **त्वामग्ने पुष्करादधि अथर्वा निरमन्थत।** यजु. ११.३२
(ग) **पुरीष्योऽसि विश्वभरा अथर्वा त्वा प्रथमो निरमन्थदग्ने।** यजु. ११.३२
पृथिव्या: सधस्थाद् अग्निं पुरीष्यम्.....खनाम:। यजु. ११.२८

भू: परिक्रामति

ऋग्वेदे यजुर्वेदे च वर्ण्यते यद् भू: सूर्य परित: परिक्रामति। भुव: परिक्रमणेनैव अहोरात्रं संपद्यते। ऋग्वेदे स्फुटमेतत् प्रतिपाद्यते यत् पृथिवी (क्षा:) शुष्णम् (सूर्यम्) परित: प्रदक्षिणित (प्रदक्षिणां परिक्रमां वा विदधाति)।

(क) **आयं गौ: पृश्निरक्रमीद्, असदन्मातरं पुर:।**
पितरं च प्रयन् स्व:। ऋग्. १०.१८९.१, यजु. ३.६
(ख) **क्षा: ......शुष्णं परि प्रदक्षिणित्।** ऋग्. १०.२२.१४

सूर्योऽपि परिक्रामति–

यजुर्वेदे प्रतिपाद्यते यत् न केवलं भूरेव परिक्रामति, अपि तु सूर्योऽपि परिक्रामति। न केवलं सूर्यएव, अपितु सकलं जगत् परिक्रामति।

समाववर्ति पृथिवी समुषा: समु सूर्य:।
समु विश्वमिदं जगत्। यजु. २०.२३

सूर्य एव चन्द्रं प्रकाशयति –

चन्द्रमसि नास्ति प्रकाश:। सूर्य: स्वकिरणै: चन्द्रं प्रकाशयति। आचार्ययास्केनापि निरुक्ते प्रतिपादितम् एतत्।

(क) **सुषुम्ण: सूर्यरश्मि: चन्द्रमा गन्धर्व:।** यजु. १८.४०
(ख) **अथाप्यस्य एको रश्मि: चन्द्रमसं प्रति दीप्यते।**
आदित्यतोऽस्य दीप्तिर्भवति। निरुक्त. २.६

सोम: (Hydrogen) सूर्यस्य शक्तिदाता–

अथर्ववेदे वर्ण्यते यत् सूर्यस्य शक्ति स्रोत: सोम: (Hydrogen) एव वर्तते।

सोमेन– आदित्या बलिन:। अथर्व. १४.१.२

नक्षत्रेषु सोमतत्त्वस्य महत्त्वम् –

नक्षत्रेषु प्रकाशकत्वं कान्तिमत्त्वं च सोमस्य (Hydrogen) सत्तयैव वर्तते। सोम (Hydrogen) एव तेषाम् अधिष्ठाता राजा च। तत्र सोमो वाष्परूपेण (Gas) वर्तते।

(क) **अथो नक्षत्राणाम् एषाम् उपस्थे सोम आहित:।** अथर्व. १४.१.२

(ख) **शकधूमं नक्षत्राणि यद् राजानम् अकुर्वत।** अथर्व. ६.१२८.१

सूर्ये वाष्पद्वयस्य अस्तित्वम् –

यजुर्वेदे स्फुटम् एतत् प्रतिपाद्यते यत् सूर्ये उच्चशक्तियुक्तम् (उद्वयसम) वाष्पद्वयं वर्तते। वाष्पद्वयस्य निर्देश: 'अपां रस:' 'अपां रसस्य यो रस:' इति वचनेन क्रियते। 'अपां रस:' जलस्य सारभाग: सूक्ष्मरूपो वा Hydrogen gas वर्तते। 'अपां रसस्य यो रस:' जलसारभागस्यापि साररूप: सूक्ष्मरूपो वा Helium वर्तते। सूर्ये नवति–प्रतिशतं 'हाइड्रोजन' वर्तते, अष्ट–प्रतिशतं च 'हीलियम गैस' वर्तते। मन्त्रे 'सूर्ये सन्तम्' इत्यनेन सूर्ये उच्चशक्तिसमन्वितस्य वाष्पद्वयस्य सत्ता निर्दिश्यते।

सूर्य परितो वाष्पसमूह: –

ऋग्वेदे दीर्घतमस ऋषे: कथनम् अस्ति यद् मया योगदृष्ट्या सूर्य परित: उच्चशक्तिसंपन्नो वाष्प (Gas)–समूहो दृष्ट:। 'शकमयं धूमम्' इत्यनेन महाशक्तियुक्तं वाष्पं निर्दिश्यते।

शकमयं धूमम् आराद् अपश्यम्
विषूवता पर एनावरेण। ऋग्. १.१६४.४३

सूर्ये कालिमा (Spots)–

ऋग्वेदे वर्ण्यते यत् सूर्यस्य चक्षु: (मण्डलम्) रजसा आवृतम् (धूलियुक्तम्) वर्तते। वैज्ञानिकै: तथ्यमेतत् स्वीक्रियते।

सूर्यस्य चक्षू रजसैत्यावृतम्। ऋग्. १.१६४.१४

सप्त महासूर्या: (7 Solar Systems)

अथर्ववेदे संसूच्यते यद् ब्रह्मणि सप्त सूर्याणां सहैव वासोऽस्ति। एतेन विज्ञायते यत् सप्त महासौरमण्डलं वर्तते। तांड्य–महाब्राह्मणेऽपि सप्तसूर्याणाम् उल्लेख: प्राप्यते।

यस्मिन् सूर्या अर्पिता: सप्त साकम्। अथर्व. १३.३.१०
सप्त आदित्या:। तां. महा. २३.१५.३

आकर्षणशक्ति: (Law of gravitation)-

वेदेषु आकर्षणशक्ते: स्पष्टम् उल्लेख: प्राप्यते। सर्वेषु परमाणुषु आकर्षणशक्ति: वर्तते। सर्वे

परमाणवः अन्योन्यम् आकर्षन्ति।

एको अन्यत् चकृषे विश्वमानुषक्। ऋग्. १.५२.१४

सूर्यः पृथिवीम् आकर्षणशक्त्या धारयति।

दाधर्थ पृथिवीम् अभितो मयूखैः। यजु. ५.१६
सविता यन्त्रैः पृथिवीम् अरम्णात्। ऋग्. १०.१४९.१

आकर्षणशक्त्यैव सर्वाणि नक्षत्राणि द्यावाभूमी च स्वस्थाने प्रतिष्ठितानि सन्ति।
स्वर्णरम् अन्तरिक्षाणि रोचना,
द्यावाभूमी पृथिवीं स्कम्भुरोजसा। ऋग्. १०.६५.४

सूर्यकिरणेभ्यो विद्युत्प्रवाहः (Electro-magnetic Radiation) –

ऋग्वेदे वर्ण्यते यत् सूर्यकिरणैः सह मित्रावरुणौ एकस्मिन्नेव रथे चरतः। मित्रो धनात्मक आवेशः (Positive charge) वरुणश्च ऋणात्मक आवेशः (Negative charge)। तौ संगत्य विद्युत–प्रवाहम् (Electro-magnetic Radiation) कुरुतः। तत एव विद्युत्–चुम्बकीय–तरंगाः (Electro-magnetic waves) प्रवहन्ति। मन्त्रे च 'अयः शीर्षा' पदं चुम्बक शक्ति द्योतयति।

(क) **मित्रावरुणा......रथर्यतः साकं सूर्यस्य रश्मिभिः।** ऋग्. ८.१०१.१–२
(ख) **प्र यो वां मित्रावरुणाऽजिरो दूतो अद्रवत्।**
अयः शीर्षा मदेरघुः। ऋग्. ८.१०१.३

ऊर्जाया द्रव्यस्य चान्योन्यरूपेण परिवर्तनम् (Conservation of mass and energy)

ऋग्वेदे सिद्धान्तस्यास्य सूत्रम् उपलभ्यते। अदितेः (प्रकृत्याः, Mass) दक्षः (ऊर्जा,) अजायत। दक्षात् (ऊर्जायाः) च अदितिः (प्रकृतिः) अजायत। सिद्धान्तस्यास्य अभिप्रायोऽयं यद् द्रव्यमेव ऊर्जारूपं धत्ते, ऊर्जा च द्रव्यस्य रूपम्। एतदेव आइन्स्टाइन–महोदयेन प्रतिपाद्यते–$E=mc^2$

अदितेर्दक्षो अजायत, दक्षादु–अदितिः परि। ऋग्. १०.७२.४

महद् उल्बम् (Ozone Layer)– ऋग्वेदे अथर्ववेदे च 'महद् उल्बम्' इत्यनेन ओजोन–स्तरस्य निर्देशः क्रियते। गर्भस्थ–शिशु–रक्षणाय यथा 'उल्बम्' भवति, तथैव भू–रूप–रक्षणाय परमात्मना एतद् महद् उल्बं रचितम् अस्ति। स्थविरं स्थूलरूपम् एतदस्ति। अस्य रूपं च हिरण्ययं सुवर्णाभं वर्तते।

(क) **महत् तदुल्वं स्थविरं तदासीद्**
येनविष्टितः प्रविवेशिथापः। ऋग्. १०.५१.१
(ख) **तस्योत जायमानस्य–**
उल्ब आसीद् हिण्ययः। अथर्व. ४.२.८

जले अग्नीषोमयोः (Oxygen and Hydrogen) अस्तित्वम्–

अथर्ववेदे प्रतिपाद्यते यद् जले अग्निः (Oxygen) सोमश्च (Hydrogen) विद्यते।

अग्नीषोमौ बिभ्रति–आप इत् ताः। अथर्व. ३.१३.५

जल–निर्माण–सूत्रम् :–

ऋग्वेदे जल–निर्माण–सूत्रम् उपलभ्यते यद् मित्र–वरुणयोः संमेलनेन जलोपलब्धिर्भवति। आधुनिकं विज्ञानसूत्रं वर्तते–H_2O । हाइड्रोजन–गैसस्य कणद्वयम्, ऑक्सीजन–गैसस्य चैकः कणः, एकस्मिन पात्रे स्थापिते विद्युत्–तरंग–प्रवाहेण तद् जलं भवति। मन्त्रे तु निर्दिश्यते यद् जलार्थ मित्रं (Oxygen) वरुणं (Hydrogen) च गृहाण।

मित्रं हुवे पूतदक्षं वरुणं च रिशादसम्।
धियं घृताचीं साधन्ता। ऋग्. १.२.७

वृक्षेषु अवितत्त्वम् (Chlorophil) :– वनस्पति–विज्ञानदृष्ट्या महत्त्वपूर्णं तथ्यमेकम् अथर्ववेदे प्राप्यते। तत्र स्फुटमेतद् उच्यते यद् अवितत्त्वस्य सत्तयैव वृक्षा वनस्पतयश्च हरिताः सन्ति। रक्षार्थकाद् अवधातोर्निष्पन्नोऽयम् अविशब्दो जीवनरक्षकतत्त्वं निर्दिशति। विज्ञानदृष्ट्या एतत् क्लोरोफिल् (Chlorophyil) इति कथ्यते।

अविर्वै नाम देवता–ऋतेनास्ते परीवृता।
तस्या रूपेणेमे वृक्षा हरिता हरितस्रजः। अथर्व. १०.८.३१

वृक्षेषु जीवत्वम्– अथर्ववेदे निर्दिश्यते यद् वृक्षा अपि सजीवाः। तेऽपि प्राणन्ति श्वसन्ति च।

महद् ब्रह्म.......येन प्राणन्ति वीरुधः। अथर्व. १.३२.१

वृक्षास्तिष्ठन्त एव स्वपन्ति। ते सजीवा इव शयनक्रियां कुर्वन्ति।

अस्थुर्वृक्षा ऊर्ध्वस्वप्नाः। अथर्व. ६.४४.१

वृक्षाः प्राणवायुम् उद्गिरन्ति। सामवेदे कथ्यते यत् ते समानवायुम् (Oxygen) उद्गिरन्ति।

तमित् समानं वनिनश्च वीरुधो
अन्तर्वतीश्च सुवते च विश्वहा।

एवं सुकरम् एतद् वक्तुं यद् वेदेषु शतशो विज्ञान–सूत्राणि वर्तन्ते।

पद्मश्री डॉ. कपिलदेव द्विवेदी
निदेशक
विश्वभारती अनुसंधान परिषद्
ज्ञानपुर (भदोही)

वेदों का पुरुषार्थ प्रेरित यथार्थवाद तथा उनका सार्वभौम स्वरूप

आर्य जीवन में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इस पुरुषार्थ चतुष्टय को मानव का चरम लक्ष्य या साध्य कहा है। आर्य शास्त्रों में 'धर्म' शब्द का प्रयोग विविधार्थ–बोधक तथा विभिन्न संकेत देते हुए हुआ है। कहीं पर इसे कर्त्तव्य का बोधक तो अन्यत्र व्यक्ति, वस्तु या पदार्थ का स्वभाव– बोधक माना है। नैतिक मानदण्डों के लिए भी 'धर्म' शब्द का प्रयोग मिलता है। धर्मपूर्वक अर्थोपार्जन और वित्त संचय को ही श्रेयस्कर कहा गया है। इसी प्रकार सांसारिक कामनाओं को पूरा करना मनुष्य के लिए हितकारी माना गया है। मोक्ष या निश्रेयस प्राप्ति मनुष्य का परम पुरुषार्थ है। इसे प्राप्त कर सांसारिक दु:खों और कष्टों से त्राण पाना मनुष्य के लिए अभीष्ट कहा गया है।

आर्य शास्त्रों में पुरुषार्थ चतुष्टय की व्याख्या करते हुए विभिन्न सिद्धान्तों का प्रतिपादन हुआ है। आध्यात्मिक और पारलौकिक उन्नति के लिए धर्मशास्त्रों में मनुष्य के लिए करणीय नाना प्रकार के कर्त्तव्यों कर्मों का विधान किया गया है। मनु, शुक्र, कामन्दक और कौटिल्य आदि मनीषियों ने मानव जीवन के भौतिक और आर्थिक पहलू को व्याख्यात करने के श्लाघनीय प्रयास किये है। काम–तत्त्व की मीमांसा के भी भूरिश: उद्योग हुए हैं। उपनिषद्, वेदान्त आदि के माध्यम से मोक्ष शास्त्रों की व्याख्या और विवेचना हुई है।

हमारे देश का मध्यकालीन इतिहास इस बात का साक्षी है कि पराधीनता के पाशों में जकड़े जाने के पश्चात् भारत के जन–समुदाय में हताशा, निराशा, दैन्य, आत्मग्लानि और विषाद के घातक कीटाणुओं ने प्रवेश कर हमारी जीवन शक्ति को ही समाप्त कर दिया था। राजनैतिक दासता का अवश्यम्भावी परिणाम था मानसिक और बौद्धिक गुलामी की शृंखलाओं मे देशवासियों का बंध जाना। फलत: देशवासी अपने जीवन में पुरुषार्थ, परिश्रम, उद्यम और कर्मण्यता जैसे दैवी भावों को भूलने लगे और अकर्मण्यता, पुरुषार्थहीनता, भाग्यवाद और नैराश्य के पाशों में बंध गये। वैदिक संहिताओं में मानव को आशा, उद्यम और पुरुषार्थ का जो संदेश दिया गया है, उसे भुलाकर हम स्वयं के लिए 'पापोऽहम् पाप–कर्माहम् पापात्मा पाप–सम्भव:' जैसे वाक्य बोलने लगे, आत्मा के दिव्य गुणों और शक्तियों का अवमूल्यन कर बैठे। मध्यकालीन वैष्णव भक्तों और सन्तों ने भी मानवी जीवन और मनुष्य की देह के सम्बन्ध में हीनता, दीनता और नैराश्य के भावों को ही व्यक्त किया। इसे पापों का घर, मल, मूत्र और अपवित्रता की खान तथा नितान्त हेय, जुगुप्साजनक तथा निंद्य ठहराया। सूरदास जैसे भक्त कवियों ने दैन्य भावना की अति करते हुए यहाँ तक कह दिया–

हौं सब पतितन को टीको।
और पतित सब द्यौस चारि कै,
हौं तो जनमत ही को।।

मनुष्य के शरीर के प्रति जहाँ वेदों में अत्यन्त उदात्त भाव व्यक्त किये गये हैं और उसे आठ चक्रों और नव द्वारों वाली देवताओं की अजेय और दुरतिक्रम्य अयोध्या नगरी कहा है वहाँ अवैदिक और अनार्य ग्रन्थों में इसे अत्यन्त निकृष्ट ठहराया है। कर्मफल सिद्धान्त को भी सही रूप में न समझकर हमारी दीन–हीन परिस्थिति के लिए पूर्वजन्मकृत पापों को ही दोषी माना गया और सब प्रकार के कर्म, पुरुषार्थ और उद्यम को त्यागकर भगवान् भरोसे बैठे रहने को ही श्रेयस्कर कहा गया।

युक्ति और तर्क के स्थान पर श्रद्धा, आस्था, विश्वास और अनन्य शरणागति जैसे नये शब्द और उनके अर्थ ढूँढ़े गये जबकि वेदार्थ में सर्वाधिक सहायक आचार्य यास्क ने स्पष्ट घोषणा की थी–

पुरस्तान्मनुष्या वा ऋषिष्वुत्क्रामत्सु
देवान् ब्रुवन् को नः ऋषिर्भविष्यतीति
तेभ्यः एततर्कमृषिम्प्रायच्छन्।।

अर्थात् जब ऋषिगण पृथ्वी से उठ गये तो मनुष्यों ने देवों से पूछा कि अब हमारा ऋषि कौन होगा? देवों ने उनके लिए तर्क को ही ऋषि बनाकर भेजा। मनु की इस स्पष्ट उद्घोषणा को भी हमने विस्मृत कर दिया जिसमें कहा गया था–

यस्तर्केणानुसंधत्ते स धर्मं वेद नेतरः।।

अर्थात् तो तर्क से धर्म का अनुसंधान करता है, वही वास्तविक धर्म को जान सकता है।

वेदों में जिस पुरुषार्थ युक्त यथार्थवादी धर्म की व्याख्या की गई है उसमें धर्माचरण के लिए सत्य, दृढ़ता, तप, श्रम और विवेक की आवश्यकता समझी गई है जबकि मध्यकाल में सब काम सस्ता हो गया। डॉ. सम्पूर्णानन्द के शब्दों में, सस्ते का यह अर्थ नहीं कि पैसा कम लगने लगे, वरन् यह कि ऐसे–ऐसे लटके निकल आये जिनसे बात की बात में स्वर्ग और विष्णु आदि लोक प्राप्त हो जाते हैं, सब पापों का क्षय हो जाता है, झूठ, कपट आदि को छोड़ने की कोई आवश्यकता ही नहीं रहती। आलस्य, प्रमाद, तर्कहीन आचरण और मिथ्याचारों को प्रश्रय देने वाली पौराणिक दृष्टि के अन्तर को स्पष्ट करते हुए एक विचारक ने लिखा है–'एक ओर वेदों की मीमांसा करने वाले महामुनि जैमिनि यह कहते हैं कि विश्व में सुख, दुःख, इहलोक, परलोक, केवल वेदोक्त धर्माधर्म पालन पर निर्भर करता है, यहाँ तक कि वेदों में प्रदत्त प्रेरणा को ही धर्म का प्रधान लक्षण माना गया है, वहाँ मध्यकालीन धर्म विवेचकों की दृष्टि में 'रामनवमी के दिन

जो मनुष्य (उपोषणं न कुरुते कुम्भपाकेषु पच्यते) व्रत नहीं रखता वह कुम्भीपाक नरक में पड़ता है।' एक ओर वेद कहता है–

ताद्विप्रासो विपन्यवः जागृवान्सः समिन्धते।
विष्णोर्यत् परमं पदम्।।

तपस्वी और पापरहित, जागृत योगी ही विष्णु परमात्मा के परम पद को प्राप्त करते हैं तो दूसरी ओर यह उपदेश दिया जाता है कि जो वैशाख की तृतीया को विष्णु का चरण पूजन करता है विष्णुलोक को जाता है। निश्चय ही पुराण–साहित्य इसी प्रकार की अवैदिक तथा पुरुषार्थवाद से विरुद्ध भाग्यवाद, अकर्मण्यता तथा सस्ते में अधिक लाभ प्राप्त करने की भावनाओं को प्रश्रय देता है।

वेदों में सत्, चित्, आनन्दस्वरूप परमात्मा को आराध्य और उपास्य कहा गया है--उसे ही आत्मज्ञान, शारीरिक शक्ति एवं सामाजिक बल का दाता माना गया है, जबकि मध्यकालीन आस्थाएं बचपन से ही हिन्दू को प्रत्येक जड़ चेतन के आगे मस्तक झुकाने के लिए प्रेरित करती हैं। उसे पता ही नहीं कि उसकी वेदना प्राप्त करने के अधिकारी कौन है? हर प्रकार के धातु, पाषाण और मृत्तिका से निर्मित मूर्ति, प्रत्येक चैत्य और देवल, पीपल और वट–वृक्ष, गंगा–यमुना आदि स्रोतस्विनियाँ, पुष्कर, मानसरोवर आदि जलाशय और पर्वतश्रृंग उसके पूज्य एवं उपास्य बने हुए हैं। इससे मानव जीवन और उसकी गरिमा, मर्यादा को प्रचण्ड आघात लगा है। हिन्दू को हर किसी के आगे सिर झुकाने में लज्जा नहीं रह गई। जो प्रत्येक पेड़ पत्थर के सामने घुटने टेक सकता है, वह परकीयो के आगे साष्टांग दण्डवत् करने में क्यों संकोच करेगा? हमारे भीतर व्याप्त हीन भावना इतनी अधिक थी कि हमने विदेशी, विधर्मी और प्रायः म्लेच्छ कहलाने वाले गोरे शासकों को भी 'धर्मावतार' जैसे गौरवास्पद शब्द से सम्बोधित करने में ग्लानि अनुभव नहीं की।

इस मध्यकालीन भाग्यवादी विचारधारा के विपरीत हम वेदों में उल्लिखित पुरुषार्थप्रधान विचारधारा पर चिन्तन करें तो ज्ञात होता है कि यहाँ मानव (जीव) को अत्यन्त गौरव प्रदान किया गया है। यजुर्वेद में कहा गया है–**"शुक्रोऽसि भ्राजोऽसि"** हे जीव तू शुद्ध है, तेज स्वरूप है। वेद में सन्तान के वीर और बलवान् होने की कामना की गई है–

अस्माकं वीरा उत्तरे भवन्तु।

यजु. १७/४३

वैदिक संहिताओं में आशावाद का स्वर सर्वत्र सुनाई पड़ता है। वेदों के मंत्रद्रष्टा ऋषि के शब्दों में –

मधु वाता ऋतायते मधुक्षरन्ति सिंधवः।
माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः।।

वायु हमारे लिए मधु को प्रवाहित करती है, नदियाँ मधु बहा रही है, औषधियाँ भी मधुयुक्त हैं। यहाँ तक कि दिन और रात, द्यौ और पृथिवी सर्वत्र मधुर भाव ही व्याप्त है। अन्न और वनस्पतियाँ, प्राणदाता सूर्य और दुग्ध प्रदान करने गाएं भी मधु बरसाती हैं। यहाँ हताशा और अवसाद के लिए कोई स्थान नहीं है।

वैदिक पुरुषार्थवाद का इससे बढ़कर प्रमाण और क्या होगा कि यहाँ मनुष्य को सौ वर्ष जीवित रहकर पुरुषार्थ करने की प्रेरणा दी गई है।

शतमिन्नु शरदो अन्ति देवाः।

यजु. २५/२२

तथा

तच्चक्षुर्देवहितं.....जीवेम शरदः शतम् आदि

यजु. ३६/२४

आर्य जीवन मीमांसा में धर्म के साथ अर्थ और काम को समुचित महत्त्व प्रदान किया गया है। धनोपार्जन के लिए वेद का आदेश है, 'शतहस्त समाहर सहस्र–हस्त संकिर' सैंकड़ों हाथों से कमाओं और हजार हाथों से खर्च करो। अर्थ की ही भांति काम को भी मनुष्य की सभी लौकिक प्रवृत्तियों का मूल माना गया है–

कामस्तदग्रे समवर्तत मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्।
सकाम कामेन बृहता सयोनी रायस्पोषं यजमानाय धेहि।।

अथर्व. १९/५२/१

वैदिक चिन्तन में मनुष्य जीवन की सफलता उसके सर्वप्रिय होने में मानी गई है। अतः कहा गया है–

प्रियो देवानां भूयासम्। प्रियः प्रजानां भूयासम्।
प्रियः पशूनां भूयासम्। प्रियः समानानां भूयासम्।।

अथर्व. १७/१/२–५

मनुष्य देवों, प्रजाओं, पशुओं और अपने समवयस्कों का प्यारा बने। अथर्ववेद काण्ड १०, सूक्त ३ के मंत्र १७–२५ की शृंखला में मनुष्य को कीर्ति, तेज और यश प्राप्त करने वाला कहा गया है–

यथा सूर्यो अतिभाति यथास्मिन् तेज आहितम्।
एवा मे वरणो मणिः कीर्तिं भूर्तिं नियच्छतु।।

आदि

जैसा कि हम पहले ही कह चुके हैं वेद की दृष्टि बुद्धि, विवेक और मानवी प्रज्ञा को जागृत

करती है। यहाँ अंध धारणा, मूढ़ विश्वास कूपमण्डूकत्व एवं गतानुगति के लिए कोई स्थान ही नही है। इसीलिए वैदिक उपासक अग्निस्वरूप दिव्य एवं तेजस्वी परमात्मा से उस मेधा बुद्धि की कामना करता है जो हमारे प्राक् कालीन देवों, पितरों मनीषियों और विद्वानों द्वारा धारण की जाती रही है। मेधा की यही प्रार्थना हम वरणीय वरुण, तेजोनिधान अग्नि, बलशाली इन्द्र तथा सर्वाधार धाता परमात्मा से भी करते हैं।

'यां मेधां देवगणाः' तथा 'मेधां मे वरुणो ददातु।'

यजु. ३२/१४, १५

मानवी जीवन की सार्थकता पारस्परिक आदान-प्रदान के कारण हैं। **'केवलाघो भवति केवलादी'** के सिद्धान्त का प्रतिपादन करने वाला वेद कहता है-

देहि मे ददामि ते नि मे धेहि नि त दधे।

यजु. ३/५०

तू मुझे दे और मैं तुझे दूँ। तू मुझ में उत्तम गुण धारण करा और मैं तुझे उत्तम आदर्श प्रदान करूँ।

वैदिक अध्यात्मवाद में परम तत्त्व को महान् पुरुष, आदित्य तुल्य प्रकाशमान तथा अंधकार से परे कहा गया है-

'वेदाहमेतं पुरुषं महान्तं'

यजु. ३१/१८

हमारा मध्यकालीन चिन्तन बहुत कुछ पारलौकिक फलों की कामना पर बल देता रहा जबकि वेद की दृष्टि इसी लोक में आनन्द, आमोद-प्रमोद तथा अमृत की कामना से युक्त रही-

यत्रानन्दाश्च मोदाश्च मुदः प्रमुद आसते।
कामस्य यत्राप्ता कामस्तत्र माममृतं कृधि:।।

ऋ. ९/११३/११

वैदिक जीवन मीमांसा में गृहस्थ आश्रम को सर्वत्र महत्त्व मिलता है। मिथ्या वैराग्य और संसार से पलायन की एकान्तिक दृष्टि को जब हमारे देश में महत्त्व मिला तो वर्णाश्रम की स्वस्थ मर्यादाओं का ह्रास हुआ।

नारी मुई घर सम्पत्ति नासी।
मूंड मुंडाय भये संन्यासी।।

गोस्वामी तुलसीदास की इस उक्ति का अनुसरण करने वाले खाखी, वैरागी, कनफटे जोगी, अघोरी, औघड़ तथा इसी श्रेणी के तथाकथित साधुओं से पूर्ण हमारे देश का जनसमाज त्रस्त तथा व्याकुल हो उठा। इसीलिए स्वामी दयानन्द को लिखना पड़ा- 'जो किसी ने मूर्ख अविद्या की मूर्ति न देखी हो तो खाखी जी का दर्शन कर आवे।' अविद्या, पाखण्ड, अनाचार, दुराचार और आडम्बरों

की साक्षात् प्रतिमा तुल्य ये खाखी जी वे हैं जिन्होंने इधर–उधर से पूछकर ही अठारह अध्याय गीता रगड़ मारी और गुरु एक भी नहीं किया।

किन्तु वैदिक–विधान में गृहस्थ की महिमा को निम्न प्रकार दर्शाया गया है–

इहैव स्तं मा वि योष्टं विश्वमायुर्व्यश्नुतम्।
क्रीडन्तौ पुत्रैर्नप्तृभिर्मोदमानौ स्वे गृहे।।

ऋ. १०/८५/४२

हे गृहस्थो, तुम्हारा परस्पर विरोध न हो, तुम गृहस्थाश्रम में रहते हुए पूर्ण आयु को प्राप्त करो, पुत्र और पौत्रों के साथ क्रीड़ा करते हुए अपने ही घरों में रहो और इस घर को मोद से युक्त करो। और भी कहा गया है–

समंजन्तु विश्वे देवा........।

अथर्व. १०/८५/४७

गृहस्थाश्रम में जल, घृत, दूध, रसयुक्त अन्न और सुपक्व तथा शाखाच्युत मीठे फलों की धारा प्रवाहित होती है। ये सभी पदार्थ पुरुषार्थ से ही प्राप्त होते हैं।

ऊर्जं वहन्तीरमृतं घृतं पयः कीलालं परिस्रुतम्।
स्वधास्थ तर्पयत मे पितॄन्।।

यजु. २/३४

इसी गृहस्थ में माता, पिता, पितामह, पितामही, मातामही, पितृत्व, मातुल, श्वश्रु, श्वसुर आदि पितर निवास करते हैं और उपर्युक्त रससिद्ध पदार्थों का भक्षण कर पूर्ण तृप्ति प्राप्त करते हैं।

वेद का जीवन–दर्शन व्यक्ति, परिवार समाज राष्ट्र और विश्व मानवता में सामंजस्य तथा सौमनस्य स्थापना का लक्ष्य स्थापित करता है। इसीलिए अर्थववेद के परिवार सूक्त में कहा गया है–

अनुव्रतः पितुः पुत्रो मात्रा भवतु संमनाः।
जाया पत्ये मधुमती वाचं वदतु शान्तिवान्।।

अथर्व. ३/३०/२

और

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्मा स्वसारमुत स्वसा।
समञ्च सर्वता भूत्वा वाचं वदत भद्रया।।

अथर्व. ३/३०/३

वेद में सामाजिक यथार्थवादिता इस प्रकार लक्षित होती है–

प्रियं मा कृणु देवेषु प्रियं राजसु मा कृणु।
प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्ये।।

अथर्व. १९/६२/१

तथा

रुचं नो धेहि ब्राह्मेषु रुचं राजसु नस्कृधि।
रुचं विश्येषु शूद्रेषु गयि धेहि रुचारुचम्।।

यजु. १८/४८

वैदिक समाजवाद में लोगों के भोजनालयों और पानी पीने के स्थानों में भी समानता तथा एकता के लिए आह्वान है—

समानी प्रपा सह वोऽन्नभागः समाने योवत्रे सहवो युनज्मि।

अथर्व. ३/३०/६

विश्व विधाता ने हम मनुष्यों को एक ही कर्त्तव्य के धुरे से बांधा है। इसलिए अथर्ववेद का यह मंत्र एक—दूसरे के प्रति पूर्ण सहृदयता, सौमनस्य तथा स्नेह दिखलाने की आवश्यकता पर बल देता हुआ कहता है—

सहृदयं सामन्यस्यमविद्वेषं कृणोमि वः।
अन्यो अन्यमभि हर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या।।

अथर्व. ३/३०/१

सद्यः जात वत्स के प्रति गाय का जैसा वत्सल भाव होता है उसी प्रेम भावना से समाज के लोग एक दूसरे के प्रति स्नेह, सहानुभूति और सौमनस्य का व्यवहार रखें।

वैदिक पुरुषार्थवाद के अन्तर्गत परिश्रमपूर्वक अर्थोपार्जन को ही महत्त्व दिया गया है। ऋग्वेद के ऐतरेय ब्राह्मण में रोहित के प्रति इन्द्र के उपदेश में कहा गया है—

हे रोहित, हमने सुना है कि जो यात्रा नहीं करता, उसको श्री नहीं मिलती। इन्द्र उसी का सखा है जो निरन्तर विचरण करता है। अतः चरैवेति चरैवेति। इसी प्रकरण में आगे कहा गया— बैठे हुए का भाग्य बैठता है, खड़े हुए का खड़ा रहता है, जो पड़ा रहता है, उसका भाग्य भी पड़ा रहता है, किन्तु जो विचरता है, उसका भाग्य भी चलता है। अतः चरैवेति चरैवेति। तथा कलि जमीन पर पड़ा रहता है, द्वापर अंगड़ाई लेने के तुल्य है, त्रेता खड़ा रहता है। सतयुग चलता रहता है, इसलिए चरैवेति।

नाना श्रान्ताम श्रीरस्तीतिरोहित श्रुश्रुम।
पापोनृषद्वरोजन इन्द्र इच्चरतः सखा।

चरैवेति

आस्ते भगआसीनस्यार्ध्वस्तिष्ठतितिष्ठतः
शेते निपद्यमानस्यचरातिचरतो भ्रश्चरैवेति।
कलिः शयानो भवति संजिहानस्तुद्वापरः।
उत्तिष्ठस्त्रेता भवति कृतं संपद्यते चरन्।।

चरैवेति—चरैवेति

वैदिक पुरुषार्थवाद की अवधारणा जहाँ मनुष्य को निरन्तर कर्म करने के लिए प्रेरित करती है, और

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः।
एवं त्वयिनान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे।।

के रूप में सौ वर्ष पर्यन्त कर्मठ जीवन यापन करने की प्रेरणा देती है वहाँ अवैदिक विचारधाराओं में आत्मपीड़न, देहदण्डन, संसार से पलायन और सामाजिक दायित्वों से विमुख होने की सीख दी गई है। पौराणिक धाराणाएं मनुष्य की इन्द्रियों की निन्दा करती है और उन्हें विषय लम्पट कह कर उनके मिथ्या दमन की बात करती है। जबकि वेदों में कानों से भद्र सुनने, नेत्रों से भद्र दृश्यों को देखने तथा अपने अंगों को सुदृढ़ तथा स्थिर बनाने का उपदेश दिया गया है—

भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षमिर्यजत्राः।

यजु. २५/२१

मनुष्य जीवन को पापपूर्ण, पाप से उत्पन्न, पापाचार कहने वाली मध्यकालीन अवधारणा के विपरीत वेदों ने पाप का तिरस्कार करते हुए अपने उदात्त स्वर को निम्न प्रकार से मुखरित किया—

परोपेहि मनस्पाप किमशस्तानि शंससि?

अथर्व. ६/४५/१

हे मन में आने वाले पाप, तू मुझ से दूर हो जा।

वेद मंत्रों में जिस दिव्य वातावरण का निर्माण किया गया है वह हमें मानव जीवन की क्षुद्रता से दूर ले जाकर देवताओं की सी सुमति प्राप्त करने तथा देवताओं के सख्य में विचरने की प्रेरणा करता है—

देवानां भद्रा सुमतिर्ऋजूयतां।

तथा

देवानां सख्यमुपसेदिमा वयम्।

इसी प्रकार वयं देवानां सुमतौ स्याम कहकर मनुष्य को देवों की सुबुद्धि में ही रहने के लिए कहा गया है।

वस्तुत: वैदिक जीवन—मीमांसा धर्म और अर्थ, अध्यात्म और भौतिकता, श्रेय और प्रेय, इहलोक और परलोक के बीच समुचित सामंजस्य और समन्वय पर बल देती है। वेद में कृषि कर्म को ही श्रेयस्कर माना है क्योंकि कृषि श्रम, पुरुषार्थ और अध्यवसाय पर आधारित है जबकि द्यूत क्रीड़ा को वेद में गर्हित माना है। ऋग्वेद के दशम मण्डल का द्यूत सूक्त जुआरी की अभिशाप भरी कहानी तथा उसके पश्चात्तापपूर्ण उद्गारों से युक्त एकालाप है। निष्कर्षत: वेद ने कहा—

अक्षैर्मा दीव्य: कृषिमित्कृषस्व।

हे मनुष्य, तू अक्ष क्रीड़ा जैसा पुरुषार्थहीन कार्य मत कर अपितु श्रमयुक्त कृषि—कर्म में जुट जा।

वैदिक यथार्थवाद मनुष्य को अपने राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य पालन के लिये उन्मुख करता है। राष्ट्रीय भावनाओं से ही अनुप्राणित होकर स्वामी दयानन्द ने स्वराज्य की अर्चना करने का उपदेश दिया, माता—पिता के समान सुखदायक तथा पक्षपात शून्य विदेशी राज्य की तुलना में स्वदेशी राज्य को वरीयता प्रदान की तथा आर्याभिविनय जैसे भक्ति भावापन्न ग्रन्थ में वेद मंत्रों का अर्थ करते हुए परमात्मा से आर्यों के अखण्ड, चक्रवर्ती, सार्वभौम साम्राज्य की स्थापना तथा स्वदेश को पराधीनता के पाशों से मुक्त करने की कामना व्यक्त की।

अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त (१२/१) में मातृ—भूमि की महिमा, उसके नैसर्गिक सौन्दर्य तथा उसमें रहने वाले मनुष्यों की भाषा, संस्कृति, कला, जीवन पद्धति, विचार सम्पदा तथा भाव सम्पत्ति का जैसा हृदयग्राही चित्रण मिलता है वैसा अन्यत्र संसार के किसी साहित्य में दुर्लभ ही है। **'माता भूमि: पुत्रोऽहम्पृथिव्या:'** की घोषणा करने वाला राष्ट्र का नागरिक और भूमि का पुत्र इस धरती को विश्वम्भरा, वसुधानी, हिरण्यवक्षा तथा प्रतिष्ठा जैसे सम्बोधनों से सम्बोधित करता है। इस धरती की शिलाएं, प्रस्तर खण्ड तथा धूलिकण सब कुछ उसके लिए सुखद बन जाते हैं। यहाँ के वृक्ष और वनस्पतियां, यहाँ की लोहित, कृष्ण और बभ्रु वर्णयुक्त धरा उसके लिए आदरणीय और वंदनीय है। यही वह धरती है, जिस पर उसके पूर्वजों ने विचरण कर अपने वीरतापूर्ण और गौरवयुक्त कृत्य किये थे। यहीं पर उन्होंने आसुरी संस्कृति को पराजित किया था— **यस्या पूर्वे पूर्वजना विचक्रिरे यस्या देवा असुरानभ्यवर्तयन्।**

यही पृथ्वी गौ, अश्व और अन्य प्राणियों की शरणदात्री है—**गवामश्वानां वयसश्च विष्ठा।** अत: हम इसी मातृ—भूमि से ऐश्वर्य और वसु की कामना, याचना करते हैं— **भगं वर्च: पृथिवी नो दधातु।**

जिस धरती पर किये पूर्वजों के नृत्यों और गीतों की ध्वनि आज भी हमारे कर्ण—कुहरों में समाई हुई है, वैदिक ऋचाओं का गान करने वाले ऋत्विकों के स्तोत्र पाठ और सामगान आज भी हमारे मनों में पूत भावनाओं का संचार करते हैं, वह पृथ्वी हमारे शत्रुओं को पराभूतकर हमें

अभय बनाये। ६३ मंत्रों का प्रभविष्णु शैली में लिखा गया धरतीमाता का यह गीत वेद के अत्यन्त ओजस्वी एवं उदात्त स्थलों में से एक है।

राष्ट्र रक्षा, राष्ट्र संचालन तथा सुशासन के कतिपय महत्त्वपूर्ण सूत्र वेदों में उल्लिखित हुए हैं। अथर्ववेद में सभा और समिति को प्रजापति की दुहिताएं बताया है और ऋग्वेद का संज्ञान सूक्त मनुष्यों के मंत्र, समिति, मन, चित्त, आकृति और हृदय में एकतानता स्थापित करने के लिए कहता है और एक साथ चलने, एक ही वाणी का उच्चारण करने और मनों को एक—सा रखकर देवों के आचरण का अनुकरण करने का उपदेश देता है। राष्ट्रार्चन तथा अभ्युदय के लिए जैसे स्वर्णिम सूत्र हमें वैदिक साहित्य में उपलब्ध होते हैं वैसे वैदिकेत्तर साहित्य में तो सर्वथा दुर्लभ ही हैं।

वेद की प्रेरणाएं और वेद के उपदेश देश, काल, सम्प्रदाय, वर्ण, लिंग की कृत्रिम सीमाओं का अतिक्रमण कर सार्वजनीन सौहार्द, सार्वदेशिक भ्रातृभाव तथा दिव्य मनुष्यत्व की प्रतिष्ठापना करते हैं। यही कारण है कि वेदों में इस समस्त विश्व—प्रपंच को परमात्मा से परिपूर्ण ईश का आवास कहा गया है— **ईशावास्यं इदं सर्वं।**

इसी पुनीत और व्यापक आस्तिक भाव को जब मनुष्य अपने भीतर धारण कर लेता है तो वह स्व और पर के भेद को भूल जाता है और इस स्थिति में—

यस्मिन् सर्वाणि भूतानि आत्मन्यैव पश्यति।
सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विचिकित्सति।।

जब सब प्राणियों को अपने जैसा और अपने को अन्यों के तुल्य मान लिया तो न तो कोई विचिकित्सा ही शेष रहती है और न मोह एवं शोक के लिए ही अवकाश रहता है—आत्मा के एकत्व को देखने वाले के लिए शोक और मोह की गुंजाइश ही कहाँ रहती है— **तत्र को मोहः कः शोकः एकत्वमनुपश्यतः।।**

यही विराट् मानववाद **मित्रस्य चक्षुसा समीक्षामहे** की बात कहता है और अनार्य भावनाओं का विनाश कर विश्व को आर्य—श्रेष्ठ बनाने के लिए प्रेरित करता है— **इन्द्रं वर्धन्तोऽप्तुरः कृण्वन्तो विश्वमार्यम्।**

वस्तुतः वैदिक पुरुषार्थवाद की पुनः प्रतिष्ठा से ही विश्व मानव की सुरक्षा और उसका अभ्युत्थान सुनिश्चित किया जा सकेगा। वैदिकेतर तांत्रिक, पौराणिक, मध्यकालीन गलदश्रु भावुकता से परिपूर्ण भक्तिवाद और संसार को मिथ्या और आभास मात्र बताने वाले मिथ्या वेदान्तवाद ने मानव का अहित ही किया है, यह हमारी सुदृढ़ धारणा है।

वेदों का सार्वभौम (सम्प्रदाय निरपेक्ष) स्वरूप

विश्व साहित्य में वेदों को संसार के प्राचीनतम ग्रन्थ स्वीकार किया गया है। उनका

आविर्भाव मानव सृष्टि के आरम्भ में उस समय हुआ जब किसी वर्ग, वर्ण सम्प्रदाय, जाति अथवा राष्ट्र के आधार पर मनुष्य जाति का विभाजन नहीं हुआ था। मनुष्य की सार्वत्रिक उन्नति के लिए अभीष्ट, जो कुछ भी वेदों में कहा गया है वह मानव के व्यापक हित का प्रयोजक है। इसी परिप्रेक्ष्य में हम मूलत: यजुर्वेद को आधार बनाकर वेदों के सार्वभौम रूप की चर्चा करेंगे।

वेदों में सत्य को परम धर्म तथा परम व्रत कहा गया है। सत्याचरण की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। वाणी, मन और कर्म से यथार्थ का अनुसरण और आचरण ही सत्याचरण है। इसी अभिप्राय को अग्ने व्रतपते व्रतं चरिष्यामि (१/५) में अभिव्यक्त किया गया है। मनुष्य का सबसे बड़ा व्रत यही है कि वह अनृत को त्यागकर सत्य को धारण करे। सत्या: सन्तु यजमानस्य कामा: (१२.४४) में भी सत्य के प्रति इसी आस्था को व्यक्त किया गया है। वेदों के अद्वितीय प्रवक्ता और व्याख्याता दयानन्द सरस्वती ने सत्य के महत्त्व को स्वीकार करते हुए आर्यसमाज के नियमों में सत्य को बार–बार उल्लिखित ही नहीं किया अपितु सत्य और असत्य को विचार करके निर्धारण करने पर भी बल दिया है।

मनुष्य विचारशील प्राणी है। वह ज्ञान से युक्त है और ज्ञान की अदम्य लालसा उसका एक आवश्यक गुण है। ज्ञान के द्वारा बुद्धि की शुद्धि होती है, यह मनु की प्रसिद्ध युक्ति है। इसी बुद्धि को शुद्धि, पवित्र, तेजोयुक्त और शुभ कर्मों की प्रेरणादात्री बनाने की प्रार्थना उस प्रसिद्ध गायत्री मंत्र में की गई है जो यजुर्वेद में एकाधिक बार आया हैं। सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्पादक, विश्वविधाता सविता देव से हम उस अपूर्व भर्ग–तेज की याचना करते हैं जो हमारी बुद्धियों को शुभ कर्मों की ओर प्रेरित करता है। बुद्धि का एक अन्य पर्याय अथवा भेद मेधा है। वेदों में मेधा जनन तथा मेधा प्राप्ति विषयक अनेक उदात्त विचार व्यक्त हुए हैं। यां मेधां देवगणा: (३२/१४) तथा मेधां मे वरुणो ददातु (३२/१५) आदि मन्त्रों में मनुष्य के लिए उस मेधा की कामना की गई है जो हमारे पुराकालीन पूर्वजों और देवगणों को प्राप्त थी तथा जिसकी उपासना उन्होंने अतीत में की। वैसी ही मेधा प्राप्त कराने की कामना यदि आज का मानव भी करे तो यही उसके लिये श्रेयस्कर है।

वस्तुत: वैदिक संस्कृति ही विश्व संस्कृति है। उसमें ही मानव का सर्वांगीण हित निहित है। इस मानवीय संस्कृति को यजुर्वेद ने 'प्रथमा संस्कृति' तथा 'विश्ववारा संस्कृति'(७/१४) कहा है। इस संस्कृति के प्रवर्तक स्वयं परमात्मा हैं, जिनकी व्यवस्था के अधीन संसार में मानव सृष्टि का प्रसार होता है और जीवात्माएं स्वकल्याण हेतु पुरुषार्थ युक्त होकर प्रयत्नशील होती हैं। वेद की इसी सार्वभौम शिक्षा को अग्ने नय सुपथा (७.४३,४०१) जैसे मंत्रों में व्यक्त किया गया है। यहाँ अग्रगन्ता, अग्रणी नेता अग्नि परमात्मा से ही प्रार्थना की गई है कि वह हमें ऐश्वर्य तथा सार्वत्रिक सुख प्राप्त कराने के लिये सुपथगामी बनाये। वस्तुत: मनुष्य के नेतृत्व की चरम क्षमता उस अग्नि परमात्मा में ही है जो सब प्रकार के दोषों से रहित, स्खलनों से मुक्त तथा

परिपूर्ण आदर्श युक्त हैं। इस प्रकार की शिक्षाओं की विद्यमानता ही वेदों के सार्वभौम होने का स्पष्ट प्रमाण है।

वेदों में राष्ट्रभक्ति, मातृभूमि के प्रति प्रेम आदि की भी चर्चा है, किन्तु यह राष्ट्रभावना किसी भौगोलिक सीमाओं से आबद्ध देश विशेष के प्रति व्यक्त नहीं की गई। नमो मात्रे पृथिव्ये (९/२२) कहकर जहाँ मातृभूमि की वन्दना की हैं, वहाँ वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिता: (९/२३) कहकर राष्ट्र रक्षा में तत्पर स्वदेश हितैषी पुरोहित वर्ग को जागृत करने का सन्देश भी दिया गया है। राष्ट्रभक्ति और धरती माता की आराधना का यह व्यापक, उदात्त और ओजस्वी भाव अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में जिस महनीय शैली में वर्णित हुआ है उसकी विवेचना पृथक् स्थल की उपेक्षा रखती है। वेद मन्त्रों में यत्र–तत्र वरुण के व्रतों की चर्चा आई है। वरुण परमात्मा की उस शक्ति का वाचक है जो स्वयं व्रतपति, व्रतों का रक्षक तथा अन्यों से उनका पालन कराने वाला है। वरुण पाशों (नियम और अनुशासन) से सारे चराचर जगत का धारण, पोषण और संचालन हो रहा है। वेदों में आये वरुण के वे सभी मंत्र उच्च आध्यात्मिक भावापन्न होने के कारण मनुष्य में नैतिकता को उत्तेजित करने वाले तथा उसके चारित्रिक स्तर को उठाने वाले हैं। इसीलिए 'इमं मे वरुण श्रुधि' आदि मंत्रों में वरुण से निवेदन किया गया है कि वह हमारी प्रार्थनाओं को सुने और हमारे प्रति अनुकम्पा करे। वरुण देवता के मंत्रों में आध्यात्मिकता का जैसा उच्च स्तर और स्वर दिखाई और सुनाई पड़ता है वैसा विश्व साहित्य में अन्यत्र दुर्लभ ही है।

वेदों का उद्बोधन और सम्बोधन भी समग्र मानवता के लिये हैं। उसकी दृष्टि में सभी मनुष्य परमात्मा के दिव्य अमृत पुत्र हैं–**'श्रृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्रा आ ये धामनि दिव्यानि तस्थु:** (११/५) आदि मन्त्रों में इसी भाव को व्यक्त किया गया है। वेदों में व्यक्त सार्वभौम भाव तथा उसमें निहित चिन्तन इस मान्यता पर आधारित है कि परमात्मा रचित यह सृष्टि मनुष्य के हित, कल्याण और मंगल के लिये ही निर्मित की गई है। यदि आत्मिकता के इस सर्वोच्च भाव को हम अपने में जगाने में समर्थ हो जावे और सर्वभूतेषु चात्मानं (४०/६) को चरितार्थ करें तो सृष्टि में हमें सर्वत्र मधुरता, मादकता और प्रसन्नता छलकती दिखाई देगी। उस स्थिति में "मधु वाता ऋतायते मधुक्षरन्ति सिंधव:। माध्वीर्न: सन्त्वौषधी: (१३/२७) तथा इसी प्रकार रात्रि और उषा, पृथ्वी और आकाश, द्यौ और अन्तरिक्ष, अन्न और वनस्पति, सूर्य और उसकी रश्मियाँ सभी मधुयुक्त दिखाई पड़ेगी। उसी भाव को 'द्यौ शान्तिरन्तरिक्षं शान्ति' आदि मन्त्रों में भी व्यक्त किया गया हैं वेदों में भद्र भावना के मन्त्र भी उसकी सार्वभौम शिक्षाओं के सूचक हैं।" आनो भद्रा: क्रतवो यन्तु विश्वत: तथा भद्रो अग्निराहुत: भद्रा राति: सुभग भद्रो अध्वर: (१५/३८) जैसे मन्त्रों में यही भद्र भावना और भद्र कामना दर्शायी गई हैं वेद अज्ञानान्धाकार का नाश कर समस्त विश्व को ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित और उद्भासित करने में विश्वास रखते हैं। अत: यजुर्वेद (१५/५८) में 'विश्वं ज्योतिर्यच्छ' कहकर संसार को दिव्य ज्योति प्रदान करने की बात कही गई है। पुरुषाध्याय का प्रसिद्ध मन्त्र 'वेदाहमेतं पुरुषं महान्तं' आदित्य वर्ण, अन्धकार से परे उस दिव्य

और महान् पुरुष को जानने की बात करता है जिसका ज्ञान करके ही मृत्यु का प्रतिवाद किया जा सकता है और अमृत की प्राप्ति सम्भव है। वेद की दृष्टि से इससे भिन्न मोक्ष प्राप्ति का और मार्ग नहीं है। वेद का यह आध्यात्मिक चिन्तन सार्वजनीन है।

यजुर्वेद का रुद्राध्याय स्थावर और जंगम जगत् की एक रोचक झाँकी प्रस्तुत करता है। यहाँ सभा है तो सभापति भी है, गण है तो गणपति भी है। सेना और सेनानी, रथी और अरथी, कुलाल, कर्मकर निषाद, श्वान और श्वपति ह्रस्व और वामन, वृद्ध और युवा, ज्येष्ठ और कनिष्ठ, पूर्वज और अपरज, मध्यम और जघन्य, कवचधारी और वर्मदारी, धनुषधारी और इक्षुधारी ये सब जीव जगत् की एक विचित्र और बहुरंगी झलक दिखाते हैं।

वेदों में प्रतिपादित आध्यात्मिक और दार्शनिक भाव भी परवर्ती साम्प्रदायिक आस्थाओं, उपासना तथा पूजा पद्धतियों के सर्वथा विपरीत विश्वजनीन अनुभूतियों से उक्त हैं। **'विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो बाहुरूतविश्वतस्पात्। सः बाहुभ्यां धमति सपतत्रैर्द्यावाभूमि जनयन् देव एक'** कहकर वेद जहाँ सुदृढ़ एकेश्वरवाद का प्रतिपादन करते हैं वहाँ उसी सर्वोच्च सत्ता को समस्त प्राणियों का चक्षु, मुख, बाहु एवं पाद के रूप में कल्पित कर कालान्तर में विकसित होने वाले सर्वात्मवाद भूमिका भी बना देते हैं। 'विश्वकर्मा विमना' (१७/२६) तथा 'यो देवानां नामधा एक एव' (१७/२७) जैसे मन्त्रों से बहुदेवतावाद का निरसन होता है तो "न तं विदाथ य इमा जजान" (१७/३१) में परमात्मा को संसार का रचयिता, जीवात्मा से पृथक् किन्तु उसका अन्तर्यामी कहा गया है। अविद्या रूप नीहार से आवृत्त, नाना प्रकार की दार्शनिक कल्पना से लीन मात्र इन्द्रियों और प्राणों की तृप्ति संलग्न यह जीव यदि उसे नहीं जानता तो इसके लिये किसे दोष दिया जाय?

जैसा कि हम कह आये है वेदों के वर्ण्य सार्वभौम और सार्वकालिक है। १८ वें अध्याय में विभिन्न पदार्थों, गुणों, तत्त्वों, अनुभूतियों तथा क्रियाओं को जिस विराट् फलक पर उपस्थित किया गया है, क्या उसकी विद्यमानता में कोई यह कहने का साहस कर सकता है कि वेद का लक्ष्य सार्वभौमिकता से कुछ भिन्न भी है। प्राण और अपान, वाक् और मन, चक्षु और श्रोत्र, ओज और सह, आत्मा और तनु, शर्म और वर्म, सत्य और श्रद्धा, क्रीड़ा और मोद, ऋत और अमृत, यन्ता और वर्ता, क्षेम और धृति, काम और सौमनस्य, भग और द्रविण, भद्र और श्रेय, पय और रस, घृत और मधु, रयि और राय, विभु और प्रभु, पूर्ण और पूर्णतर, भूत और भविष्य, व्रीहि और यव, माल और तिल, श्यामाक और नीवार, गोधूम और मसूर, अश्म और मृतिका, किरी और पर्वत, सिकता और वनस्पति, हिरण्य और अयस्क, लोहा और सीसा, अग्नि और आप, वीरूध और औषधि, ग्राम्य और आरण्य, भूत और भूति, कर्म और शक्ति, अग्नि और इन्द्र, साम और इन्द्र, सरस्वती और इन्द्र, पूषा और इन्द्र, बृहस्पति और इन्द्र, स्रुवा और चमस, द्रोण कलश और ग्रावा, वेदि और बर्हि, अवभृथ और स्वागाकार, अग्नि और धर्म, अर्क और सूर्य, प्राण और

अश्वमेध, अदिति और दिति, द्यौ और दिशा, व्रत और ऋतु, तप और संवत्सर, अहोरात्र और रथन्तर जैसे द्वन्द्वों (जोड़ों) का उल्लेख वेद के कथ्य को एक विराट् और विश्वजनीन भूमिका पर स्थापित कर देता है। इसी प्रकार आयुर्यज्ञेन कल्पतां आदि मन्त्रों में जिस यज्ञमय जीवन की कल्पना की गई है, वह किसी भौतिक यज्ञ क्रिया का वाचक न होकर जीवन को भौतिक धरातल से ऊपर उठाकर दिव्यता का पर्याय बनाने का संदेश देता है।

जैसा कि इस निबन्ध के आरम्भ में हमने कहा कि वेद का चरम तात्पर्य मनुष्य को सत्यान्वेषी बनाना तथा सत्य के प्रति उसके हृदय में अनन्य आसक्ति उत्पन्न करना है। इसी अभिप्राय को यजुर्वेद में इस प्रकार कहा गया है–

दृष्ट्वा रूपे व्याकरोत् सत्यानृते प्रजापतिः।
अश्रद्धामनृते दधाच्छ्रद्धां सत्ये प्रजापतिः॥

यजुर्वेद, १९.७७

प्रजापति ने सत्य और अनृत में विवेक करने की शक्ति मनुष्य को दी है। यही कारण है कि सत्य में उसकी सहज श्रद्धा और अनृत के प्रति उसकी सहज विरक्ति सर्वत्र दृष्टिगोचर होती है। मानवी इतिहास में कहीं ज्ञान और बुद्धि के चमत्कार दिखाई पड़े तो कहीं बाहुबल की विजय लक्षित हुई है। किसी युग में ब्राह्म शक्ति ने क्षात्र शक्ति को अनुशासित किया तो किसी अन्य युग में शारीरिक और पाश्विक बल हावी होकर विद्वानों, बुद्धिमानों और विचारशीलों को अपना दास एवं अनुचर बनाता रहा। वेद की समन्वयमूलक शिक्षा का ही चमत्कार है कि यहाँ ब्रह्म और क्षत्र के बीच सांमजस्य और सौमनस्य की कामना की गई है–यत्र ब्रह्म च क्षत्रं च सम्यंचौ चरतः सह॥ तल्लोकं पुण्यं प्रज्ञेषं यत्र देवाः सहाग्निना (२०/२५) कहकर पुण्य और प्रजा का निवास इस समन्वय में ही दिखाया है।

वेदों में प्रायः मातृभूमि, मातृभाषा और मातृ संस्कृति को तीन देवियों के रूप में वर्णित किया गया है। कहीं ये इडा सरस्वती 'महीतिस्रोदेवीर्मयोभुव' कह कर वर्णित है तो अन्यत्र तिस्रो देवीर्हविषा वर्षमाना सरस्वती देवी भारती (२०/४३) के रूप में प्रस्तुत की गई है। विश्व ज्ञान की सरस्वती का आराधन प्रत्येक वैदिक को इष्ट होना चाहिए, इसी तथ्य को लक्ष्य में रखकर सरस्वती सूक्त के निम्न मन्त्रों का चिन्तन अपेक्षित है– पावका नः सरस्वती आदि।

आब्रह्मणो (२२/२२) इस मन्त्र में वर्णित प्रार्थना मनुष्य जाति के सामूहिक हित, अभ्युत्थान तथा मंगलविधान के लिए लिखी है। इसमें ब्रह्मवर्चस्, युक्त ब्राह्मण, शूर और महारथ राजन्य, दूध ा देने वाली धेनु, शीघ्रगामी अश्व, सती नारी, युवा और वीर यजमान पुत्र यथा काम जल बरसाने वाले पर्जन्य तथा फलवती औषधियों की कामना वैदिक प्रार्थना की व्यापकता और सार्वजनीनता प्रदर्शित करती है। यजुर्वेद का वर्ण्य विषय मानवीय हित और मानवीय कर्त्तव्य को ही उत्तेजित नहीं करता, वह विराट् प्राणी सृष्टि और जंगम जगत् की विविधता की ओर भी हमारा

ध्यान आकृष्ट करता है। तभी तो २४ वें अध्याय में कपिंजल, कलंविक, तित्तिर, वर्तिक, ककर, विककर, शिशुमार, मण्डूक, मत्स्य, नक, हंस, वलाक, क्रौंच, चक्रवाक, कुरूट उलूक, मयूर, कपोत, पारावत, आखु, नकुल, रूरू, गौर, महिष, गवय, उष्ट्र, हस्ति, मशक, भृंग, गोमृग, मेष, मर्कट, शार्दूल, वृषभ, सुपर्ण, मत्स्य, कूर्म, गोधा, मकर, मूषिक, सर्प, शश, गर्दन, सूकर, कृकलास, शकुनि आदि के नामोल्लेख पूर्वक जलचर, खेचर तथा भूचर इस विराट् प्राणि समुदाय को वर्णित किया गया है।

वेद की शिक्षाएँ सम्प्रदाय—भेद से विरहित समग्र मानव जाति के हित की कामना से सृष्ट हैं, इसका इससे बढ़कर और प्रमाण क्या हो सकता है कि स्वयं वेद रूप इस कल्याणी वाणी के उद्घोषक परमात्मा ने ही **'यथेमां वाचं कल्याणी मावदानि जनेभ्यः'** की घोषणा--पूर्वक वेदों में वर्णित विचारधारा को ब्रह्म और राजन्य, शूद्र ओर वैश्य, आरण्यक और ग्राम्य सभी के हित की विधायक कहा है। जिस वैदिक संहिता में विश्वानि देव (३०/३) जैसी उदात्त भावना को व्यक्त करने वाले मन्त्र हों, जहाँ परमात्मा को चित्रविचित्र वस्तुओं, धन सम्पत्तियों का न्यायपूर्वक बांटने वाला मानकर उसका स्तवन किया गया हो **(विभक्तारं हवामहे क्योश्चित्रस्य राधसः। सविस्तारं नृचक्षसम्)** (३०/४) जहाँ ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, सूत, मागध शैलूष, कुलाल, कर्मार, मणिकार, इषुकार, धनुष्कार, जयाकार, निषाद, व्याघ्र, गन्धर्व, अप्सरा, गोपाल, अजपाल, सुराकार, पिशुन, क्षता, धीवर, दाश, कैवर्त, गुह, किरात, किंपुरुष, पौल्कस, हिरण्यकार, वर्णिक, अक्षराज, कितव, चरकाचार्य, अतिदीर्घ, अतिह्रस्व, अतिस्थूल, अतिशुक्ल, अतिकृष्ण, अतिलोमश, पुश्चली, क्लीव आदि नाम गिना कर मनुष्य समाज में गुण, कर्म, स्वभाव और चरित्र की वरीयता, क्षुद्रता और लघुता की दृष्टि से नाना भेदों का उल्लेख एवं कथन किया गया हो, उन वदों को किसी सम्प्रदाय—विशेष की सीमा में परिसीमित कर देना इस महनीय साहित्य के प्रति अन्याय ही होगा।

डॉ. भवानीलाल भारतीय
८/४२३ नन्दन वन,
जोधपुर (राजस्थान)

संस्कृत साहित्ये वास्तुविज्ञानम्

सृष्ट्यादौ प्रथमोन्मेषेण सहैव मानवः चयोपचयभावैः सम्पृक्तो बभूव। क्षुधा तृषापूर्त्यनन्तरम् गृहस्यावश्यकता तस्य मनसि प्रादुर्बभूव। **'मर्य इव स्व ओक्ये'** इति श्रुतिवाक्यं सहसैव तन् मुखात् निसृतोऽभवत्।

सुधियो विद्वांसो जानन्त्येव जगतः निखिलं ज्ञान विज्ञानं चतुर्षु वेदेषु सूत्ररूपेण सूक्ष्मरूपेण वा अनुस्यूतं वरीवर्ति। गृह, नगर, देवायतन निर्माणात्मकं वास्तुविज्ञानमपि वैदिक साहित्ये प्राचुर्येण वेविद्यते। गृहस्य कृते **'वास्तु'** शब्दस्य प्रथमः प्रयोगः **'ता वां वास्तून्युश्मसि गमध्यै यत्र गावो भूरि श्रृङ्गा अयासः'** इति ऋग्वेदीय मन्त्रे श्रुतिपथमुपैति।

वैदिके लौकिके वा संस्कृत साहित्ये गृहार्थसूचकाः आयतन, पस्त्या, वास्तु, हर्म्य, दुरोण, सद्म प्रभृतयः शब्दाः उपलभ्यंन्ते। एते विभिन्नाः शब्दाः गृह्यवैशिष्ट्य प्रतिपादकाः वर्तन्ते। परितः सर्वतः भित्तिभ्यः आवृतत्त्वात् गृहम् आयतनम् उच्यते। आयतनम् आश्रयो भवति विश्रामस्थानमिति वा। यथाह चाणक्यः **'नासमीक्ष्य परं स्थानं पूर्वमायतनं त्यजेत्'** इति। सुप्रसिद्धे कुमारसम्भव महाकाव्ये कविकुलगुरुः कालिदासः अस्मिन्नेवार्थे आयतन शब्दं प्रयुङ्क्ते– **'स्नेहस्तदेकायतनं जगाम'** इति। द्वारयुक्तत्वात् दुरोण उच्यते, निवासार्थे च वास्तुपस्त्याशब्दौ प्रयुज्येते। वसन्ति प्राणिनो यत्र तद् वास्तु गृहं वा। मत्स्यपुराणेऽपि वास्तुशब्दः गृहार्थे प्रयुज्यते–

वास्तु संक्षेपतो वक्ष्ये गृहादौ विघ्ननाशनम्।
ईशान कोणादारभ्य ह्येकाशीतिपदे त्यजेत्॥

वास्तोष्पतिः वास्तोर्गृहक्षेत्रस्य पतिरधिष्ठाता। **'वास्तोष्पते प्रतिजानीह्यस्मान् स्वावेशो अनमीवो भवा नः'** इति ऋग्वेदे।

गृहनिर्माणाय वंश, मृत्तिका, दारु, अश्मा, इष्टिकादीनि वस्तूनि प्रयुज्यन्ते। अथर्ववेदस्य द्वयोः सूक्तयोः गृहनिर्माण प्रक्रिया वैशद्येन वर्णिता। वैदिककालीनानां गृहाणां वैशिष्ट्य प्रतिपादने–उपमित, परिमित, प्रतिमित, सहस्रचक्षु इत्यादयः शब्दाः प्रयुक्ताः दृश्यन्ते। गृहनिर्माणाय दारूस्तम्भाः स्थाप्यन्ते स्म, तेषु तानवितान रूपेण प्रतिष्ठाप्यन्ते स्म। एतेषु तनुवंशाः स्थाप्यन्तेस्म, पुनः एतेषु छदि (छत) निर्मीयते, छदिनिर्माणार्थं तृणादि प्रयुज्यन्ते स्म। वैदिक काले राजभवनेषु सहस्रस्तम्भाः समभवन्। विशाल प्रासादे गमनागमनार्थं सहस्रद्वाराणि निर्मापयामासुः। मृण्मयानि, प्रस्तरमयानि, इष्टिकामयानि, लौहमयानि चापि गृहाणि अवर्तन्त।

वैदिक गृहेषु आवश्यकतानुसारं पृथक्–पृथक् कक्षा: अभवन्। अस्मिन् प्रसंगे हविर्धान, अग्निशाला, पत्नीनां सदनं, सदस इत्येते चत्वार: शब्दा: उपलभ्यन्ते। यस्मिन् गृहे अग्नि: प्रज्वाल्यते, विविध यज्ञकुण्डेषु देवताभ्यो हविश्चहूयते सा अग्निशाला। यत्र नित्यप्रयोगार्थं समाहृतानि वस्तूनि स्थाप्यन्ते तद् भाण्डागृहं यत्र च यज्ञयागाद्यर्थं वस्तूनि स्थाप्यन्ते तद्हविर्धानम्। यस्मिन् स्थाने नार्य: स्वातन्त्र्येण निवसन्ति स्वकार्यं च कुर्वन्ति, पुरुषागमनं यत्र निषिद्धं स्त्रियश्चावगुण्ठन रहिता तिष्ठन्ति तत् पत्नीनां सदनम्। सदस् साम्प्रतमिदं **'बैठक'** उच्यते। यत्र पुरुषा: एकत्रीभूय तिष्ठन्ति, परस्परमालपन्ति, शेरते, अन्यानि च कार्याणि कुर्वते तत् सदस।

ऋग्वेदे स्वगृहरक्षणाय भक्तै: वाष्पोष्पतिदेव: सुतरां प्रार्थ्यते–

वास्तोष्पते प्रतरणो न एधि गयस्फानो गोभिरश्वेभिरिन्दो।
अजरासस्ते सख्ये स्याम पितेव पुत्रान् प्रति नो जुषस्व।।

ऋग्वेद ७.५४.२

संस्कृत भाषाया: सुविशाले साहित्ये वैदिक संहितासु ब्राह्मण ग्रन्थेषु, उपनिषत्सु, गृहसूत्रेषु रामायण महाभारतादिषु वास्तुविज्ञानविषयकानि वर्णनानि समपलभ्यन्ते। परं गृह्य सूत्रेषु भोजरात प्रणीते समराङ्गण सूत्रधारे च वास्तु शास्त्रं सविस्तरं प्रतिपादितम्। एतेषु ग्रन्थरत्नेषु प्रतिपादितं वास्तुविज्ञानं साम्प्रतिके वैज्ञानिकयुगेऽपि मार्गदर्शकं भवितुमर्हति।

गृह्यसूत्राणां प्रमुखं प्रतिपाद्यं गृह्यकर्म एव। गृह्यसूत्रप्रोक्तानां संस्काराणां पाकयज्ञानां वा बहूनां कर्मणां सम्पादनस्थानं गृह वास्तु एव। अत: सूत्रकारा: तानि–तानि कर्माणि निर्दिश्य अन्ते वास्तुनिर्देशमपि कुर्वते।

गृहनिर्माणार्थं सर्वप्रथमं भूमि–स्थानमपेक्ष्यते। तत्स्थानं कीदृशं भवेत्? भूमि: कीदृशी स्यात्? कश्च भूखण्डस्य आकारो भवेत्? एतदेव गृह्यसूत्रेषु आदौ चिन्त्यते।

भूमि: –भूखण्डं विवाद रहितं भवेत। विवाद–रहिते भूखण्डे गृहनिर्माणं कल्याणप्रदं भवति। यथाह आश्वलायन गृह्यसूत्रकार: – अविवदिष्णु भूम–आश्व. गृ. २.७.२ अवसानां समम्। मानव गृ. २. ११.१ तत् स्थानं समतलं स्यात्। सहैव **'अविभ्रंसि'** गोभिल गृ.सू. ४.७.२ । स भूभागस्तस्या: भूमे: भागस् स्यात् यत्र विभ्रंशन संभावना न स्यात्। अस्यायमाशय: यन्नद्या: जलाशयस्य वा नातिसमीपे स्यात्, यत्र अकस्माद् भूस्खलनाशंका भवेत्। भूकम्पप्रभावितं क्षेत्रमपि त्याज्यमेव। भूखण्डचयन कालेऽवधेयमेतद् यत्तद् **'समूलम्'** मानव गृ. २.१२.१ दूर्वामूलयुक्तं स्यात्। भूमि: सरवरा तु भवेत् परं तथानुर्वरा न स्याद् यथा किञ्चिदपि नोत्पद्येत। तथा **'अनूषरम्'** आश्व. गृ. २.७.२ पूर्णत: सिकतामयी न स्यात्। बालुकामय्यां भूम्यां भवननिर्माणं सर्वथा दुष्करमेव। सा भूमि: **'ओषधिवनस्पतिवत्'** आश्व. गृ. २.७.३ औषधि वनस्पति युक्ता भवेत्। यत्र कृषिकर्म कर्त्तुं

शक्येत सा भूमि: प्रशंसनीया। अत्रेदमपि स्मरणीयं **'अक्षीरिण्योऽकण्टका अकटुका यत्रौषधय: स्यु:'** स् गोभिल गृ. २.७.२ तत्र उदुम्बर, वट, अश्वत्थादयो क्षीर स्राविणो वृक्षा: औषधयश्च मा स्यु:।

भूखण्डग्रहणकाले वास्तुविद्भिरिदं मनसि निधेयम्—भूखण्डं वर्गाकारं आयताकारं वा भवेत्। **'समचतुरस्रं मापयेत्, आयतचतुरस्रं वा'** —आश्व. गृ. २.७.११—१२ त्रिकोण, नागफणि, आकाराणि भूखण्डानि हेयानि। विशिष्टायां दशायां **'मण्डलद्वीपसम्मितं वा यत्र वा श्वभ्रा: स्वयं खाता सर्वतोऽभिमुखा: स्यु:'** वर्तुलाकारा: भूभागा अपि स्वीकरणयोग्या:, परं तेषां जलनिष्क्रमण व्यवस्था तु द्रष्टव्या एव।

'प्राच्योदीच्यो वा यत्राप: प्रवर्तेरन्' भूखण्डं तु तथा भवेत् येन जलानि पूर्वस्यामुत्तरस्यां वा दिशि प्रवहेरन्।

निर्माणम् —गृहाधारशिलास्थापन काले सुदृढ़तापूर्वकं निर्माणकार्यं कर्त्तव्यम्। स्थूणाभिश्चेन्निर्माणं क्रियते तदा गर्त्तानि निर्मीय जलंपूरयित्वा भूदृढ़ता परीक्षणपूर्वकं निर्माणं करणीयम्।

कस्मिश्चिदपि भवने शयनकक्षस्य सभाकक्षस्य भोजनकक्षस्य च प्राधान्यं भवति। अत्रेदं विचारणीयं भवति—भवनेषु स्थितिरेषां कुत्र भवेत्? शयन कक्षं तु पूर्वस्यां दक्षिण भागे स्यात्—यत्र सर्वत्रापो मध्यं समेत्य प्रदक्षिणं शयनीयं परीत्य प्राच्य: स्यन्देरन्नप्रपत्य:। अनेनैव उत्तरस्यां पाकशालानिर्माणं भवेत्। सभाकक्षस्तु गृहे उत्तरस्यां पूर्वस्यां मध्यभागे वा स्यात्। एतद्विपरीतं दक्षिणस्यामपि सभाकक्ष: निर्मातुं शक्यते। परमाश्वलायन मते एवं गृहनिर्माणेन युवा कलही, अल्पायु: कितव परायणश्च भवति। दक्षिणा प्रवणे सभां मापयेत् साद्यूता ह भवति, युवानस्तस्यां कितवा: कलहिन: प्रमायुका: भवन्ति—आश्वलायन गृह्य सूत्रम्। अत: सभाकक्ष: गृहमध्यत: उत्तरस्यां निर्मातव्य:।

यथा गृह्यसूत्रेषु वास्तुविज्ञानं तथैव समराङ्गण सूत्रधारेऽपि विज्ञानमिदं प्राध्यान्येन प्रतिपादितं वर्तते।

पुर—दुर्ग—भवन—प्रासाद—प्रतिमा—चित्र—यन्त्र—शयनासनादीनां स्थापत्यस्याष्टाङ्गानां सर्वेषां वर्णनं कृत्वा समरांगण सूत्रधार—वास्तुशास्त्रमेवास्माकं स्थापत्यस्यादिकलां परम्परां पुष्णाति।

आदिकवि: वाल्मीकि: विश्वविख्याते रामायणे सुविख्याताया: अयोध्याया: वर्णनं कुर्वाण: वास्तुशास्त्रमेव किं न प्रख्यापयति?

आयता दश च द्वे च योजनानि महापुरी।
श्रीमती त्रीणि विस्तीर्णा सुविभक्तमहापथा।
राजमार्गेण महता सुविभक्तेन शोभिता,
मुक्तपुष्पावकीर्णेण जलसिक्तेन नित्यश:।।

अयो.का. ७.८

यथा अयोध्यायाः निर्माणं वास्तुशास्त्रदिशा अभवत् तथैव दशाननशासिता स्वर्णमयी लंकाऽपि अमरावतीव हनुमतश्चेतसि आनन्दातिरेकं तनयामास। तत्र किं नासीत्? स्वर्ण निर्मिता सा नगरी आकाशे तरन्ती नौकेव आभातिस्म।

व्यासविरचिते महाभारते मयनामक वैज्ञानिकविरचितस्य नगरस्य वास्तुविज्ञानं किं नास्ति विस्मयोत्पादकम्?

संस्कृत भाषा निबद्धेषु विविधेषु ग्रन्थरत्नेषु यत्र–तत्र प्रतिपादितानि वास्तुशास्त्र विषयकानि संकेतानि सन्ति सर्वथा विस्मयजनकानि। यद्यपि आधुनिक समये बहवो गृहनिर्माणविद्याविशारदाः, अभियान्त्रिकेषु महाविद्यालयेषु विश्वविद्यालयेषु प्राप्तोच्चविद्याः मनोहरातिमनोहराणि गृहाणि निर्मीय प्रतिष्ठां भजन्ते, परं प्राचीनानि ऐतिहासिकानि भवनानि, देवमन्दिराणि, नगराणि दर्शं–दर्शं, संस्कृतसाहित्ये च वर्णितमेषां गौरवपूर्णं ललित–ललितं स्वरूपं पाठं–पाठं मोमुद्यन्ते नश्चेतांसि। आस्माकीना संस्कृत वास्तुविज्ञान परम्परा सर्वविधदृष्ट्या सुसमृद्धा आसीत् नास्त्यत्र मनागपि शङ्कापङ्ककलङ्कस्यावसरः।

डॉ. महावीर
प्रोफेसर- संस्कृत एवं कुलसचिव
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय,
हरिद्वार

वैदिक संस्कृति में जीवन का स्वरूप

जीवन जीने का नाम है और जीवन एक कला है। यों तो जीवन शब्द का प्रयोग भाषा में सबके साथ कर दिया जाता है—प्राणी का जीवन, वृक्ष का जीवन, सरिता का जीवन, समुद्र का जीवन, पाषाण का जीवन, पर वस्तुत: जीवन शब्द की सार्थकता मनुष्य के साथ ही है। इतर प्राणियों या जड़ पदार्थों का जीवन एक बनी—बनाई पद्धति पर चलते रहना है, पर मनुष्य अपनी जीने की पद्धति का निर्माण स्वयं करता हैं। वह पद्धति क्या हो, इसी में जीवन की व्याख्या निहित है।

जीवन एक यज्ञ है।

छान्दोग्य उपनिषद् कहती है कि मनुष्य का जीवन एक यज्ञ है। यज्ञ के तीन सवन होते है—प्रात: सवन, माध्यन्दिन सवन और सायं सवन। मनुष्य जीवन के प्रथम चौबीस वर्ष मानो प्रात: सवन हैं, क्योंकि प्रात: सवन का सम्बन्ध गायत्री छन्द से होता है और गायत्री छन्द में चौबीस अक्षर होते है। जो मनुष्य अपने इन प्रात: सवन रूप चौबीस वर्षों को यज्ञ भावना से व्यतीत करने का यत्न करता है, बसु नामक प्राण उसके अधीन हो जाते हैं। जीवन के अगले चौवालीस वर्ष माध्यन्दिन सबन हैं, क्योंकि इस सवन का सम्बन्ध त्रिष्टुप् छन्द से है, और त्रिष्टुप् छन्द में चौवालीस ही अक्षर होते हैं। जो मनुष्य इन माध्यन्दिन सवन रूप चौवालीस वर्षों को यज्ञ भावना से व्यतीत करता है, रुद्र नामक प्राण उसके अधीन हो जाते हैं। जीवन के अगले अड़तालीस वर्ष सायं सवन हैं, क्योंकि इस सवन का सम्बन्ध जगती छन्द से है और जगती छन्द में अड़तालीस ही अक्षर होते हैं। जो मनुष्य इन सायं सवन रूप अड़तालीस वर्षों को यज्ञ भावना से व्यतीत करता है, आदित्य नामक प्राण उसके अधीन हो जाते हैं। जीवन के इन यज्ञिय सवनों में यदि मनुष्य को कोई आधि—व्याधि सताये, तो वह अपने सम्पूर्ण मनोबल के साथ उसे ललकार कर कहे—मेरे यज्ञ को विघ्नित मत करो! तब वह अवश्य उससे छूट जाता है। इस यज्ञ भावना से चलने वाला व्यक्ति अपने सात्त्विक जीवन के साथ ११६ वर्ष जीवित रह सकता है। उपनिषद् कहती है कि महीदास ऐतरेय ने इसका सफल परीक्षण किया था।

सचमुच वैदिक संस्कृति में मनुष्य का सारा जीवन ही यज्ञमय है। उसके जीवन का आरम्भ जातकर्म संस्कार से होता है और जीवन की परिसमाप्ति अन्त्येष्टि संस्कार पर होती है। मध्य में नामकरण, निष्क्रमण, अन्न—प्राशन, चूड़ा—कर्म, कर्णबेध, उपनयन, समावर्तन, विवाह, वानप्रस्थ

एवं संन्यास संस्कार होते हैं। ब्रह्मयज्ञ, पितृयज्ञ, अतिथियज्ञ, बलिवैश्वदेवयज्ञ—रूप पंचयज्ञ का अनुष्ठान उसे प्रतिदिन ही करना होता है। स्मार्त तथा श्रौत यज्ञों से उसका जीवन ग्रथित रहता है। यज्ञ का प्रतीक अग्नि सदा उसके साथ रहता है। यज धातु के देवपूजा, संगतिकरण और दान अर्थों के अनुसार स्वार्थत्यागपूर्वक परोपकार की भावना से लोकहितार्थ किए जाने वाले महान् कार्य भी यज्ञ कहलाते हैं। वे यज्ञ भी मनुष्य को करणीय होते हैं। इनके अतिरिक्त मनुष्य का सबसे महत्त्वपूर्ण यज्ञ अध्यात्म—साधना है। मनुष्य का आत्मा यजमान है, मन उसका ब्रह्मा है, प्राण उद्गाता है, वाक् होता है, चक्षु अध्वर्यु है—**पुरुषो वै यज्ञस्तस्य मन एव ब्रह्मा, प्राण उद्गाता, अपानः प्रस्तोता, व्यानः प्रतिहर्ता, वाग् होता, चक्षुरध्वर्युः, प्रजापतिः सदस्यः, अंगानि होत्राशंसिनः, आत्मा यजमानः** —गोपथ उ. ५.४ । शरीर के अन्दर अवस्थित अन्य शक्तियां इतर ऋत्विजों का कार्य कर रही हैं। परमात्मा ही इस यज्ञ का अग्नि है। उसमें आत्म—समर्पण की हवि दी जाती है। इस अध्यात्म—यज्ञ को करते हुए मनुष्य के आत्मा को ऊर्ध्वारोहण के साथ शाश्वत उत्कर्ष प्राप्त करना है।

प्रगति जीवन की धारा है।

मानव शरीर बड़ी कठिनाई से प्राप्त होता है। इसका एक—एक क्षण बहुमूल्य है। जीवन के मूल्यवान् क्षणों को यदि हमने आलस्य, प्रमाद और तन्द्रा में व्यतीत कर दिया, तो हमसे अधिक अभागा और कौन होगा! हमें तो त्वरित गति से प्रगति करनी है। इसीलिए वेद मनुष्य को उद्बोधन दे रहा है—

उद्यानं ते पुरुष नावयानं, जीवातुं ते दक्षतातिं कृणोमि।
आ हि रोहेममममृतं सुखं रथमथ जिर्विर्विदथमा वदासि।।

अथर्व. ८.१.६

"हे पुरुष, ध्यान रख, तेरी उन्नति हो, अवनति नहीं। तुझे मैं जीवन और बल दे रहा हूँ। तू इस अमृतमय, सुखगामी शरीर—रथ पर आरूढ़ हो और दीर्घजीवी होता हुआ ज्ञानचर्चा कर।"

अश्मन्वती रीयते संरभध्वमुत्तिष्ठत प्रतरता सखायः।
अत्रा जहीत ये असन् दुरेवा अनमीवानुत्तरेमाभि वाजान्।।

अथर्व. १२.२.२६

"राग, द्वेष, मोह आदि के पत्थरों वाली सांसारिक नदी वेग से बह रही है। हे मित्रो, उठो, मिलकर उद्यम करो और इसे पार कर लो। जो तुम्हारे पास खोटी चालों का बोझ है उसे तुम यहीं छोड़ दो। आओ, आधि—व्याधि—रहित ऐश्वर्यों को पाने के लिए हम तुम उस पर पहुँचे।"

दिवं च रोह पृथिवीं च रोह।
राष्ट्रं च रोह द्रविणं च रोह।।

अथर्व. १३.१.३४

"हे मनुष्य, तू आध्यात्मिक उन्नति कर, भौतिक उन्नति कर, आर्थिक उन्नति कर।"

शुक्रोऽसि भ्राजोऽसि स्वरसि ज्योतिरसि।
आप्नुहि श्रेयांसमति समं क्राम।।

अथर्व. २.११.५

"हे मनुष्य, तू शुद्ध है, तेजस्वी है, आनन्दमय है, ज्योतिष्मान् है। श्रेष्ठों तक पहुँच, समकक्षों से आगे बढ़।"

जागरूकता जीवन का धन है।

वैदिक संस्कृति का जीवन सतत जागरूक जीवन है। उसमें प्रमाद का कोई स्थान नहीं है। तन्द्रा में पड़े रहना और तामसिकता में आनन्द लेना मानव की गरिमा के अनुरूप नहीं है।

इच्छन्ति देवा सुन्वन्तं, न स्वप्नाय स्पृहयन्ति।
यन्ति प्रमादमतन्द्राः।।

ऋग्वेद ८.२.१८

"जो मनुष्य जागकर यज्ञ–कर्मों में तत्पर होता है, उसी को देवजन चाहते हैं। वे सोनेवाले से प्रीति नहीं करते। देवजन स्वयं अतन्द्रालु होते हैं, अतः वे तन्द्रालु प्रमादी को दण्डित करते हैं।"

यो जागार तमृचः कामयन्ते, यो जागार तमु सामानि यन्ति।
यो जागार तमयं सोम आह, तवाहमस्मि सख्ये न्योकाः।।

ऋग्वेद ५.४४.१४

"जो जागता है उसी से ऋचाएं प्यार करती हैं, जो जागता है उसी से सोम प्यार करते हैं। जो जागता है उसी का सोमप्रभु सखा बनता है।"

दीक्षा जीवन का संबल है।

वैदिक जीवन में व्रत–ग्रहण का बहुत महत्त्व है। जब मनुष्य किसी सत्कार्य का व्रत ले लेता है, तब उसके अन्दर उस कार्य का सफलतापूर्वक निर्वाह करने की अपूर्व क्षमता आ जाती है। व्रत–लोप का भय उसे उस शुभ कार्य से विचलित नहीं होने देता। श्रुति कहती है–

व्रतेन दीक्षामाप्नोति, दीक्षयाप्नोति दक्षिणाम्।
दक्षिणा श्रद्धामाप्नोति, श्रद्धया सत्यमाप्यते।।

यजु. १९.३०

"व्रतग्रहण से मनुष्य दीक्षा को प्राप्त करता है। दीक्षा ले लेने पर कार्यपूर्ति या फलप्राप्ति रूप दक्षिणा मिलती है। दक्षिणा या फलप्राप्ति से उस कार्य के प्रति अन्यों की भी श्रद्धा उत्पन्न होती है। श्रद्धा से सत्य प्राप्त होता है।"

अग्नि समिन्धन की दीक्षा सी लेता हुआ वैदिक स्तोता उद्‌गार प्रकट करता है–

अभ्यादधामि समिधमग्ने व्रतपते त्वयि।
व्रतं च श्रद्धां चोपैमीन्धे त्वा दीक्षितो अहम्।।

यजु. २०.२४

"हे व्रतपति अग्नि, मैं तुझमें समिधा का आधान करता हूँ। मैं व्रत और श्रद्धा को प्राप्त करके दीक्षित होकर तुझे प्रज्वलित करता हूँ।"

यह केवल अग्निहोत्र की अग्नि का ही प्रदीपन नहीं है, अपितु जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अग्नि–प्रदीपन तथा समिदाधान होता है। अग्नि–प्रदीपन महारंभ का उपक्रम है। किसी भी महान् कार्य को आरम्भ करना अग्नि–प्रदीपन है और उसे बढ़ाने के लिए तन, मन या धन अर्पण करना समिदाधान तथा आहुति–प्रदान है।

सत्य जीवन का पाथेय है।

वैदिक संस्कृति का जीवन सत्य से ओत–प्रोत है। सत्य की नींव पर ही वैदिक जीवन का भवन खड़ा है। सत्य में मन, वचन और कर्म तीनों का सत्य समाविष्ट है, क्योंकि मनुष्य जैसा मन से विचार करता है, वैसा ही वाणी से बोलता है और जैसा वाणी से बोलता है वैसा ही कर्म करता है। यह भूमि सत्य पर ही अवलंबित है–सत्येनोत्तभिता भूमि: (ऋग्वेद १०.८५.१)। अतएव वैदिक साधक सत्य का व्रत धारण करता है–

अग्ने व्रतपते व्रतं चरिष्यामि तच्छकेयं।
तन्मे राध्यताम्। इदमहमनृतात् सत्यमुपैमि।।

यजु. १.५

"हे व्रतपति अग्नि, मैं व्रत करूगां, उसे मैं पूर्ण कर सकूं, वह सफल हो । मेरा व्रत यह है कि मैं असत्य को त्यागकर सत्य को प्राप्त होता हूँ।"

सत्याचरण की महिमा श्रुति में इस प्रकार गान की गयी है–

ऋतस्य हि शुरुधः सन्ति पूर्वीर् ऋतस्य धीतिर्। वृजिनानि हन्ति। ऋतस्य श्लोको बधिरा ततर्द, कर्णा बुधानः शुचमान आयोः।

ऋग्वेद ४.२३.८

"सत्य की शोक निवारक शक्तियां श्रेष्ठ हैं। सत्य का धारण पाप–तापों को नष्ट करता है। सत्य का उद्बोधक, देदीप्यमान, पवित्र कीर्तिगान बहरे कानों को भी खोल देता है।"

अतएव ऋषि की अनुभूति है कि सत्य की ही विजय होती है, अनृत की नहीं–सत्यमेव जयते नाऽनृतम् (मु.उप. ३.१.६)। सत्य ही सच्चा तप है–ऋतं तपः सत्यं तपः (तै. आ. १०. ८)। सत्यपूर्वक ही जीवन में सोम का सवन किया जाता है–ऋतवाकेन सत्येन श्रद्धया तपसा सुतः (ऋ. ९.११३.२) सत्य से ही आत्मा के दर्शन होते है–सत्येन लभ्यस्तपसा ह्येष आत्मा (मु. उप. ३.१.५)।

आध्यात्मिकता जीवन की प्यास है।

वैदिक मानव आध्यात्मिकता का पिपासु है। जिसने वेदों को पढ़कर भी अक्षर–ब्रह्म का साक्षात्कार नहीं किया, उसका वेदाध्ययन विशेष अर्थ नहीं रखता–यस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति (ऋ. १.१६४.३९)। वैदिक स्तोता वरुण प्रभु के साथ एक नाव में चढ़कर समुद्र की लहरों में झूलना चाहता है। वह कहता है–

आ यद् रुहाव वरुणश्च नावं, प्र यत् समुद्रमीरयाव मध्यम्।
अधि यदपां स्नुभिश्चराव, प्र प्रेङ्ख ईङ्खयावहै शुभे कम्।।

ऋग्वेद ७.८८.३

"जब मैं और वरुण प्रभु एक नाव पर बैठते हैं, उस नाव को आनन्द सागर में ले जाते हैं और उसकी तरंगों पर चढ़ाव–उतार करते हैं तब झूला झूलने की तृप्ति अनुभव होती है।"

वैदिक साधक के लिए आदित्यवर्ण प्रभु का दर्शन एक सुखद अनुभूति है–

वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्ण तमसः परस्तात्।
तमेव विदित्वाति मृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय।।

यजु. ३१.१८

"मैंने इस महान् आदित्यवर्ण प्रभु को जान लिया है, अनुभव कर लिया है, जो तमस् से परे है। उसी को जानकर, उसी की अनुभूति पाकर, मनुष्य मृत्यु को पार करता है, मृत्यु संतरण का अन्य कोई पथ नहीं है। "

मानव का लक्ष्य है कि वह तामसिकता से ऊपर उठकर आत्मा की उत्तर ज्योति का दर्शन करते हुए अन्त में परमात्म—सूर्य का साक्षात्कार करे—

उद् वयं तमसस्परि ज्योतिष्पश्यन्त उत्तरम्।
देवं देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम्।।

ऋग्वेद १.५०.१०

"अहा, हम अंधकार से ऊपर उठ गये हैं। तदुपरान्त उषा—तुल्य उत्तर ज्योति जीवात्मा का दर्शन करते हुए हमने प्रकाशकों में प्रकाशक सर्वोत्तम ज्योति परमात्म सूर्य को पा लिया है।"

निष्पापता जीवन की गरिमा है।

वैदिक जीवन में पाप के लिए कोई स्थान नहीं है। पापों से मुक्त रहने के लिए वेदों में शतशः प्रार्थनाएं मिलती हैं। वैदिक स्तोता के इन उद्‌गारों में पाप—मुक्ति की कैसी आतुरता प्रकट हो रही है—"अग्नि से, वनस्पतियों से औषधियों से, लताओं से, इन्द्र से, बृहस्पति से हम कहते हैं कि वे हमें पाप से छुड़ायें। दिन से, रात्रि से, सूर्य से, चन्द्रमा से, सब आदित्यों से हम कहते हैं कि वे हमें पाप से छुड़ायें। वायु से, पर्जन्य से, अन्तरिक्ष से, सब दिशाओं से हम कहते हैं कि वे हमें पाप से छुड़ायें। द्युलोक से, नक्षत्रों से, भूमि से, यक्षों से, पर्वतों से, समुद्रों से, नदियों से, सरोवरों से हम कहते हैं कि वे हमें पाप से छुड़ायें" (अथर्व. ११.६)। पाप को ललकारता हुआ वैदिक साधक कह रहा है—"रे मन के पाप, दूर हो जा, क्यों तू मुझे अप्रशस्त परामर्श दे रहा है? चला जा, मुझे तेरी कामना नहीं है। तू वृक्षों पर और वनों में भटकता फिर, मेरा मन तो गृहकार्यों में और गोओं में लगा हुआ है।"—

परोऽपेहि मनस्पाप किमशस्तानि शंससि।
परेहि न त्वा कामये वृक्षां वनानि संचर गृहेषु गोषु मे मनः।।

अथर्व. ६.४५.१

माधुर्य और सौहार्द जीवन का प्रसाद है।

वैदिक संस्कृति में मानव का जीवन मधुमय और सौहार्दमय है। मधु की याचना करता हुआ वह कहता है कि "मुझ सत्यसाधक के लिए वायुएं मधुमय हों, मेघ—सिन्धु मुझ पर मधु बरसाएं, औषधियाँ मेरे लिए मधुमती हों, रात्रियाँ हमारे लिए मधुमय हों, उषाएं मधुमय हों, पार्थिव लोक मधुमय हो, पितृ—तुल्य द्युलोक तथा सूर्य मधुमय हो।"

मधु वाता ऋतायते, मधु क्षरन्ति सिन्धवः।
माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः।।
मधु नक्तमुतोषसो मधुमत् पार्थिवं रजः।
मधु द्यौरस्तु नः पिता।।

ऋग्वेद १.९०.६,७

वैदिक स्तोता की कामना है कि "मेरा घर से बाहर निकलना, कर्म करने के लिए दूर–दूर जाना, वापस लौटना सब मधुमय हो, मैं वाणी से मधुमय ही बोलूं, मैं शहद के समान मीठा हो जाऊँ।"–

मधुमन्मे निक्रमणं मधुमन्मे परायणम्।
वाचा वदामि मधुमद् भूयासं मधुसन्दृशः।।

अथर्व. ३४.३

परिवार तथा समाज में वैदिक जीवन सौहार्दमय तथा पारस्परिक सद्भावनाओं के आदान–प्रदान से भरपूर रहता है। प्रभु का आदेश है कि "मैं तुम्हारे अन्दर सहृदयता, साम्मनस्य और अविद्वेष की भावना उत्पन्न करता हूँ, तुम एक दूसरे से ऐसा प्रेम करो जैसा गाय अपने नवजात बछड़े से करती है।"–

सहृदयं सांमनस्यमविद्वेषं कृणोमि वः।
अन्यो अन्यमभिहर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या।।

अथर्व. ३.३०

अतएव वैदिक स्तोता सौहार्द की याचना करता हुआ कहता है कि "अपनों से मेरा सौहार्द हो, अपरिचितों से सौहार्द हो, हे अश्वी देवो, तुम मेरे जीवन में सौहार्द की भावना को केन्द्रित कर दो।"–

संज्ञानं नः स्वेभिः संज्ञानमरणेभिः।
संज्ञानमश्विना युवमिहास्मासु नि यच्छतम्।।

अथर्व. ७.५४.१

तेजस्विता और कीर्ति जीवन की शोभा है।

तेजस्वी और यशस्वी जीवन ही वैदिक जीवन है। वैदिक मानव तेज और यश के प्रतीक अग्नि और सूर्य का आदर्श सदा अपने सम्मुख रखता है–"हे अग्नि, जैसे तू देवों में वर्चस्वी है, वैसे ही मैं मनुष्यों में वर्चस्वी बनूँ। हे सूर्य, जैसे तू देवों में भ्राजिष्ठ है, वैसे ही मैं मनुष्यों में भ्राजिष्ठ बनूँ।"–

अग्ने वर्चस्विन् वर्चस्वाँस्त्वं देवेष्वसि।
वर्चस्वानहं मनुष्येषु भूयासम्।।
सूर्य भ्राजिष्ठ भ्राजिष्ठस्त्वं देवेष्वसि।
भ्राजिष्ठोऽहं मनुष्येषु भूयासम्।।

यजु. ८.३८,४०

"जैसे सूर्य यशस्वी है, अग्नि यशस्वी है, चन्द्रमा यशस्वी है, वैसे ही अपने जीवन में

मैं सब भूतों में यशस्वी बनूं।"—

यशा इन्द्रो यशा अग्निर्यशाः सोमो अजायत।

यशा विश्वस्य भूतस्याहमस्मि यशस्तमः।।

अथर्व. ६.३९.३

जो दीप्ति सिंह में, व्याघ्र में, सर्प में, अग्नि में, ब्राह्मण में, सूर्य में है और जिस दिव्य, सुभगा दीप्ति ने इन्द्र को इन्द्रत्व प्रदान किया है, वह दीप्ति ब्रह्मवर्चस् से संयुक्त होकर हमें प्राप्त हो—

सिंहे व्याघ्र उत या पृदाकौ, त्विषिरग्नौ ब्राह्मणे सूर्ये या।

इन्द्रं या देवी सुभगा जजान, सा न ऐतु वर्चसा संविदाना।।

अथर्व. ६.३८.१

शान्ति जीवन का रस है।

वैदिक जीवन शान्ति का परमधाम है। ईर्ष्या, द्वेष, कलह और अशान्ति का वातावरण वेद को प्रिय नहीं है। वैदिक स्तोता प्रकृति की एक—एक वस्तु से शांति की पुकार करता है—विस्तीर्ण प्रकाश का दाता सूर्य हमें शान्ति देता हुआ उदित हो, चारों दिशाएं हमारे लिए शान्तिदायक हों, अविचल पर्वत शान्ति दें, सिन्धु और नदियाँ हमें शान्ति दें। रक्षक सविता देव हमारे लिए शांतिकर हो, चमकीली उषाएं शांतिकारिणी हों, पर्जन्य शांतिदायक हो। (ऋग्वेद ७. ३५.८,११)

"हम जो कार्यों की पूर्व—योजनाएं बनाते हैं वे शांति का अनुसरण करने वाली हों, हमारे कृत और अकृत कार्य शांति का अनुसरण करने वाले हों। हमारा भूत, वर्तमान, भविष्य सब कुछ शान्त हो।"

शान्तानि पूर्वरूपाणि, शान्तं नो अस्तु कृताकृतम्।

शान्तं भूतं च भव्यं च, सर्वमेव शमस्तु नः।।

अथर्व. १९.९.२

इस प्रकार वैदिक संस्कृति का जीवन यज्ञमय, प्रगतिशील, जागरूक, व्रतदीक्षित, सत्यमय, आध्यात्मिक, निष्पाप, मधुर, सौहार्दमय, तेजस्वी, यशस्वी, और शान्ति का अनुगामी है। वैदिक जीवन की कतिपय अन्य विशेषताएं दान—शीलता, कर्मण्यता, आशावाद, तपस्या, ब्रह्म—क्षत्र का समन्वय, आसुरी शक्तियों पर विजय आदि भी हैं, जिनकी प्रेरणा वेद हमें निरन्तर दे रहे हैं।

डॉ. विनोदचन्द्र विद्यालंकार
II/४०५,
कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय,
पन्तनगर (उधमसिंह नगर)

वेदव्याख्या की समस्या एवं वेदार्थ निर्धारण में विविध शैलियों का महत्त्व

भावों को अभिव्यक्त करने का साधन भाषा है। किसी भी भाषा के तीन मुख्य तत्त्व होते है। (१) शब्द (२) अर्थ (३) भाव । शब्द और अर्थ क्रमशः शरीर तथा प्राण हैं तो भाव आत्मा स्वरूप है। काव्यशास्त्रीय दृष्टि से भी यद्यपि अभिधा, लक्षणा और व्यंजना व्यापार के माध्यम से वाच्य, लक्ष्य और व्यङ्ग्य आदि अर्थों का ज्ञान बतलाया गया है तथापि आत्मभूत अर्थ तो व्यङ्ग्यार्थ ही होता है। 'सूर्योऽस्तं गतः' वाक्य का वाच्यार्थ यद्यपि एक ही है परन्तु व्यङ्ग्यार्थ अनेक हो सकते हैं। 'खूब खाता–पीता घर है' तथा 'घर में सभी खाने पीने वाले लोग हैं'। इन दोनों वाक्यों में वाच्यार्थ एक होते हुए भी व्यङ्ग्यार्थ पृथक्–पृथक् ही हैं। प्रथम वाक्य का व्यङ्ग्यार्थ घर की सम्पन्नता का बोधक है तो द्वितीय वाक्य का व्यङ्ग्यार्थ घर में सभी के शराबी कबाबी होने का द्योतक है। ऐसे वाक्यों में प्रकरणानुसार भावार्थ की भिन्नता का ज्ञान हो पाता है।

एतद्नुसार वेदमन्त्रगत भाषा की भी यही स्थिति है। मन्त्रों के वाच्यार्थ मात्र को वेदार्थ समझ लेना सर्वथा भ्रान्ति है। यद्यपि अनेकत्र मन्त्रों का वाच्यार्थ ही अन्तिम वास्तविक अर्थ होता है। जैसे –'अन्योऽन्यमभिहर्यत वत्सजातमिवाघ्न्या' आदि मन्त्र।

तथापि बहुत मन्त्रों का वाच्यार्थ इतना असंगत होता है कि वह प्रमत्तप्रलापवत् ही प्रतीत होता है। परन्तु विभिन्न शैलियों के माध्यम से वही वाच्यार्थ विशिष्ट अर्थों का बोधक होता हुआ संगत आकर्षक व मनोहारी बन जाता है। 'वेदों में वाक्यकृति बुद्धिपूर्वक है' ऐसा वेदों के सम्बन्ध में ऋषि महर्षियों का विचार रहा है। 'बुद्धिपूर्वा वाक्यकृतिर्वेदे' (वैशेषिक दर्शन ६–१–१)। अतः असम्भव, असंगत एवं बुद्धि विरोधी प्रतीत होने वाले वर्णनों का तात्पर्य विविध शैलियों के माध्यम से ढूंढना चाहिये। सर्वत्र मन्त्रों के स्थूल अर्थ को ही वास्तविक अर्थ समझ लेना अनुचित है। क्योंकि, स्थूल अर्थ तो वाच्यार्थ ही होता है। वास्तविक अर्थ तो लक्षणा व्यञ्जना से ही ज्ञात हो पाता है। यथा–'भूयासं मधुसंदृशः', 'अश्मा भवतु नस्तनूः'।

आदि वेद वाक्यों का वाच्यार्थ है–मैं शहद जैसा हो जाऊँ। हमारा शरीर पत्थर हो जाये। वाच्यार्थ तो यही कहता है कि मैं शहद जैसा लिपलिपा, चिपकने वाला, चाटे जाने पर मीठा और रंग में रक्तपीत रंग वाला हो जाऊँ। शरीर हमारा पत्थर की तरह रस–रक्त विहीन जड़ हो जाये। परन्तु क्या यही स्थूलार्थ ही हमें अभीष्ट है? वेदों का कथ्य क्या उपर्युक्त ही है ? कदापि नहीं। लक्षणा, व्यञ्जना व्यापारों की सहायता से वेदों का उदात्त कथ्य स्पष्ट होता है कि मेरा व्यवहार,

मेरा आचरण, मेरी वाणी शहद के समान मधुर हो तथा प्रत्येक के लिए मैं मधुवत् हितकारी ही बनूँ। हमारा शरीर पत्थर के समान कठोर एवं सुदृढ़ हो।

वस्तुत: किसी भी शास्त्र के कथ्य को समझने के लिए उसकी भाषागत एवं अर्थगत शैलियों का ज्ञान अनिवार्य होता है। वेदों की भी अपनी कुछ शैलियां हैं जिनके परिज्ञान के बिना वेद मन्त्रों की व्याख्या करना एक गहन समस्या बन जाती है। अधिकांशत: वैदिक व्याख्याकारों ने इन शैलियों से अपरिचित होकर या इनकी उपेक्षा करके ही वेदमन्त्रों के अर्थ करने का प्रयास किया और वे इस कार्य में कहीं सफल दिखाई देते हैं तो कहीं वे गहन जंगल में भटकते ही दिखाई देते हैं। मुख्यार्थ के अन्धेरे में भावार्थ रूप आलोक का ग्रहण नहीं कर पाते। जबकि यह वास्तविकता है कि वेदों के जो सूक्त शैली को जाने बिना अस्पष्ट प्रतीत होते हैं वही शैली विशेष के आधार पर स्पष्ट होने लगते हैं।

वेदों में अनेक प्रकार की शैलियां प्राप्त होती हैं। निरुक्तकार यास्काचार्य ने दो प्रकार की दृष्टियों से शैली–विचार किया है। शब्द योजना की दृष्टि से वे तीन प्रकार की ऋचाएं मानते हैं। परोक्षकृत प्रत्यक्षकृत एवं आध्यात्मिक। तास्त्रिविधा ऋच:। परोक्षकृता:, प्रत्यक्षकृता:, आध्यात्मिकयश्च (नि. ६.१–३) प्रतिपाद्य अर्थ की दृष्टि से यास्क आठ शैलियों का परिगणन करते हैं–स्तुति, आशी:, शपथ, अभिशाप, भावाचिख्यासा, परिदेवना, निन्दा और प्रशंसा। यास्क इन आठ शैलियों से अतिरिक्त अन्य शैलियों के अनुसन्धान की भी चर्चा करते हुए कहते है–'एवमुच्चावचैरभिप्रायेर्ऋषीणां मन्त्रदृष्टयो भवन्ति'(नि. ७.३)

बृहद्देवताकार शौनक ने वेदमन्त्रों के ३६ प्रकार गिनाये हैं। जिनको शैलियों के रूप में देखा जा सकता है। (बृ.दे. १.३४–३९) आचार्य सायण ने ऋग्भाष्य के उपोद्घात में ९ प्रकार की शैलियों का दिग्दर्शन कराया है।

ऋग्वेद भाष्यकर्त्ता स्कन्दस्वामी समस्त मन्त्रों की अर्थ–योजना अधिदेवत, अधिभूत और अध्यात्म इन तीनों प्रक्रियाओं में करने का संकेत करते हैं। (नि. ७.५ पर स्कन्दस्वामी की टीका)

ऋग्वेद के अस्यवामीय(ऋ. १.१६४) सूक्त पर आत्मानन्द ने अध्यात्मपरक व्याख्या प्रस्तुत की है। इसी सूक्त की अधिदेवत एवं अधियज्ञ परक व्याख्या परवर्ती भाष्यकार सायण ने की है और कुछ मन्त्रों की अध्यात्मपरक व्याख्या प्रस्तुत करते हुए कहा है कि इन समस्त मन्त्रों की व्याख्या अध्यात्मपरक भी की जा सकती है। 'एवमुत्तरत्रापि अध्यात्मपरतया योजयितुं शक्यम् तथापि स्वरसत्वाभावात् ग्रन्थविस्तरभयाच्च न लिख्यते'(ऋग्. १.१६४.१ पर सायण भाष्य)।

स्वामी दयानन्द भी विविध अर्थ प्रक्रिया का प्रयोग करते हैं। वे श्लेष अलंकार के प्रयोग से मन्त्रों के अनेकार्थता का अनुमोदन करते हैं। अनेक वैदिक पदों के अध्यात्म, अधिभूत एवं

अधिदेवत अर्थ दिखाकर वेदव्याख्याकर्त्ताओं के लिए वे एक नया मार्ग प्रस्तुत करते हैं। इन्द्र का अर्थ परमेश्वर, आत्मा, राजा, सेनापति, अग्नि का अर्थ परमात्मा, भौतिकाग्नि, रूद्र का अर्थ परमात्मा, प्राण, सेनापति, सभेश, वैद्य आदि, उषा का अर्थ प्राकृतिक उषा व नारी, सविता का अर्थपरमेश्वर, सूर्य राजा आदि तथा वरुण का अर्थ परमात्मा जीवात्मा, राजा, सूर्य, न्यायाधीश, अध्यापक, अपान, उदान आदि करते हैं। यही कारण है कि उनका भाष्य अनोखा बन गया है। जहां अन्य भाष्यकार मन्त्रों के स्थूलार्थ के आधार पर इतिहास की पृष्ठभूमि में ही उलझने लगते हैं वहां स्वामी दयानन्द एक नया अर्थ समुपस्थापित कर देते हैं।

यह एक तथ्य है कि वेदों की शैली अन्य शास्त्रों से भिन्न एवं विलक्षण प्रकार की है। अन्य शास्त्र जिस प्रकार विभिन्न विषयों को पृथक् रुपेण प्रकरण बनाकर प्रस्तुत करते हैं वेद उसी प्रकार विभिन्न विषयों को प्रकरण सहित देते हुए भी अनेकत्र बहुधा विषयक्रमहीन प्रतीत होते हैं। अनेक स्थलों पर विषयों का स्पष्टक्रम परिलक्षित नहीं होता । वेद इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं के स्तुति प्रसंग में श्लेषालंकार व अन्य अनेक शैलियों के माध्यम से कोई अन्य बात भी कह देते हैं। अन्य ग्रन्थों की भाषा मूलत: एक ही निश्चित अर्थ को प्रस्तुत करती है परन्तु वेद की भाषा रहस्यपूर्ण है। विभिन्न व्यक्ति भिन्न–भिन्न अर्थ मन्त्रों से गृहीत कर लेते हैं, चाहे वे अर्थ वेदों का अपना मूल आशय हो या न हो।

लौकिक साहित्य के किसी कवि के एक श्लोक पर व्याख्याकर्त्ता द्वारा अनेक अर्थ निकाल लिया जाये तो यह आवश्यक नहीं है कि वे सभी अर्थ मूलकवि को भी अभिप्रेत रहे हों परन्तु व्याख्याकर्त्ता की इस कुशलता व बुद्धिमत्ता का श्रेय मूलकवि को भी जाता ही है।

श्री हर्षप्रणीत नेषधचरित के प्रथम श्लोक 'निपीय यस्य क्षितिरक्षिण: कथाम्' के अन्तर्गत आये 'क्षितिरक्षिण:' पद का नारायणी टीकाकार यदि दर्जनों अर्थ कर देता है तो यह यद्यपि टीकाकार का कौशल है तथापि मूलग्रन्थकर्त्ता का महत्त्व भी विशिष्ट पद देने के कारण है ही। यही विशेषता वेदों की हैं। स्मृतिशास्त्र तो विधिवाक्य या निषेधवाक्य लिख कर एक निश्चितार्थपरक भाषा का प्रयोग करते हैं जबकि वेद मन्त्र विविध शैलियों के माध्यम से विविधार्थ को प्रस्तुत करते हैं, जो वेदों की अपनी अनुपम विशेषता है।

वेद में एक विशिष्ट शैली प्रहेलिका शैली मिलती है जिसे प्रवह्लिका भी कहते है। इस शैली से अपरिचित रहकर इसे हृदयंगम न कर या इसकी उपेक्षा करके वेद्भाष्य करने में प्रवृत्त होने वाले विद्वानों ने वेदमन्त्रों पर कहर ही ढाया है। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के १६२वें सूक्त अश्वमेध प्रकरण का कर्मकाण्डपरक व्याख्या करते हुये व्याख्याकारों ने अश्व को काटकर व पका कर अग्नि में आहुति देने की विधि का विधान कर डाला जबकि इस सूक्त के प्रहेलिका

मूलक अर्थ के साथ रहस्यपूर्ण अर्थ को भी सूक्ष्मबुद्धि से चिन्तन कर प्रस्तुत करना चाहिये था। अश्व शब्द का अर्थ केवल घोड़ा नामक पशु ही नहीं है अपितु वेद में अग्नि, पर्जन्य, सोम व आदित्य को भी अश्व कहा गया है, (द्रष्टव्य ऋग्. १०.१८८.१, ५.८३.६, ९.८९.४, ७.७७.३)। ब्रह्म, आत्मा, प्राण, राष्ट्रपति आदि के लिए भी अश्व शब्द प्रयुक्त हुआ है, क्योंकि ये क्रमशः ब्रह्माण्ड, शरीर, राष्ट्र आदि रथों को वहन करते हैं। अश्वमेध की प्रहेलिका का समाधान इन अर्थों को दृष्टि में रखकर ही करना चाहिये। (एष वा अश्वमेधो य एष (सूर्यः) तपति, शतः १०.६.५.८, एष एवाश्वमेधो यश्चन्द्रमाः, शत. ११.२.५.१, राष्ट्रं वा अश्वमेधः शत. १३.१.६.५, 'राष्ट्रपालनमेव क्षत्रियाणामश्वमेधाख्यो यज्ञो भवति नाश्वंहत्वा तदङ्गानां होमकरणं चेति' दयानन्द, ऋ., राजप्रजाधर्म विषय)

इसी प्रकार अश्वमेध की तरह अथर्ववेद में अजमेध प्रकरण है। (अथर्व. ४.१४, ९.५) यहां भी बकरे को पकाकर स्वर्ग भेजना अजमेध नहीं कहलाता अपितु मनुष्य के आत्मा को भी अज कहा जाता है। उसे परिपक्व बनाकर स्वर्ग भेजना यहां तात्पर्य है, क्योंकि स्वर्ग या मोक्ष का अधिकारी अपरिपक्व आत्मा नहीं होता। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त १०.९० के सन्दर्भ में शतपथ ब्राह्मण का पुरुषमेध प्रकरण भी द्रष्टव्य है, जहां पुरुषों का अग्नि में होम नहीं किया जाता अपितु अग्नि के समीप ही उन्हें छोड़ दिया जाता है। यदि पुरुषमेध में पुरुषों की आहुति अभिप्रेत नहीं है तो उससे ठीक अगले ही सूक्त में आये मन्त्र में पठित पशुओं को काट–काट कर यज्ञकुण्ड में आहुति देने का विधान संगत और वेदाभिमत कैसे माना जाये?

यस्मिन्नश्वास ऋषभास उक्षणो वशामेषा अवसृष्टास आहुताः।
कीलालपे सोमपृष्ठाय वेधसे हृदा मतिं जनये चारुमग्नये।।

ऋग्. १०.९१.१४

इस मन्त्र में कुछ पशुओं के नाम और 'अग्नये' तथा 'आहुताः' आदि पदों को देखकर सायण, उवट, महीधर आदि के द्वारा पशुयज्ञ में अश्व, बैल, सांड, वन्ध्या गौ तथा मेष पशुओं को काट–काटकर अग्नि में उनकी आहुति देने का विधान मन्त्र शैली को न समझने के कारण ही है। 'हृदा' तथा 'अवसृष्टासः' पद इन समर्थ पशुओं को सार्वजनिक हित के लिए हृदय से परित्याग या दान देने का संकेत कर रहे हैं न कि उन्हें काट–काटकर आहुति देने की।

प्रहेलिका शैली के भी आदि स्रोत वेद ही हैं। ऋग्वेद का अस्यवामीय सूक्त प्रहेलिकापरक प्रसिद्ध सूक्त है। ऋग्वेद के अनेक सूक्त स्पष्ट प्रहेलिकात्मक हैं–(ऋग्. १.९५, १.१०५, १.१६२–६४, १०.२७–२८, १०.५५, १०.११४ आदि) अन्य वेदों में भी कहीं–कहीं यह शैली प्राप्त होती है। **डॉ. रामनाथ वेदालंकार** ने अपने शोध प्रबन्ध **'वेदों की वर्णन शैलियां'** में इस प्रहेलिकात्मक शैली का विस्तार से उल्लेख करते हुये मन्त्रों के विविध नूतन एवं अभूतपूर्व

मौलिक अर्थों का दिग्दर्शन कराया है। पुत्र द्वारा माता को जन्म देना, दस युवतियों का एक पुत्र होना, आकाश में बैलों का स्थित होना, सिर से दूध देने तथा पैरों से पानी पीने वाली गोओं का वर्णन, बैल के घौंसले में सिर पैर विहीन शिशु का उत्पन्न होना, चार सींग, तीन पैर , दो सिर, सात हाथों वाले बैल का वर्णन, सात दोग्धाओं द्वारा दुही जाने वाली गाय का तथा वृक्ष पर बैठी हुई गौ का वर्णन , वृद्ध द्वारा युवक को निगल लेना , चार चोटियों वाली युवती का वर्णन आदि प्रहेलिका परक प्रसंग उनकी रचना में द्रष्टव्य हैं। वेदव्याख्या पद्धति को उनकी यह अमूल्य देन है। पहेली में जितना अधिक असंभव एवं असंगत वर्णन होगा उतना ही उनमें चमत्कार और आकर्षण होता है। उस पहेली का समाधान हो जाने पर वह और भी ग्रहणीय हो जाती है। पहेली का समाधान एक, दो, चार, छह और दस भी दिये जा सकते हैं। शर्त यह है कि वे सटीक होने चाहियें और उनसे समाज उत्थान व समाज कल्याण की प्रेरणा प्राप्त होती हों।

वेदों में प्राप्त प्रहेलिकाओं की यह विशेषता है कि उनके समाधान विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न–भिन्न होते हैं। उदाहरणत: 'चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य। त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महोदेवो मर्त्या आविवेश।।' (ऋग्. ४.५८.३)

मन्त्र का मुख्यार्थ जितना उटपटांग है उससे विद्वत्गण सुपरिचित हैं परन्तु यास्क ने यज्ञ को तथा पतञ्जलि ने शब्द को वृषभ मानते हुये इस पहेली का जो समाधान प्रस्तुत किया है उससे भी विद्वत् समुदाय अपरिचित नहीं है। सायण इस सूक्त के पंच देवतात्मक होने से इस मन्त्र की पंचधा व्याख्यात होने की सम्भावना प्रकट करते हैं। उन्होंने स्वयं यज्ञात्मक अग्नि तथा सूर्य के पक्ष में इस मन्त्र की व्याख्या दर्शाई है। उव्वट, महीधर आदि भी इस परम्परा का अनुकरण करते हुये दिखाई देते हैं। अत: वेदों की इस शैली का महत्त्व प्राचीन वेदज्ञ विद्वानों में भी था, यह स्पष्ट होता है।

डॉ. विक्रम कुमार
अध्यक्ष–संस्कृत विभाग
पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़

सामवेदीय ब्राह्मणग्रन्थेषु "विश्वे देवाः" विवेचनम्

सामान्यतः **'विश्वे देवाः'** इत्यस्य पदस्य अभिप्रायः **'सर्वे विद्वांसः'** स्वीक्रीयतेः, परन्तु नैकेषु स्थलेषु एतत्सम्बन्धिकतिपयान् प्रकरणान् ज्ञात्वा अस्य अर्थः **'सर्वाः देवताः'** आहोस्वित् सर्वाणि इन्द्रियाणि अपि ग्राह्यः। प्रायः सर्वासु संहितासु **'विश्वे देवाः'** अस्य पदस्य प्रयोगः प्रथितः। सामवेदीय ब्राह्मणग्रन्थेष्वपि **'विश्वे देवाः', 'विश्वेषां देवतानां', 'विश्वान् देवान्', 'सर्वाः देवताः', 'सर्वे देवाः', 'विश्वेभ्यो देवेभ्यः', 'वैश्वदेव', 'विश्वेषु देवेषु'** इत्यादीनि पदानि विभिन्नेषु कारकेषु विभक्तिषु च दरीदृश्यन्ते।

सामवेदीय ब्राह्मणग्रन्थेषु **'विश्वे देवाः'** पदमिदं सर्वेभ्यो देवेभ्यः कृते प्रासङ्गिकतां भजते। देवताध्याये ब्राह्मणग्रन्थे **'वसवो रुद्रा आदित्या विश्वे देवाः'**[1] इत्यस्य संकेतः **अष्टवसवः** —अग्नि—पृथिवी—वायु—अन्तरिक्ष—आदित्य—द्यौ—चन्द्रमा—नक्षत्राणि, **एकादश रुद्राः** —प्राण—अपान—व्यान—समान—उदान—देवदत्त—नाग—कूर्म—कृकल—धनञ्जय—आत्मा च, **द्वादश आदित्याः** —द्वादश मासाः, इन्द्रः प्रजापतिश्च एतावताः त्रयस्त्रिंश देवाः खलु।[2] ताण्ड्य महाब्राह्मणेऽपि **'त्रिंशत् त्रयः परो ये देवाः'** इत्यनेन वाक्येनोक्तसंख्यायाः स्पष्टोल्लेखः।[3] अत्र सायणाचार्येण स्वकीये भाष्ये हविर्भोज्यानां लोकत्रये विभज्यावस्थितानां त्रयस्त्रिंशत्संख्याकानां देवानां सङ्घातो **'विश्वे देवा'** एव प्रतिपादितः।[4] अस्मिन्नेव ब्राह्मणग्रन्थे **'त्रयस्त्रिंशद्देवता'** इत्यनेन वाक्येन सम्पुष्टिः प्राप्यते।[5] **'देवता वाव त्रयस्त्रिंशोऽष्टौ वसव एकादश रुद्राः द्वादश आदित्याः प्रजापतिश्च वषट्कारश्च त्रयस्त्रिंशौ'**[6] अत्र ताण्ड्य ब्राह्मणकारः अष्टवसूनामेकादश रुद्राणां द्वादशादित्यानां प्रजापतिः तथा च त्रयस्त्रिंशीयो वषट्कारस्योल्लेखः करोति, सामवेदीयोऽपरो ब्राह्मणग्रन्थः त्रयस्त्रिंशद्देवतानां संख्या तु स्वीकरोति परञ्च वषट्कारस्य स्थाने **'इन्द्र'** देवतायाः तस्य मते गणना वर्त्तते।[7] यद्यपि **'वषट्कारो'** विशेषो देवः उरीक्रीयते सायणाचार्येण खलु।[8] सूक्ष्म—वाक्—तत्वे सारगर्भितत्वादनुष्टुबादि छन्देषु प्रविष्टोभूतत्वादयञ्च **'विश्वे देवा'** स्वकीयेन सूक्ष्मतमेन व्यक्तित्वेन सर्वानाच्छादयति।[9] एतादृशोल्लेखो देवताध्याय ब्राह्मण ग्रन्थे वर्णितः[10], अस्यैवादिति संज्ञा प्रतिपादिता ऋग्वेदे (१.८९.१०)

अदितिर्द्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः।

विश्वे देवा अदितिः पञ्चजना अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्।।

तथा च जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मणग्रन्थेऽपि (१.१३.२.५) सकारात्मिका पुष्टिः प्राप्यते।

षड्विंश ब्राह्मणे यूपस्योल्लेखः। अस्य यूपस्य प्रशंसा—सन्दर्भे ब्राह्मणकारेण सर्वेषां देवानां

संघातरूपो यूप: बहुरूपात्मको भणित: यो हि वज्रीभूय देवानुपतिष्ठतीति।[११] यदि प्रकृतेपर्याय: स्वरूपो यूप: पदवाच्य: स्वीक्रीयेत स तु सर्वथा तर्कयुतात्मक: बोधनीय:, यतो हि देवास्सर्वे यूपाश्रिता:। अग्नि: –प्राचीदिशायां, यमो दक्षिणदिशायां, वरुण: पश्चिमदिशायां, सोम उत्तरदिशायां तथा चान्ये आदित्य–रुद्र–मरुत्–वस्वादय: सर्वासु दिक्षु, पितरोऽधो दिगि ब्रह्मसाध्या: चाप्तपुरुषा उर्ध्वदिगि स्वं–स्वं प्रतिनिधित्वमवधारयन्ति।[१२] **'यदूर्ध्वं रशनायास्तद्विश्वेषां देवानां'** अनेन वाक्येन विश्वे देवानामूर्ध्वाधिष्ठातृत्वमेव द्योतित:।[१३]

जैमिनीय ब्राह्मणे दैवी संसद: परिकल्पना उपलभ्यते। तत्र प्रजापतिना रचिता अग्नि वायु–आदित्य–रुद्रादि कृत्स्ना: देवता: पृथग्–पृथग् भूत्वा निज शक्त्या प्रतिभया च कमपि कार्य कर्तुं सर्वथा असमर्था एवाभूवनिति। स्वां स्वां सीमितशक्तिमनुज्ञासवा पारस्परिक सहास्तित्व भावनया कात्स्न्यं लब्धवन्तस्ते। ताषां देवतानां समवेतेयमवस्था दैवी सभा उत वा दैवी परिषद्स्वरूपाऽऽसीत्।[१४] जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मणे वर्णितो **'देवानां वै षड् उद्गातार आसन् वाक् च मनश्च चक्षुश्च श्रोत्रं च अपानश्च प्राणश्च'**[१५] इत्यनेन ज्ञायते यत् वाक् मन: चक्षु: श्रोत्रं अपान: प्राणश्च एते षड् उद्गातार उत वा षट् प्रतिनिधय: सन्ति। एतावता: प्रतिनिधय एव जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मणकारेण **'ता उ एव विश्वे देवा:'**[१६] इति स्वं मतं प्रस्तूय समाधानं उपस्थापितमिति। देवै: मृत्यु मपाकृत्य आत्मार्थमन्नादिकं गायनं विधत्तं येनाङ्गेभ्यो रस: प्राप्यते यतो हि अन्नादि गायनं केवलं आत्मार्थमेव, इति ते दृढीभूय सूक्ष्मतत्वस्वरूपत्वादन्नमयकोशे प्रविष्टा जाता:। परिणामत: वाक्रूपेऽग्नि:, मनरूपेश्चन्द्रमा चक्षुरूपे आदित्य: श्रोत्ररूपे दिश: प्राणरूपे वायुश्च: एते प्रकटतवन्त:। एषा एव दैवी संसद्, दैवी सभा दैवी परिषद् वा, एतदेव **'विश्वे देवा'** व्यष्टिगततत्वं भजते।[१७]

जैमिनीय ब्राह्मणकारेण **'विश्वे देवानां'** कार्यस्वरूपं विस्तरेण प्रस्तुतीकृत्य प्रोक्त: यद् देवसृष्टिकरणाय प्रजापति: इषितवान्। यतो हि देवा एव सृष्ट्याधारयोग्या: फलत: स: वसून् रुद्रान् आदित्यान् च असृजत।[१८] एतै: देवै: लोकयजनं सम्पादितम्। वसुभ्य: प्रात: सवनीयात्मकं पृथिवीलोकं रुद्रेभ्य: माध्यन्दिनसवनीयात्मकं अन्तरिक्षलोकमादित्येभ्यस्तृतीय सवनीयात्मकं द्यौ लोकञ्च समुत्पन्नमिति।[१९]

यजुर्वेदीय मन्त्रेऽप्यादित्यवसुरुद्रदेवतानां विश्वेदेवात्मकं निर्देशञ्चापि समुप्लभ्यते।[२०] यद्यप्येता: विभिन्ना: देवता: विभिन्नेषु रुपेषु नामसु च श्रूयन्तें उच्चार्यन्ते च तथापि सर्वा: देवता: सर्वभृतेष्वेकं गूढ़ं देवं परमात्मनमेव संसूचयन्ति खलु। तस्मात्सर्वैरपि परमेश्वर: सुतरामाहूयते एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुरिति[२१] विचारसरणिमनुसृत्य विश्वे देवा: एकस्य परमात्मनो विविधा: स्वरूपा: शक्तय उत वा प्रतिनिधय:।

निरुक्तान्तर्गते दैवतकाण्डस्य सप्तमाध्यायेऽपि स्पष्टतया उदीरितम् महर्षिणा यास्केन यत्

"महाभाग्याद्देवताया एक एव बहुधा स्तूयते। एकस्यात्मनोऽन्ये देवाः प्रत्यङ्गानि भवन्ति"। पूर्वोक्ताः प्रसिद्धाः वर्गीयमाणाः सर्वाः देवताः स्वबाह्यस्वरुपेण पृथग्भूता अपि, तथैव संस्तुताः। भगवतः परमेश्वरस्य विविधाः शक्तिरुपाः, सर्वाभिस्ताभिस्तत्तत्स्तवनादिभिः सः परमात्मा एव स्तूयते इति वैदिकानां समयः। परमात्मनैताः सर्वाः देवताः स्वस्वरुपे गर्भीकृताः इत्येव विश्वेषां देवतानां समष्टिगतत्वम्।

डॉ. रूपकिशोर शास्त्री
उपाचार्यः - वेद विभाग
गुरुकुल काङ्गड़ी विश्वविद्यालय,
हरिद्वार

सन्दर्भ संकेतः –

१. देवताध्यायः ब्राह्मण १/१७

२. माध्यन्दिन शतपथ ११/६/३/६–९, बृहदारण्यकोपनिषद ३/९/३–६

३. ताण्ड्य महाब्राह्मण –२४.१.९

४. हविर्भुजो ये देवा वर्हिसासतव्यं सत्ररूपं यज्ञावस्थिताः ते देवास्त्रिंशत्संख्याकाः। तथा त्रयः परोऽपरेऽपि त्रिसंख्याकाः। एते त्रयस्त्रिंशत्संख्याकाः देवाः लोकत्रये विभज्य वर्तन्ते।
ताण्ड्य महाब्राह्मण २४.१.९(सायण भाष्य)

५. वही २४.१.१३

६. वही ६.२.५

७. अष्टौ वसव एकादश रुद्रा द्वादशादित्यास्त एकत्रिंशदिन्द्रश्च प्रजापतिश्च त्रयस्त्रिंशाविति।
जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मण २.७७

८. वषट्कारो देवताविशेषः। ऐतरेय ब्राह्मण २.४.१० (सायण भाष्य)

९. विश्वे देवा अनुष्टुभं समभरत् तां ते प्राविशत्। तान् सा आच्छादयत्।
जैमनीयोपनिषद् ब्राह्मण १.४.४.७

१०. देवताध्याय ब्राह्मण १.२१

११. सर्वदेवत्यो वै यूपः। यूपो वै बहुरूपः वज्रीभूत्वा देवानुपतिष्ठति।
षडिवंश्ब्राह्मण ५.४.१०

१२. यूपस्याश्रिदैवतानि। अग्निः पूर्वायाम्। यमो दक्षिणायाम्। वरुणः पश्चिमायाम्। सोम उत्तरायाम्। या विदिशस्तास्वादित्यरुद्रमरुद्वसवः। अपराजिताः पितरश्चाधरायाम्। साध्याश्चोर्ध्वायाम्।।
षड्विंश ब्राह्मण ५.४.९

१३. तस्य यन्नैखान्यं तत्पितॄणाम्। यदूर्ध्वं तन्मनुष्याणाम्। यत्तदधो रशनाया ओषधिवनस्पतीनाम्।

यदूर्ध्वं रशनायास्तद्विश्वेषां देवानाम्। वही ५.४.१३

१४. जैमिनीय ब्राह्मण २.१४१–१४२

१५. जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मण २.१.१.१

१६. वही २.१.२.४ तथा २.४.२.५

१७. स वाचं प्रथमामत्यवहत्। तां परेण मृत्युं न्यदधात्। सोऽग्निरभवत्।।२।।
अथ मनोऽत्यवहत्। तत् परेण मृत्युं न्यदधात्। स चन्द्रमा अभवत्।।३।।
अथ चक्षुरत्यवहत्। तत् परेण मृत्युं न्यदधात्। स आदित्योऽभवत्।।४।।
अथ श्रोत्रमत्यवहत्। तत् परेण मृत्युं न्यदधात्। ता इमा दिशोऽभवन्।
ता उ एव विश्वे देवा:।।५।।
अथ प्राणमत्यवहत्। तं परेण मृत्युं न्यदधात्। स वायुरभवत्।।६।।
तं वागेव भूत्वाग्नि: प्राविशत्। मनो भूत्वा चन्द्रमा:। चक्षुर्भूत्वा आदित्य:।
श्रौत्रं भूत्वा दिश:। प्राणो भूत्वा वायु:।।१२।।
एषा वै दैवी परिषत्। दैवी सभा। दैवी संसद्।।१३।।
जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मण २.४.२.२–६ तथा १२–१३

१८. स. वसून्, असृजत स रुद्रान् स आदित्यान्। जैमिनीय ब्राह्मण २.२५२

१९. प्रजापति ....अमुम्। जैमिनीय ब्राह्मण २.२४१

२०. अग्निर्देवता वातो देवता सूर्यो देवता चन्द्रमा देवता वसवो देवता रुद्रो देवतादित्यो देवता मरुतो देवता विश्वे देवा देवता बृहस्पतिर्देवतेन्द्रो देवता वरुणो देवता।
यजुर्वेद २४.२०

२१. इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्य: स सुपर्णो गरुत्मान्।
एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहु:।।
ऋग्वेद १.१६४.४६

वेदेषु सागराणां वर्णनम्

वेदा: ज्ञानानां महान् निधि:। वेदेषु ज्ञान–विज्ञान–सम्बद्धा सामग्री प्रचुरा उपलभ्यते। वेदानाम् अध्ययनेन ज्ञायते यत् तदानीन्तना: आर्या: भारतस्य भौगोलिक–परिस्थित्या सुतरां परिचिता: आसन्। वेदानां बहुषु मंत्रेषु नदीनां, पर्वतानां, समुद्राणां च वर्णनं प्राप्यते। समुद्राणां विषये विस्तृतं विवरणं न प्राप्यते, तथापि तत्कालीन–भौगोलिक–स्थित्या परिचय: उपलभ्यते।

वेदेषु सृष्टे: उत्पत्ति–विषये ऋग्वेदस्य दशममण्डले यजुर्वेदस्य एकत्रिंशततमे अध्याये विवरणं प्राप्यते। ऋग्वेदे कथ्यते यत् सर्वप्रथमं ऋतं च सत्यं च प्रादुरभूत्, तत: प्रलयरूपा रात्रि: उत्पन्ना, तत: जलसंयुक्त: समुद्र: उत्पन्न:, समुद्रात् संवत्सर: अजायत, ततश्च अहोरात्राणां सृष्टिरभूत्। तदनन्तरं वृक्ष–वनस्पत्यादीनां सृष्टिरभूत्। एवं विज्ञायते यत् सृष्टे: उत्पत्ति: समुद्रादेव संजाता।

ओम् ऋतं च सत्यं चाभीद्धात् तपसोऽध्यजायत।
ततो रात्र्यजायत तत: समद्रो अर्णव:।।
ओं समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत।
अहोरात्राणि विदधद् विश्वस्य मिषतो वशी।।
ओं सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।
दिवं च पृथिवीं चान्तरिक्षमथो स्व:।।

ऋग्. १०.१९०.१ से ३

अथर्ववेदस्य पृथिवीसूक्ते निगद्यते यत् पृथिवी पूर्वं जलमग्ना आसीत्। शनै: शनै: जलशोषणात् पृथिवी प्रादुर्भूता।

यार्णवेऽधि सलिलमग्र आसीद् यां मायाभिरन्वचरन् मनीषिण:।। अथर्ववेद १२.१.८

अथर्ववेदे एव समुद्राणां महत्त्वं वर्ण्यते यत् अन्नादीनां उत्पत्तिहेतो: जलम् आवश्यकम्। तत्कार्यजातं समुद्रा: नद्यादयश्च सम्पादयन्ति। अत: मानवानां जीवनार्थं समुद्रादीनां महती आवश्यकता वर्तते। समुद्रादय: एव चराचरस्य जीवन स्थापका: सन्ति।

यस्यां समुद्र उत सिन्धुरापो यस्यामन्नं कृष्टय: संबभूवु:।
यस्यामिदं जिन्वति प्राणदेजत् सा नो भूमि: पूर्वपेये दधतु।।

अथर्ववेद १२.१.३

ऋग्वेदे वर्ण्यते यत् सरस्वती नदी पर्वतात् निर्गता समुद्रे च अन्तर्हिता।

एकाचेतत् सरस्वती नदीनां शुचिर्यती गिरिभ्य आ समुद्रात्।। ऋग्वेद ७.९५.२

सरस्वतीनद्याः विषये एतत् उल्लेख्यं वर्तते यत् सरस्वती नदी हिमालयात् निर्गत्य राजपूताना–स्थिते समुद्रे संगता। ब्राह्मण–ग्रन्थानुसारं सरस्वत्याः प्रादुर्भावः हिमालयस्य प्लक्ष–प्रास्रवण–नामक स्थानात् बभूव। ततश्च विनशन–नामके स्थाने विलुप्ता। विनशनम् इति कुरुक्षेत्रस्य सिरसा नामके स्थाने वर्तते। डा. सूर्यकान्त महोदयस्य मतं विद्यते यत् एषा सरस्वती नदी थानेश्वरस्य पश्चिमतः प्रवहमाना 'सरसुति नदी' भवितुमर्हति। एषा भटनेर–स्थाने मरुस्थले विलीना। यस्यां पटियाला समीपे घग्घर नदी सम्मिलति। साम्प्रतं यावत् अस्याः शुष्कनद्याः चिह्नं प्राप्यते।

प्रो. मैक्समूलरस्य मतम् अस्ति यत् सरस्वतीनदी सतलज–सदृशी विशाला नदी आसीत्। सा एव समुद्रं यावत् प्रवहति स्म। अविनाशचन्द्रदासः अपि स्वकीये 'ऋग्वेदिक इण्डिया' नामके ग्रन्थे एतत् प्रतिपादयति यत् सरस्वती नदी हिमालयात् प्रादुर्भूता। पुराकाले राजपूताना–स्थितं मरुस्थलं समुद्र एव आसीत्। तत्रैव सरस्वती नदी सम्मिलिता।

भूगोल–विशेषज्ञानाम् एतत् अभिमतम् अस्ति यत् पुरा राजस्थानम् उत्तरप्रदेशस्य पश्चिमः भागः च समुद्रन्तर्गतम् आसीत्। अत्र च बृहत् समुद्रः आसीत्। एष समुद्र अरावली–पर्वतस्य दक्षिणतः पूर्वभागं यावत् विस्तृतम् आसीत्। एष च पुरा राजपूताना समुद्र इति नाम्ना प्रथितः आसीत्। राजस्थाने सांभर–प्रभृतीनां लवण जलाशयानाम् उपस्थितिः एतत् प्रमाणयति यत् पुरा राजस्थान–प्रदेशः समुद्रान्तर्गतः आसीत्।

ऋग्वेदे अथर्ववेदे च समुद्रद्वयस्य, समुद्रत्रयस्य, समुद्रचतुष्टयस्य च उल्लेखः प्राप्यते। द्वयोरपि वेदयोः अनेकेषु मंत्रेषु 'उभा समुद्रौ' इति उल्लेखः प्राप्यते।

उभौ समुद्रावा क्षेति यश्च पूर्व उतापरः। ऋग्वेद १०.१३६.५

उभा समुद्रौ.। अथर्ववेद १३.२.१०

मंत्रेषु उभौ समुद्रौ इति उक्त्वा समुद्रद्वयस्य वर्णनं क्रियते। तत्र पूर्वः पश्चिमश्च समुद्रः इत्युच्यते। विदुषां मतम् अस्ति यत् पूर्वस्थ समुद्रेण 'बंगाल की खाड़ी' इति गृह्यते। पश्चिमसमुद्रेण अरबसागरः गृह्यते। अस्मिन् विषये मतैक्यं नास्ति। केषांचित् मतमस्ति यत् पश्चिमसागरेण अरबसागरस्य ग्रहण उचितम् अस्ति। पूर्वसमुद्रेण च उत्तर प्रदेशस्थं गाङ्गेय–क्षेत्रं ग्राह्यम्। यतोहि एतत् क्षेत्रं पुरा जलमग्नम् आसीत्। तदेव कालान्तरे समुद्रशोषणात् गाङ्गेय क्षेत्रम् इति विज्ञायते। अतएव गाङ्गेय–क्षेत्रं सम्प्रति समृद्धरूपं वर्तते।

अथर्ववेदे समुद्रद्वयं सम्राजः वरुणस्य कुक्षिरूपेण वर्ण्यते।

उतो समुद्रौ वरुणस्य कुक्षी। अथर्ववेद ४.१६.३

पार्श्वे समुद्रौ कुक्षी। अथर्ववेद ९.५.२०

अथर्ववेदे वर्ण्यये यत् ब्रह्मचारी पूर्वसमुद्रात् उत्तरसमुद्रं याति। इत्यत्र पूर्वसमुद्रेण 'बंगाल की

खाड़ी' इत्यस्य ग्रहणं कर्तुं शक्यते। एतत् च ज्ञायते यत् उत्तरस्यां दिशि अपि कश्चन समुद्रः आसीत्। अन्यस्मिन् मंत्रे अपि उत्तरसमुद्रस्य वर्णनं प्राप्यते। तत्र उच्यते यत् रुद्रः पूर्वस्मात् समुद्रात् उत्तरं समुद्रं याति।

स सद्य एति, पूर्वस्मादुत्तरं समुद्रम्। अथर्ववेद ११.५.६

पूर्वस्माद्धंस्युत्तरस्मिन् समुद्रे। अथर्ववेद ११.२.२५

अथर्ववेदे एकस्मिन् मंत्रे समुद्रत्रयस्य वर्णनं प्राप्यते।

त्रीन् समुद्रान् गोप्तॄन् कल्पयामि। अथर्ववेद ९.२७.४

अस्मिन् मंत्रे समुद्रः रक्षकरूपेण वर्ण्यते। एवं ज्ञायते यत् समुद्राणां स्थितिः देशस्य रक्षार्थं भवति। ते स्वजलादीनां देशं पोषयन्ति। अत्र प्रश्नः उपस्थितो भवति--कः असौ उत्तरदिशि समुद्रः? विश्वकोशस्य अध्ययनेन ज्ञायते यत् एशियाद्वीपस्य बल्ख–फारस–देशस्य उत्तरस्यां दिशि एकः विशालः सागरः आसीत्। एष च 'एशिया भूमध्यसागरः' इति रूपेण प्रथितः आसीत्। एष सागरः उत्तरस्यां दिशि आर्कटिक महासागरेण सम्बद्धः आसीत्। अस्यैव समीपे भूमध्यसागरः अपि आसीत्। एवं च प्रोच्यते यत् एशियास्थस्य भूमध्यसागरस्य तलं यूरोपीय–भूमध्यसागरात् उच्चतरम् आसीत्। ततश्च प्राकृतिक--परिवर्तनैः एशियास्थस्य भूमध्यसागरस्य जलं यूरोपीय–भूमध्यसागरे संगतम्। एवं एशियास्थः भूमध्यसागरः शुष्कतां यातः।

भूगर्भशास्त्रिणां मतम् अस्ति यत् तस्यैव अवशिष्ट–रूपेण साम्प्रतं कृष्णसागरः (Black Sea) कश्यपसागरः (Caspean Sea), अरालसागरः (Aral Sea), बल्काश जलाशयः (Lake of Balkhash) नाम्ना वर्तन्ते। अरालसागरः, बल्काश–जलाशयश्च सोवियतसंघस्यान्तर्गतौ स्तः। एतौ च भारतस्य उत्तरदिशि स्तः। कृष्णासागरः (Black Sea) टर्की–बुल्गारिया–रोमानिया--देशानां मध्ये स्थितम् अस्ति। कश्यपसागरश्च (Caspean Sea) ईरानस्य रूसदेशस्य च मध्ये वर्तते।

ऋग्वेदे अथर्ववेदे च समुद्रचतुष्टयस्य वर्णनं प्राप्यते।

रायः समुद्रान् चतुरः। ऋग्वेद ९.३३.६

चतुरः समुद्रान्.। ऋग्वेद १९.२७.३

चतुर्थसागरेण हिन्दमहासागरस्य ग्रहणं समुचितं प्रतीयते।

उद्धृतेषु मंत्रेषु समुद्राः न केवलं जलस्य आश्रयरूपाः सन्ति, अपितु 'धरुणं रयीणाम्' इत्यनेन सूच्यते यत् समुद्रेषु बहुमूल्यानि रत्नादीनि अपि प्राप्यन्ते। एवं समुद्राः देशस्य समृद्धिं वर्धयन्ति।

स्वायुधं स्ववसं सुनीथं चतुः समुद्रं धरुणं रयीणाम्। ऋग्वेद १०.४७.२

वेदानाम् अध्ययनेन ज्ञायते यत् वैदिक–काले समुद्र–व्यापारः सर्वथा प्रचलितः आसीत्। ऋग्वेदे, अथर्ववेदे, बौधयनधर्मसूत्रे च समुद्र– व्यापारस्य बहुधा उल्लेखः प्राप्यते। ऋग्वेदे विशाल–पोतानां

कृते नौ–शब्दः नावाः शब्दश्च प्रयुक्तौ स्तः। शतपथब्राह्मणे पोत–चालकः 'नावाज' इति वर्णितोऽस्ति। नावाज–शब्दस्य अर्थः वर्तते यः नावम् अर्थात् पोतम् अजति चालयति इति नावाजः, नाविकः कर्णधारो वा। ऋग्वेदे, अथर्ववेदे च जलपोतनां वर्णनं प्राप्यते यत्र शत–संख्याकाः अरित्राः संयुक्ताः आसन्। अतएव शतारित्रां नावम् इति वर्ण्यते।

नावं आरुक्षः शतारित्राम्। अथर्ववेद १७.१.२५

ऋग्वेदे एतत् अपि वर्ण्यते यत् एते पोताः अगाधे समुद्रे अपि चलन्ति स्म। यत्र न किंचित् अवलम्बनम् आसीत्। एते पोताः दिनत्रयं दिन–चतुष्टयं यावत् समुद्रे चलन्ति स्म।

तिस्रः क्षपस्त्रिरहातिव्रजद्भिः। ऋग्वेद १.११६.४

ऋग्वेदात् ज्ञायते यत् समुद्रयात्राः धन–प्राप्त्यै व्यापारार्थं च भवन्ति स्म।

ये अस्या आचरणेषु दध्रिरे समुद्रे न श्रवस्यवः। ऋग्वेद १.४८.३

तं गूर्तयो नेमन्निषः परीणसः समुद्रं न संचरणे सनिष्यवः। ऋग्वेद १.५६.२

श्रवस्यवः, सनिष्यवः इत्यादि शब्दाः धन–लाभाय साहसिक–यात्रां सूचयन्ति। ऋग्वेदे एतत् अपि वर्णनं प्राप्यते यत् तुग्रस्य पुत्रः भुज्यु–नामकः व्यापारी समुद्रे धन–लाभाय जलयानेन प्रचलितः। तस्य च जलपोतः समुद्रस्य मध्ये विषमस्थितिं प्राप। अश्विनोः साहाय्येन तस्य जलयानं समुद्रस्य तटं प्राप्त। एवं यदा–कदा जलपोतानां निमज्जनम् अपि भवति स्म।

अनारम्भणे तदवीरयेथामनास्थाने अग्रभणे समुद्रे।
यदश्विना ऊहथुर्भुज्युमस्तं शतारित्रां नावमातस्थिवांसम्।।

ऋग्वेद १.११६.५

ऋग्वेदे समुद्रान्तः गतिशीलानां नौकानाम् अपि वर्णनं प्राप्यते। साम्प्रतं एते सबमेरीन (Submarine) इति नाम्ना उच्यन्ते।

यास्ते पूषन् नावो अन्तः समुद्रे हिरण्ययीरन्तरिक्षे चरन्ति। ऋग्वेद ६.५८.३

ऋग्वेदे वरुणदेवः जलमार्गेण गच्छतां जलयानानां मार्गस्य ज्ञाता वर्ण्यते।

वेदा यो वीनां पदमन्तरिक्षेण पतताम्।
वेद नावः समुद्रियः।।

ऋग्वेद १.२५.७

एवं ज्ञायते यद् वैदिक–काले आर्याः समुद्रेभ्यः सर्वथा परिचिताः आसन्। ते च समुद्र–मार्गेण व्यापारादिकं च कुर्वन्ति स्म।

डॉ. भारतेन्दु द्विवेदी
प्रवक्ता–संस्कृत
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
हमीरपुर

यास्कीय निरुक्त में पदार्थ–चिन्तन

वेदमन्त्रों के रहस्यार्थ को जानने के लिये शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष इन छः वेदाङ्गों का प्रणयन हुआ। अन्य वेदाङ्गों की तरह निरुक्त का भी अति महत्त्व है। यास्क का कथन है कि जो व्याकरण भी जानता हो उसे ही निरुक्त का उपदेश दिया जाये।[१] जिस प्रकार श्रोत्र के अभाव में वाणी के द्वारा लौकिक कर्म तो सिद्ध होगें, किन्तु वे व्यापक न होकर सीमित अवस्था में रह जायेंगे, उसी प्रकार निरुक्त के बिना मुखरूपी व्याकरण के द्वारा पद–पदार्थ का ज्ञान तो अवश्य होगा, किन्तु वह सीमित ही रहेगा, व्यापकार्थ को गृहीत न कर पायेगा। इसलिये इस निरुक्त को वेदपुरुष का श्रोत्र बताया गया है।[२] एवं वस्तुतः निरुक्त गौरवास्पद है।

प्राचीन काल में अनेक निरुक्तकार हो चुके हैं, इसकी जानकारी वर्तमान काल में उपलब्ध एक मात्र यास्कीय निरुक्त से मिलती है। इस निरुक्त में विभिन्न स्थलों पर आग्रायण, औदुम्बरायण, और्णभाव, औपमन्यव, कात्थक्य, क्रौष्टुकि, गार्ग्य, गालव, चर्मशिरस्, तैटीकि, शतवलाक्ष, शाकपूणि शकपूणिपुत्र तथा स्थौलाष्ठीवि इन चौदह निरुक्तकारों का उल्लेख स्वयं यास्क ने किया है। इससे यह मानना होगा कि इन आचार्यों का अपना कोई निरुक्त अवश्य रहा होगा, जो यास्क के निरुक्त के प्रथित होने के उपरान्त धीरे–धीरे काल कवलित हो गया होगा। यह भी संभव है कि इन आचार्यों ने निरुक्त के सिद्धान्तों का विशेष प्रचार और प्रसार प्रवचन शैली के माध्यम से अपने शिष्यों में किया हो, जिससे विभिन्न विचार धाराएं निरुक्त के सिद्धान्तों को लेकर फैल चुकी हों। अस्तु, कुछ भी हो, किन्तु यास्क ने निरुक्त के क्षेत्र में इन आचार्यों का नाम आदरपूर्वक तथा प्रमाणसहित अनेकत्र लिया है।

निरुक्त पञ्चाध्यायी वैदिक कोष निघण्टु के कतिपय पदों का व्याख्यान करने वाला ग्रन्थ है। जिस निघण्टु में लगभग १७७१ पदों का संग्रह पांच अध्यायों में ७८ खण्डों के अन्तर्गत किया गया है। यास्क ने इनमें से कतिपय पदों का अर्थ निर्वचन के माध्यम से मन्त्र अथवा मन्त्रांश प्रस्तुत कर निरुक्त में दिया है। किन्तु निरुक्त में इन्होंने निघण्टु में पठित पदों का एक तरफ से क्रमशः अर्थ अथवा निर्वचन प्रस्तुत नहीं किया है। निघण्टु से पद–चयन का प्रकार आचार्य का विचित्र है, जो इस प्रकार है–

निरुक्त के दो भाग हैं, जिसे पूर्वार्द्ध तथा उत्तरार्द्ध में विभाजित किया गया है। पूर्वार्द्ध तथा उत्तरार्द्ध के प्रारम्भ में विस्तृत भूमिकाएं हैं। पूर्वार्द्ध में नैघण्टुक तथा नैगमकाण्ड आते हैं और

उत्तरार्द्ध में दैवतकाण्ड। पूर्वार्द्ध के नैघण्टुक काण्ड में निघण्टु के प्रथम तीन अध्यायों की व्याख्या की गयी है, नैगम काण्ड में निघण्टु के चतुर्थ अध्याय की तथा दैवत काण्ड में निघण्टु का पञ्चम अध्याय व्याख्यात है। निघण्टु के चतुर्थ तथा पञ्चम अध्यायों के सभी पदों की व्याख्या निरुक्त में की गयी है, जो नैगम तथा दैवतकाण्डान्तर्गत है। किन्तु निघण्टु के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय अध्यायों के पदों की व्याख्या में आचार्य ने भिन्न शैली अपनायी हैं यद्यपि इन तीनों अध्यायों में १३५० पद संगृहीत हैं, किन्तु इनमें से २३० पदों पर ही आचार्य ने विचार किया है। यह विचार भी क्रमशः न कर विभिन्न भिन्नताओं से संपृक्त है। नैघण्टुक काण्ड का द्वितीय पाद प्रारम्भ करते हुए निघण्टु के प्रथम अध्याय के प्रथम खण्ड में पठित पृथिवीवाची २१ पदों में से 'गौ' पद का व्याख्यान किया गया है[३] जो 'गौ' पद पृथिवीवाची पदों में प्रथम स्थान पर पठित है। इसके उपरान्त इसी काण्ड के तृतीय पाद का प्रारम्भ 'हिरण्यम्' पद की निरुक्ति से करते है[४], जो निघण्टु के द्वितीय खण्ड के हिरण्यवाची पन्द्रह नामों में से पञ्चम स्थान पर पठित है, जब कि प्रथम पद 'हेम' है। अन्तरिक्षवाची सोलह पदों में प्रथम पद 'अम्बरम्' है, किन्तु व्याख्यान षष्ठ स्थान पर पठित 'अन्तरिक्षम्'[५] पद का एवं पन्द्रहवें स्थान पर पठित 'समुद्र'[६] पद का किया गया हैं एवं इस तृतीय खण्ड में आचार्य ने अन्तरिक्षवाची दो पदों का निर्वचन किया है। निघण्टु के चतुर्थ खण्ड में स्वः, पृश्निः नाकः, गौः, विष्टप्, नभः ये द्युलोक तथा आदित्य के छः सामान्य नाम पठित हैं इन सभी नामों की व्याख्या निरुक्त में दर्शायी गयी है[७] तथा साथ ही पूर्व में, असंगृहीत 'आदित्य' पद का निर्वचन कर दिया गया है।[८] रश्मिवाची पन्द्रह नाम हैं, जिनमें चतुर्थ क्रम पर प्राप्त 'रश्मि' का निर्वचन किया गया है।[९] दिशावाची आठ नाम पठित हैं, उनमें दिशः[१०] पद पठित न होने पर भी उसका निर्वचन दर्शाया गया है एवं दिशावाची नामों में जो 'काष्ठाः'[११] पद पञ्चम स्थान पर पठित है, उसका निर्वचन किया है। रात्रिवाची तेईस पदों में 'रात्रिः'[१२] पद संगृहीत न होने पर भी उसी का निर्वचन है। उषावाची सोलह पद परिगणित हैं, इनमें 'उषाः'[१३] पद अगृहीत है, किन्तु निर्वचन इसी पद का है। 'अहः'(दिन) के वाचक बारह नाम एकत्रित हैं, उनमें 'अहः'[१४] पद नहीं है, जिसका निरुक्तकार ने निर्वचन प्रस्तुत किया है। मेघवाची तीस नाम है, उनमें 'मेघः' पद चौबीसवें स्थान पर है, और उपरः –ये दोनों पद उन्नीसवें तथा बीसवें स्थान पर हैं, यद्यपि उपरः – उपरः वस्तुतः एक ही शब्द हैं, 'र' 'ल' के अभेद से 'उपरः' शब्द ही उपलः हो गया है, यास्क ने भी दोनों का एक निर्वचन दिखलाया है, और मेघः का भी।[१५]

इस प्रकार मेघावाची पदों में से तीन पदों का निर्वचन किया गया है। वाणी के वाचक सत्तावन नाम पद हैं, जिनमें 'वाक्' पद पचासवें क्रम पर है, निरुक्त में इसी एक पद का निर्वचन दिखाया है।[१६] एक सौ एक उदक के नाम हैं, 'उदकम्' पद छत्तीसवें स्थान पर पठित है, जिसका अर्थ बताया गया है।[१७] नदीवाची सैंतीस पद संगृहीत किये गये हैं, ये सब पद बहुवचनान्त हैं, जिनमें 'नद्यः' पद अन्तिम है, यास्क ने इसी का अर्थ समझाया है।[१८] छब्बीस अश्ववाची नामपद

संगृहीत हैं, इनमें 'अश्वा:' पद अन्तिम है, निरुक्त में इसी पद का निर्वचन दर्शाया गया है तथा सप्तम स्थान पर पठित 'दधिक्रा:' पद का भी।[19] इनसे अग्रिम पन्द्रहवें खण्ड में अश्ववाची दस नाम विशेष–विशेष देवताओं के साथ आदिष्ट प्रयोग वाले हैं–ऐसा वेदज्ञों का साहचर्य–ज्ञान हेतु विज्ञापन है, सोलहवें खण्ड में ग्यारह धातुएं दीप्त्यर्थक हैं और अग्रिम खण्ड में प्रदीप्त होने वाले द्रव्य के ग्यारह नाम हैं। निरुक्तकार ने निघण्टु के अन्तिम इन तीन खण्डों में पठित किसी भी पद का निर्वचन न कर इन्हें स्मरण–मात्र किया है।[20]

निरुक्त के नैघण्टुक काण्ड के तृतीय अध्याय के प्रथम पाद से क्रमश: निघण्टु के द्वितीय अध्याय के बाईस खण्डों में पठित पदों का व्याख्यान प्रारम्भ होता है। जिसके प्रथम खण्ड में कर्मवाची छब्बीस नाम हैं किन्तु उनमें 'कर्म' पद अपठित होते हुए आचार्य ने उसी का निर्वचन किया है।[21] अग्रिम खण्ड में अपत्यवाची पन्द्रह नामपद हैं, 'अपत्यम्' पद का स्थान–क्रम दसवां है, इसी का अर्थ निरुक्त में दर्शाया गया है।[22] तृतीय खण्ड में मनुष्य के वाचक पच्चीस नाम हैं, इनमें प्रथम स्थान पर पठित 'मनुष्या:' का निर्वचन तेईसवें स्थान पर पठित 'पञ्चजना:' पद का अर्थविचार किया है।[23] 'बाहू' पद बाहूवाची बारह नामों में अष्टम स्थान पर है, जिसका निर्वचन किया गया है।[24] पञ्चम खण्ड में बाईस नाम अङ्गुलिवाची हैं, जिनमें अपठित 'अङ्गुलि' का और ग्यारहवां 'अवनय:' दशवां 'कक्ष्या:', सोलहवां सत्रहवां 'योक्त्राणि' 'योजनानि' बीसवां 'अधीश:' तथा अट्ठारहवां 'धुर:' पद हमारे द्वारा ज्ञापित क्रम से निर्वचनपूर्वक दर्शाये है।[25] इस प्रकार इस खण्ड से एक अपठित पद 'अङ्गुलि' का और छ: पठित पदों का आचार्य ने अर्थ बताया है। निघण्टु के षष्ठ खण्ड में कान्त्यर्थक अट्ठारह अष्टम खण्ड में भक्षणार्थक दस, द्वादश खण्ड में क्रुध्यर्थक दस, चतुर्दश खण्ड में गत्यर्थक एक सौ बाईस, अष्टादश खण्ड में व्याप्त्यर्थक दस, उन्नीसवें खण्ड में बधार्थक तैंतीस तथा इक्कीसवें खण्ड में ऐश्वर्यार्थक चार धातुएं पठित हैं। निरुक्तकार ने इनके विषय में कोई व्याख्यान अथवा मन्त्र या मन्त्रांश प्रस्तुत नही किया है। हाँ, इन धातुओं को संख्या के माध्यम से अवश्य स्मरण कर अव्याख्यात छोड़ दिया है।[26] उन्नीसवें खण्ड में जो तैंतीस वधार्थक धातुएं हैं, उनमें वियात:, तकित् और आखण्डल ये तीन नामपद हैं, इन तीनों का निर्वचन यास्क ने किया है।[27] निघण्टु कोष के द्वितीय अध्याय के सप्तम खण्ड में अन्न के वाची अट्ठाईस पद हैं, जिनमें से अन्नम् अपठित का निरुक्तकार ने निर्वचन किया है।[28] नवम खण्ड में बलवाची भी इतने ही पद हैं, किन्तु इनमें भी 'बलम्' पद जो अपठित है का आचार्य ने निर्वचन दर्शाया है।[29] इसी प्रकार दशम खण्ड में धनवाची अट्ठाईस, पञ्चदश खण्ड में क्षिप्रवाची छब्बीस षोडश खण्ड में अन्तिक (समीप) वाची ग्यारह तथा सप्तदश खण्ड में संग्रामवाची छियालिस नामपद परिगणित हैं। इनमें पठित पदों का आचार्य ने निर्वचन न कर क्रमश: 'धनम्' 'अन्तिकम्' 'संग्राम' इन पदों का अर्थ दर्शाया है।[30] एकादश खण्ड में गो के वाचक नौ तथा त्रयोदश खण्ड में क्रोध के ग्यारह नामपद संगृहीत हैं,

निरुक्त में इनमें से किसी भी पद का निर्वचन नहीं है। विंशति खण्ड में वज्रवाची अट्ठारह नाम हैं, जिनमें नवम स्थानीय 'वज्रः' और एकादश स्थानीय 'कुत्सः' पद का आचार्य ने निर्वचन किया है।[31] बाईसवें खण्ड में ईश्वरवाची चार नामपदों में अन्तिम 'इनः' पद का निरुक्तकार ने निर्वचन दर्शाया है।[32]

निघण्टु कोष के तृतीय अध्याय में तीस खण्डों के अन्तर्गत पांचवें खण्ड में दस परिचरणार्थक, ग्यारहवें खण्ड में आठ दर्शनार्थक, चौदहवें खण्ड में चवालिस अर्चनार्थक, उन्नीसवें खण्ड में सत्रह याञ्चार्थक्, बीसवें खण्ड में दस दानार्थक, इक्कीसवें खण्ड में चार अध्येषणार्थक तथा बाइसवें खण्ड में दो स्वपनार्थक धातुएं परिगणित हैं। निरुक्तकार ने इनमें से किसी पद का निर्वचन नहीं किया है और न इनकी सम्पुष्टि में कोई मन्त्र अथवा मन्त्रांश ही दिया है। धातुओं के सम्बन्ध में उसकी शैली अव्याख्यात ही है। प्रथम खण्ड में बहुवाची बारह, चतुर्थ खण्ड में गृहवाची बाईस, षष्ठ खण्ड में सुखवाची बीस, सप्तम खण्ड में रूपवाची सोलह दशम खण्ड में सत्यवाची छः, पन्द्रहवें खण्ड में मेधावीवाची चौबीस, सोलहवें खण्ड में स्तोता के वाचक तेरह, अट्ठारहवें खण्ड में ऋत्विक्वाची आठ, चौबीसवें खण्ड में स्तेनवाची चौदह, पच्चीसवें खण्ड में निर्णितान्तर्हित छः, छब्बीसवे खण्ड में दूरवाची पांच और सत्ताइसवें खण्ड में पुराणवाची छः नामपद परिगणित हैं। इनमें क्रमशः बहु, गृहम्, सुखम्, रूपम्, सत्यम्, मेधावी, स्तोता, ऋत्विक् स्तेनः, निर्णितम्, दूरम्, पुराणम् ये पद अपठित होने पर भी आचार्य ने इन्हीं का निर्वचन उपरोक्त खण्डों में से किया है।[33] द्वितीय खण्ड में ह्रस्ववाची ग्यारह, तृतीय खण्ड में महत्वाची पच्चीस, सत्रहवें खण्ड में यज्ञवाची पन्द्रह, तेइसवें खण्ड में कूपवाची चौदह और अट्ठाइसवें खण्ड में नववाची छः नामपद पठित हैं, इनमें से ह्रस्व, महत्, यज्ञ, कूप, नव – इन पदों का क्रमशः निर्वचन आचार्य ने किया है[34], ये पद खण्डान्तर्गत पठित हुए हैं। अष्टम खण्ड में प्रशस्यवाची दस, नवम खण्ड में प्रज्ञावाची ग्यारह पद हैं, जो सर्वथा अव्याख्यात हैं। ग्यारहवें खण्ड में आठ पद दर्शनार्थक धातुयें और चिक्यत् आदि नाम मिश्रित है। इनमें से चिक्यत्, चाकनत्, अवचाकशत् ये तीनों पद नाम तथा आख्यात दोनों हो सकते हैं। विचर्षणिः, विश्वचर्षणि ये दो नाम हैं और शेष तीन आख्यात हैं। बारहवें खण्ड में सम्पूर्ण पदों के पाठ के लिये नौ पद हैं। तेरहवें खण्ड में बारह उपमावाचक हैं, जिनकी निरुक्ताकार ने मन्त्र देकर व्याख्या की है। उन्नतीसवें खण्ड में छब्बीस पद हैं, जिन सबका निरुक्त में व्याख्यान हुआ है। अन्तिम खण्ड में द्यावापृथिवी के चौबीस नाम हैं, आचार्य ने द्यावापृथिवी का वर्णन 'कतरा पूर्वा' मन्त्र में किया है।

निघण्टु कोष का चतुर्थ अध्याय नैगम काण्ड कहलाता है, इसमें तीन खण्ड हैं, जो अनेक अर्थों वाले एक शब्द है उनकी तथा जिनका प्रकृति प्रत्यय आदि अज्ञात है उन शब्दों की यहाँ व्याख्या है, इस काण्ड को कई आचार्य ऐकपदिक नाम से व्यवहार करते हैं, क्योंकि नैघण्टुक काण्ड में तो पदों के गण हैं, परन्तु इस काण्ड में प्रत्येक पद भिन्न–भिन्न है, एक पद का दूसरे

पद के साथ कोई सम्बन्ध नहीं है इस काण्ड के प्रत्येक पद की आचार्य ने व्याख्या की है, एवं यह नैगम काण्ड है। इसके प्रथम काण्ड में से तरेसठ, द्वितीय में चौरासी तथा तृतीय में एक सौ बत्तीस पद पठित हुए हैं।

निघण्टु कोष का पञ्चम अध्याय छः काण्डों से ग्रथित है, इसके प्रथम काण्ड में तीन, द्वितीय में तेरह, तृतीय में छत्तीस, चतुर्थ में बत्तीस, पंचम में छत्तीस तथा षष्ठ में इकतीस पद पठित हैं। यास्क ने निरुक्त के सप्तम अध्याय से इस काण्ड की व्याख्या भूमिका के माध्यम में प्रारम्भ की है, तथा इस काण्ड का दैवत नाम रखा है, यह निरुक्त का उत्तरार्ध है। निरुक्त के चतुर्थ पाद से अग्नि आदि की निर्वचन सहित व्याख्या प्रारम्भ करके द्वादश अध्याय चतुर्थ पाद तक सभी दैवत काण्डान्तर्गत पदों को दर्शाया गया है। निरुक्त का त्रयोदश और चतुर्दश अध्याय परिशिष्ट नाम से प्रसिद्ध है। जिसमें अग्नि–वरुण, इन्द्र, आदित्य आदि तथा ऊर्ध्वमार्गगति आदि की चर्चा की गयी है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि महान् भाषावैज्ञानिक आचार्य यास्क ने निघण्टु के प्रथम अध्याय की व्याख्या निरुक्त के द्वितीय अध्याय के शेष भाग में कर दी तथा दूसरे अध्याय की व्याख्या निरुक्त के तृतीय अध्याय के पहले बारह खण्डों में और निघण्टु के तृतीय अध्याय की व्याख्या निरुक्त के तृतीय अध्याय शेष खण्डों (तेरह से बाइस तक) में की है। निघण्टु के अन्तिम दो अध्यायों के प्रत्येक खण्ड की व्याख्या निरुक्त में एक–एक अलग अध्याय में की गई है।

वस्तुतः उपर्युक्त विवेचन से हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि यास्क ने निघण्टु के प्रत्येक शब्द की व्याख्या न करके कतिपय पदों की ही व्याख्या की है यथा नैघण्टुक काण्ड में संकलित १३४१ पदों में से मात्र २३० पदों की व्याख्या की गयी है। हाँ, निघण्टु के चतुर्थ तथा पञ्चम अध्यायों में पठित ४३० पदों में से उन्होंने प्रत्येक की सोदाहरण व्याख्या की है। इस प्रकार निघण्टु के १७७१ पदों में से कुछ ६६० शब्दों की निरुक्त में सप्रमाण व्याख्या की गयी है। कितना अच्छा होता यदि इन समस्त पदों पर आचार्य द्वारा प्रकाश पड़ जाता, यह सब अव्याख्यात होने से अर्थ विज्ञान का एक विशाल क्षेत्र अप्रकाशित ही रह गया। आचार्य ने क्या सोचकर कतिपय पदों की व्याख्या कर दी और कतिपय अव्याख्यात ही छोड़ दिये, यह भी एक चिन्तन का विषय है।

डॉ. सत्यदेव निगमालङ्कार
प्रवक्ता–वेद विभाग
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
हरिद्वार

प्रमाण तथा टिप्पणियां

१. नावैयाकरणाय। निरु. भा.भू.

२. निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते। पा. शि. ४१

३. गौरिति पृथिव्या नामधेयं यद् दूरं गता भवति, यच्चास्यां भूतानि गच्छन्ति गातेर्वौकारो नामकरणः। निरु. नैघ. २ पा., १ खं.

४. ह्रियत आयम्यमानमिति वा, ह्रियते जनाज्जनमिति वा, हितरमणं भवतीति वा, हृदयरमणं भवतीति वा, हर्यतेर्वा स्यात् प्रेप्साकर्मणः। निरु. नैघ. ३ पा., १ ख.

५. अन्तरा क्षान्तं भवति, अन्तरा इमे इति वा, शरीरेष्वन्तः अक्षयमिति वा। निरु. नैघ., २अ.,३पा., ३ख.

६. समुद्द्रवन्त्यस्मादापः, समभिद्रवन्त्येनमापः सम्मोदन्तेऽस्मिन् भूतानि, समुदको भवति, समुनत्तीति वा। निरु. नैघ.,२अ., ३पा., ३ख

७. 'स्वः' आदित्यो भवति। सु अरणः – सु ईरणः स्वृतो रसान् स्वृतो भासं ज्योतिषां स्वृतो भासेति वा। एतेन द्यौर्व्याख्याता। 'पृश्निः' आदित्यो भवति। प्राश्नुत एनं वर्ण इति नैरुक्ताः, संस्प्रष्टा रसान्, संस्प्रष्टा भासं ज्योतिषां, संस्प्रष्टो भासेति वा। अथ द्यौः संस्पृष्टा ज्योतिभिः पुण्यकृद्भिश्च। 'नाकः' आदित्यो भवति। नेता रसानां, नेता भासां, ज्योतिषां प्रणयः। अथ द्यौः कमिति सुखनाम तत्प्रतिषिद्धं प्रतिषिध्येत। 'नवा अमुं लोकं जग्मुषे किंचनाकम' नवा अमुं लोकं गतवते किंचनासुखं, पुण्यकृतो ह्येव तत्र गच्छन्ति। 'गौः' आदित्यो भवति गमयति रसान् गच्छत्यन्तरिक्षे। अथ द्यौर्यत् पृथिव्या अधिदूरं गता भवति, यच्चास्यां ज्योतींषि गच्छन्ति। 'विष्टप्' आदित्यो भवति। आविष्टो रसान्, आविष्टो भासं ज्योतिषां, आविष्टो भासेति वा। अथ द्यौराविष्टा ज्योतिर्भिः पुण्यकृद्भिश्च। 'नभः' आदित्यो भवति, नेता, रसानां नेता भासां ज्योतिषां प्रणयः, अपि वा भन एवं स्याद्विपरीतः, न न भातीति वा। एतेन द्यौर्व्याख्याता। निरु. नैघ., २अ., ४पा., १४खं.

८. आदत्ते रसान् आदत्ते भासं ज्योतिषां, आदीप्तोभासेति वा, अदितेः पुत्र इति वा। निरु. नैघ., २अ., ४पा., १४खं.

९. रश्मिः, यमनात्। तेषामादितः साधारणानि पञ्चाश्वरश्मिभिः। निरु. नैघ., २अ., ५पा., १५ खं.

१०. दिशतेः आसदनात्, अपि वाऽभ्यशनात्। निरु. नैघ.,२अ., ५पा., १५खं.

११. तत्र 'काष्ठाः' इत्येतदनेकस्यापि सत्त्वस्य नाम भवति। काष्ठा दिशो भवन्ति, क्रान्त्वा स्थिता भवन्ति। काष्ठा उपदिशो भवन्ति, इतरेतरं क्रान्त्वा स्थिता भवन्ति। निरु. नैघ., २अ., ५पा., १५खं.

१२. प्ररमयति भूतानि नक्तचारीणि। उपरमयतीतराणि ध्रुवीकरोति। रातेर्वा स्याद्दानकर्मणः, प्रदीयन्तेऽस्यामवश्यायाः। निरु. नैघ., २अ., ६पा., १खं.

१३. उच्छतीति सत्याः। रात्रेरपरः कालः। निरु. नैघ.,२अ.,६पा., ३खं.

१४. उपाहरन्त्यस्मिन् कर्माणि। निरु. नैघ., २अ., ६पा., २१खं.

१५. मेहतीति सतः। आ उपर उपल इत्येताभ्यां साधारणानि पर्वतनामाभिः। उपर उपलो मेघो भवति, उपरमन्तेऽस्मिन्नभ्राणि, उपरता आप इति वा। निरु. नैघ., २अ., ६पा., २२खं.

१६. वचतेः। निरु. नैघ., २अ., ७पा., २खं.

१७. उनत्तीति सतः। निरु. नैघ., २अ., ७पा., २खं.

१८. नदना इमा भवन्ति शब्दवत्य:। बहुलमासां नैघण्टुकं वृत्तम्, आश्चर्यमिव प्राधान्येन। निरु. नैघ., २अ., ७पा., ३खं.

१९. अश्नुतेऽध्वानं, महाशनो भवीतीति वा। तत्र दधिक्रा इत्येतद् दधत्क्रामतीति वा, दधत्क्रन्दतीति वा, दधदाकारी भवतीति वा। नैघ. २अ., ७पा., ६खं.

२०. (क) दशोत्तराण्यादिष्टोपयोजनानीत्याचक्षते साहचर्यज्ञानाय। (ख) ज्वलतिकर्माण उत्तरे धातव एकादश। (ग) तावन्त्येवोत्तराणि ज्वलतो नामधेयानि। निरु. नैघ., २अ., ७पा., ६खं.

२१. क्रियत इति सत:। नैघ., ३अ., १पा., १खं.

२२. अपततं भवति, नानेन पततीति वा। नैघ., ३अ., १पा., १खं.

२३. मत्वा कर्माणि सिव्यन्ति, मनस्यमानेन सृष्टा: —मनस्यति: पुनर्मनस्वीभावे मनोरपत्यं मनुषो वा। निरु. नैघ., ३अ., २पा., १खं.

२४. प्रबाधते आभ्यां कर्माणि। निरु. नैघ., ३अ., २पा., २खं.

२५. अग्रगामिन्यो भवन्तीति वा अग्रगालिन्यो भवन्तीति वा, अग्रकारिण्यो भवन्तीति वा, अग्रसारिण्यो भवन्तीति वा अङ्कना: भवन्तीति वा, अञ्चना: भवन्तीति वा, अपि वा अभ्यञ्जनादेव स्यु:। ....अवनयोऽङ्गुलयो भवन्ति अवन्ति कर्माणि। कक्ष्या: प्रकाशयन्ति कर्माणि। योक्त्राणि योजनानीति व्याख्यातम्। अभशवोऽभ्यश्नुवते कर्माणि। ....धू: धूर्वतेर्वधकर्मण:। इयमपीतरा धू: एतस्मादेव विहन्ति वहं, धारयतेर्वा। निरु. नैघ., ३अ., २पा., २—८ खं.

२६. (क) कान्तिकर्माण उत्तरे धातवोऽष्टादश। (ख) अत्तिकर्माण उत्तरे धातवोदश।
(ग) क्रुध्यतिकर्माण उत्तरे धातवो दश। (घ) गतिकर्माण उत्तरे धातवो द्वाविंशशतम्।
(ङ) व्याप्तिकर्माण उत्तरे घातवो दश। (च) वधकर्माण उत्तरे धातवस्त्रयस्त्रिंशत्।
(छ) ऐश्वर्यकर्माण उत्तरे धातवश्चत्वार:। नैघ., ३अ., २पा., ३—९,११,१२ खं.

२७. वियातयित: इति, वियातयेति वा। आखण्डयित:, खण्डं खण्डयते:। तकिदित्यन्तिकवधयो: संसृष्टकर्म, ताडयतीति सत:। नैघ., ३अ., २पा., ११खं.

२८. आनतं भूतेभ्य: अत्तेर्वा। नैघ., ३अ., २पा., ४खं.

२९. बलं भरं भवति, बिभर्ते:। नैघ., २अ., ३पा., ६खं.

३०. (क) धिनोतीति सत:। (ख) संक्षिप्तो विकर्ष:। (ग) आनीतं भवति। (घ) सङ्गमनाद्वा, सङ्गरणाद्वा संगतौ ग्रामौ इति वा। नैघ., ३अ., २पा., ८, ९ खं.

३१. वर्जयतीति सत:। तत्र कुत्स इत्येतत् कृन्तते:। नैघ. ३अ., २पा., ११ खं.

३२. सनित ऐश्वर्येणेति वा, सनितमनेनैश्वर्यमिति वा। नैघ., ३अ., २पा., १२खं.

३३. क्रमश: — प्रभवतीति सत:। गृह्णन्तीति सताम्। सुहितं खेभ्य: खं पुन: खनते:। रूपं रोचते:। सत्सु तायते, सत्प्रभवं भवतीति वा। मेधया तद्वान् भवति, मेधा मतौ धीयते। स्तोता स्ववनात्। ईरण: ऋग्यष्टा भवतीति शाकपूणि:, ऋतुयाजी भवतीति वा। संस्त्यानमस्मिन्पापकमिति नैरुक्ता:। निर्णिक्तं भवति। द्रुतं भवति दुरयं वा। पुरा नवं भवति। निरु.,नैघ.,३अ.,४पा., १,४,६,७,१०,१५,१६,१८,२४,२५,२६,२७, खं.

३४. ह्रस्वो ह्रसते:। मानेनान्याञ्जहातीति शाकपूणि:, मंहनीयो भवतीति वा प्रख्यातं यजतिकर्मेति नैरुक्ता:। याच्ञो भवतीति वा। यजुरुन्नो भवतीति वा, बहुकृष्णाजिन इत्यौपमन्यव:, यजूंष्येनं नयन्तीति वा। कुपानं भवति, कुप्यतेर्वा। आनीतं भवति। निरु. नैघ. ३अ.,४पा., २,३,१७,२३,२८ खं.

स्वामी दयानन्द के शिक्षा दर्शन– वर्तमान परिप्रेक्ष्य में

उन्नीसवीं शताब्दी के धार्मिक नवजागरण के विशिष्ट महापुरुषों में स्वामी दयानन्द का नाम अन्यतम है। उनका व्यक्तित्व बहु--आयामी था। स्वामी दयानन्द युगद्रष्टा एवं युगप्रवर्तक थे। इसके अतिरिक्त वे एक महान् शिक्षा शास्त्री भी थे। सर्वप्रथम हम यह अवलोकन करें कि स्वामी जी ने अपने ग्रन्थों में कहां–कहां अपनी शिक्षा विषयक विचारधारा को प्रस्तुत किया है। तत्पश्चात् हम उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये शिक्षा विषयक सन्दर्भों के आधार पर उनके विचारों की विवेचना करेंगे।

स्वामी दयानन्द ने अपने श्रेष्ठ ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश के द्वितीय एवं तृतीय समुल्लास में इस शिक्षा विषय को लिया है। 'अथ शिक्षां प्रवक्ष्यामः' के साथ दूसरे तथा 'अथाध्ययन विधिं व्याख्यास्यामः' के साथ तृतीय समुल्लास का प्रारम्भ होता है। इन दोनों अध्यायों में शिक्षा विषयक भारत की प्राचीन वैदिक परम्परा का विस्तृत विवेचन करते हुए स्वामी दयानन्द ने ब्रह्मचर्य आश्रम में अध्ययन, स्वाध्याय एवं प्रवचन, अध्ययन समाप्ति के पश्चात् दीक्षान्त अनुशासन, संस्कृत के शास्त्रीय अध्ययन की पाठविधि, ग्राह्य एवं त्याज्य पुस्तकें, स्त्री शिक्षा, वेदों के पठनाधिकार का विवेचन आदि विषय लिये हैं। उनके संस्कार विधि तथा ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका जैसे ग्रन्थों में भी प्रसंगानुसार शिक्षा विषय की चर्चा हुई है। संस्कृतवाक्य प्रबोध ग्रन्थ लिखकर उन्होंने बालकों की संस्कृत सम्भाषण क्षमता को बढ़ाने में सहायता दी तो व्यवहारभानु के द्वारा बालकों के आचार, व्यवहार, शिष्टाचार तथा सामान्य कर्त्तव्यों का निर्देशन किया।

स्वामी दयानन्द भलीभांति इस तथ्य का दर्शन किये हुए थे कि शिक्षा मानव एवं समाज की नींव है। शिक्षा के इसी महत्त्व को स्वीकार करते हुए उन्होंने सत्यार्थप्रकाश के तृतीय समुल्लास में लिखा है–"सन्तानों को उत्तम विद्या, शिक्षा, गुण, कर्म और स्वभाव रूप आभूषणों का धारण कराना माता–पिता, आचार्य और सम्बन्धियों का मुख्य कर्म है।" स्वामी जी अशिक्षा एवं अविद्या को परतन्त्रता का कारण मानते थे। इसीलिए उन्होंने कहा था–"परमात्मा की सृष्टि में अविद्वान् लोगों का राज्य बहुत दिन नहीं चलता।"

सामान्यतः यह समझा जाता है कि बच्चे की शिक्षा तब प्रारम्भ होती है जब पिता उसे पाठशाला अथवा स्कूल में प्रविष्ट कराता है और अध्यापक उसे अक्षर ज्ञान सिखाने लगता है। परन्तु स्वामी दयानन्द पाठशाला जाने से पहले बच्चे की शिक्षा के लिए उनके माता–पिता को उत्तरदायी मानते हैं। सत्यार्थ प्रकाश का द्वितीय समुल्लास प्रारम्भ करते हुए 'अथ शिक्षां प्रवक्ष्यामः' कहकर स्वामी जी ने शतपथ ब्राह्मण के उस वचन को उद्धृत किया है– **"मातृमान् पितृमान्**

आचार्यमान् पुरुषो वेद"। इसके साथ उन्होंने यह भी लिखा है–'वस्तुत: जब तीन उत्तम शिक्षक अर्थात् एक माता, दूसरा पिता और तीसरा आचार्य हो तभी मनुष्य ज्ञानवान् होता है।'

सबसे पहली शिक्षा बच्चे को माँ से मिलती है। प्रसिद्ध अमेरिकी दार्शनिक एमरसन के शब्दों में "Men are what their mothers made them." मनुष्य वही होते हैं जो उनकी माताएं उन्हें बनाती है। नेपोलियन के शब्दों में तो बच्चे का भाग्य सदैव उसकी माँ की कृति है–The future destiny of child is always the work of the mother. स्वामी दयानन्द इस तथ्य को भलीभांति जानते थे इसीलिए उन्होंने कहा–"जितना माता से सन्तानों को उपदेश और उपकार पहुंचता है उतना किसी से नहीं। जैसे माता सन्तानों पर प्रेम करके उनका हित करना चाहती है उतना अन्य कोई नहीं करता।"[२]

माता के बाद दूसरा उत्तरदायित्व पिता का है और इस परम्परा में इन दोनों के बाद आचार्य का स्थान है। अत: महर्षि मनु ने आचार्य की अपेक्षा सौ गुना अधिक महत्त्व पिता का और पिता की भी अपेक्षा हजार गुना अधिक महत्त्व माता का बताया है, यथा–

उपाध्यायान्दशाचार्य आचार्याणां शतं पिता।
सहस्रं तु पितृमाता गौरवेणातिरिच्यते।।[३]

माता–पिता की पाठशाला में जो बच्चा फेल हो जाता है वह आचार्य की पाठशाला में कदापि पास नहीं हो सकता।

स्वामी दयानन्द ने ठीक ही कहा था, जो माता–पिता बच्चों को पाठशाला नहीं भेजते है वे दण्ड के पात्र हैं तथा वे बच्चों के शत्रु तुल्य माने जाते हैं। वे बालक विद्वानों की सभा में उसी प्रकार सुशोभित नहीं होते हैं जैसे हंसों के बीच में बगुला। स्वामी जी चाणक्य के उस प्रसिद्ध श्लोक को यहां उद्धृत करते हैं–

माता शत्रु: पिता वैरी येन बालो न पाठित:।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा।।[४]

आज हमारे देश के शिक्षा शास्त्रियों की गोष्ठियों में शिक्षा पर विचार किया जाता है। इस पर अनेक आयोग भी बैठाए जाते हैं। किन्तु वे सब अपने विचार बच्चे के मूल माता–पिता से प्रारम्भ न करके स्कूल से ही प्रारम्भ करते हैं। अत: इनकी प्रणालियां सफल नहीं हो पा रही है। इस दिशा में सफलता के लिए आज के शिक्षा शास्त्रियों (Educationist) को स्वामी दयानन्द की उक्त विचारधारा की ओर लौटना ही पड़ेगा।

बीजाधान(गर्भाधान) से ही शिक्षा प्रारम्भ

स्वामी जी की विचारधारा शिक्षा के विषय में अत्यन्त सूक्ष्म एवं मनोवैज्ञानिक है। जिस प्रकार वृक्ष की उत्पत्ति बीज से होती है और उसके लिए उचित भूमि में उचित रीति से बीज का

वपन तथा उचित वातावरण एवं आरम्भ से ही उसकी देखभाल नितान्त अपेक्षित है, उसी प्रकार योग्य सन्तान के निर्माण की योजना भी जन्म से पहले गर्भाधान के समय से ही की जानी चाहिए, क्योंकि गर्भाधान ही नहीं अपितु उससे भी पहले के माता–पिता के आचार–विचार, शील सभ्यता तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक गुणों का सूक्ष्म प्रभाव बच्चे पर किसी न किसी रूप में ही होता है। आज के शरीर विज्ञानविद् तथा मनोवैज्ञानिक भी इस तथ्य को स्वीकार कर चुके हैं। स्वामी दयानन्द इसका साक्षात्कार उस समय कर चुके थे। वास्तव में स्वामी दयानन्द मानव जाति के बीज में ही सुधार करके एक अत्यन्त सभ्य, सुसंस्कृत तथा सशक्त समाज का निर्माण करना चाहते थे। इसीलिए दयानन्द जी सत्यार्थप्रकाश के द्वितीय समुल्लास में ही कहते है–"बालकों को माता सदा उत्तम शिक्षा करें जिससे सन्तान सभ्य हो।" पुनः स्वामी जी का विचार है कि जब बच्चा बोलने लगे तब माता उनको शुद्ध एवं स्पष्ट उच्चारण सिखाएं। साथ ही उसे बड़ों का सत्कार करने एवं उत्तम व्यवहार की भी शिक्षा दें।[५] वस्तुतः स्वामी दयानन्द की उक्त प्रणाली से बच्चा आरम्भ से ही सभ्य और सुशिक्षित होता चला जाएगा और फिर विद्यालय में जाने पर आचार्य को भी उसे विद्वान् एवं सदाचारी बनाने में निश्चित ही सफलता मिलेगी।

गुरुकुल शिक्षा

माता पिता द्वारा बच्चे के पालन पोषण, अक्षर ज्ञान तथा उसे प्रारम्भिक शिष्टाचार की शिक्षा के बाद पांच से आठ वर्ष की अवस्था में स्वामी दयानन्द ने उनके पाठशाला भेजने का विधान किया है। इसके लिए दयानन्द ने 'आचार्य कुल' एवं 'गुरुकुल' शब्द का प्रयोग किया है। वे लिखते हैं–"द्विज अपने घर में लड़कों का यज्ञोपवीत और कन्याओं का यथायोग्य संस्कार करके यथोक्त आचार्यकुल अर्थात् अपनी–अपनी पाठशाला भेज दें।"[६] गुरुकुल वास ही इस तथ्य की स्वीकृति है कि बालक के सर्वविध विकास में परिपार्श्व एवं पर्यावरण का कितना महत्त्व है। नगर के कोलाहल से सर्वथा दूर, प्रकृति के क्रोड में विचरण करने वाला यह अन्तेवासी अब केवल अपने शिक्षकों का सान्निध्य पाकर सर्वतोभवेन अध्ययन के लिए ही स्वयं को समर्पित कर देता है। यहां उसे एक ऐसा स्वच्छ एवं निर्मल वातावरण मिलता है जो उसके सर्वविध विकास में सहायक है। गौतमधर्मसूत्र भी स्पष्ट शब्दों में कहता हे कि 'तजत्यमेकें नगरे'[७] अर्थात् नगर में वेदाध्ययन नहीं करना चाहिए। अतः वेदाध्ययन के लिए सबसे श्रेष्ठ स्थान है–**'गुरुकुल'**। जो नगर से दूर होता है तथा विद्यार्थी ब्रह्मचर्य पालन करते हुए नियमपूर्वक वेदाध्ययन करता है। कारण अध्ययन एक तप है, इसके लिए वातावरण की अनुकूलता, मानसिक शान्ति और एकाग्रता, समुचित स्थान (गुरुकुल) एवं पवित्रता पर धर्मसूत्र में विचार किया गया है। स्वामी दयानन्द इस नियम से निश्चित रूप से परिचित थे, अतः उन्होंने गुरुकुल या आचार्यकुल में ही रहकर विद्या अध्ययन करने के लिए उपदेश दिये हैं।

ब्रह्मचर्यव्रत के विषय में स्वामी दयानन्द कहते हैं कि इससे (इस व्रत को पालन करने से) शरीर में वीर्य का संचय होता है, जिससे बल एवं बुद्धि का विकास होता है जो कि शिक्षार्थी के

लिए अनिवार्य है। ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका[८] में स्वामी जी लिखते हैं—"जो ब्रह्मचारी होता है, वही ज्ञान से प्रकाशित तप और दीक्षा को प्राप्त होके विद्या को प्राप्त होता है।"

स्वामी जी सहशिक्षा (Co-education) के पक्षधर नहीं थे। मनसा—वाचा—कर्मणा पूर्ण ब्रह्मचर्य को श्रेष्ठ मानने के कारण उन्हें बाल्यावस्था से ही बालक—बालिकाओं की अलग—अलग गुरुकुलों में ही शिक्षा व्यवस्था स्वीकार्य थी। कारण स्वामी जी शिक्षा द्वारा सामाजिक चरित्र को ऊंचा उठाना चाहते थे। वे केवल अक्षर ज्ञान तक ही शिक्षा को सीमित नहीं मानते थे। अत: शिक्षण काल में चरित्र की दृष्टि से बालक एवं बालिकाओं का एक साथ रहना उन्हें अभीष्ट नहीं था, क्योंकि इन्द्रिय पर कितना ही नियन्त्रण क्यों न किया जाए फिर भी समीप रहने से मन में विकार उत्पन्न हो ही जाता है। यह एक मनोवैज्ञानिक सत्य है। सहशिक्षा के पक्षपाती यदि विचार कर देखें तो आज के विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में सहशिक्षा भी अनेक समस्याओं का कारण है।

महर्षि दयानन्द का विचार था कि सभी को विद्याध्ययन का समान अवसर मिलना चाहिये। चाहे कोई धनवान् का बेटा हो अथवा निर्धन का, जन्म से ऊंचे कुल का हो अथवा निम्न वर्ण का हो, सभी को एक साथ पढ़ने का अवसर मिलना चाहिये। सत्यार्थप्रकाश में उन्होंने यह आदेश दिया—"इस प्रकार आचार्य अपने शिष्य को उपदेश करें और विशेष कर राजा, इतर क्षत्रिय, वैश्य और उत्तम शूद्रजनों को भी विद्या का अभ्यास अवश्य करावें क्योंकि जो ब्राह्मण हैं यदि वे ही केवल विद्याभ्यास करें और क्षत्रियादि न करें, तो विद्या, धर्म, राज्य और धनादि की वृद्धि कभी नहीं हो सकती।"[९] स्वामी दयानन्द सरस्वती पहले व्यक्ति थे जिन्होंने पाखण्डियों, अन्धविश्वासियों एवं स्वार्थी ब्राह्मणों की 'स्त्री शूद्रोनाधीयातामिति श्रुते:'—इस मान्यता का खण्डन करके विद्या, ज्ञान एवं वेद के द्वारा सबके लिए खोल दिया। सबको वेदाध्ययन के अधिकार का प्रतिपादन करते हुए वे लिखते हैं—'जैसे परमात्मा ने पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, चन्द्र, सूर्य और अन्नादि पदार्थ सबके लिए बनाए हैं वैसे ही वेद भी सबके लिए प्रकाशित किये हैं।'[१०] पुनश्च जो अछूत कही जाने वाली जाति चिरकाल से निम्नकोटि में गिनी जाती थी उसकी उन्नति को दृष्टि में रखते हुए उसके बालकों की नि:शुल्क शिक्षा होनी चाहिए एवं उन्हें विकसित होने के लिए अन्य सुविधाएं भी मिलनी चाहिए। प्रसन्नता की बात है कि हमारी सरकार उपर्युक्त दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठा चुकी है और प्रत्येक क्षेत्र में आज अनुसूचित, पिछड़ी एवं पर्वतीय जातियों तथा आदिवासियों के समुचित विकास के लिए उन्हें यथायोग्य सुविधाएं प्रदान कर रही है। अब तो केन्द्रीय, प्रान्तीय तथा स्थानीय सरकारी सेवाओं में उनके लिए विशेष रूप से स्थान भी आरक्षित रखे जाते हैं।

स्त्री शिक्षा

स्त्री शिक्षा पर जोर देना ऋषि दयानन्द की शिक्षा विषयक मान्यताओं की एक अन्य विशिष्टता है। जीवन रूपी रथ के स्त्री और पुरुष दोनों ही पहिए हैं। इसलिए स्त्री को शिक्षा से वंचित रखना जीवन के सन्तुलित विकास में व्यवधान उपस्थित करना है। स्त्रियों को शिक्षा से

वंचित रखने से न केवल भारतीय समाज का अपितु विश्व के समाज का बड़ा अहित हुआ है। इसे जानते हुए स्वामी दयानन्द ने स्त्री शिक्षा की अनिवार्यता पर बल दिया। साथ–साथ स्वामी जी ने स्त्री को पुरुषों के समकक्ष ही वेदादि एवं अन्य शास्त्रों की शिक्षा की उचित अधिकारिणी माना है। इसके प्रमाण स्वरूप यजुर्वेद के एक मन्त्र को उद्धृत करते हुए उन्होंने सत्यार्थप्रकाश के तृतीय समुल्लास में अपने वचनों की सत्यता सिद्ध की है–

यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः।
ब्रह्मराजन्याभ्यां शूद्राय चार्याय च स्वाय चारणाय।।[११]

उपर्युक्त मन्त्र के अनुसार परमेश्वर ने ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और अपने भृत्य वा स्त्रिआदि और अतिशूद्रादि सभी के लिए वेदों का प्रकाश किया है।

विरोधियों के कुतर्कों के उत्तर में महर्षि का एक अकाट्य तर्क यह भी था कि यदि परमेश्वर को स्त्री–शूद्रादि को वेद पढ़ने–सुनने से वंचित रखना ही अभिप्रेत होता तो वह उनके शरीर में वाक् और श्रोतृ की इन्द्रियों की रचना ही क्यों करता। अथर्ववेद के एक मन्त्र में भी कन्याओं को उचित शिक्षा दिये जाने के प्रमाण प्राप्त होते हैं, यथा–**"ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दते पतिम्।"**[१२]

अर्थात् युवकों के समान ही युवती कन्या ब्रह्मचर्य सेवन और वेदादि शास्त्रों को पढ़कर पूर्ण विद्या और उत्तम शिक्षा प्राप्त कर अपने सदृश विद्वान् और युवा पुरुष को प्राप्त हो।

स्वामी दयानन्द ने स्त्री शिक्षा की आवश्यकता और औचित्य को सुखी गृहस्थाश्रम की अनिवार्य शर्त माना है। शिक्षित स्त्री की सर्वप्रथम सार्थकता अपनी, सन्तान को शिक्षित करने और शील संस्कार से युक्त करने में है। गृह कार्यों का समुचित संपादन, अतिथि एवं अन्य सन्मान्य जनों की उचित सेवा सुश्रूषा, देनन्दिन समस्याओं के सम्बन्ध में औचित्य–अनौचित्य या सत्यासत्य का निर्णय आदि सभी कार्य आदि शिक्षित स्त्री के लिए निश्चय ही अपेक्षाकृत सहज है। स्वामी जी कहते हैं कि स्त्रियों को भी व्याकरण, वैद्यक शास्त्र, गणित, भाषा शास्त्र, धर्मशास्त्र, शिल्प विद्या, कला तथा संगीत विद्या तो अवश्य ही पढ़नी (सीखनी) चाहिए। कतिपय अवसरों पर विरोधियों और कट्टरपंथियों द्वारा स्त्री शिक्षा का विरोध किए जाने तथा शिक्षा को स्त्रियों की चरित्रहीनता का एकमेव कारण बताए जाने पर उन्होंने उसका मुँहतोड़ जवाब देते हुए कहा कि –"शिक्षा का परिणाम पाप हो तो पुरुषों को भी अशिक्षित ही रहना चाहिए। अधिकांश पापकर्म तो अपढ़ और कुपढ़ जन ही किया करते है।"[१३] अतः महर्षि दयानन्द के ही अनन्य प्रयासों का शुभ परिणाम था कि भारत में स्त्री शिक्षा का प्रचलन हो सका।

शिक्षा के मामले में स्वामी दयानन्द का दृष्टिकोण जरा भी संकुचित नहीं था, अपितु वह इतना विस्तृत था कि वे देवनागरी व संस्कृत के अतिरिक्त अन्य भाषाओं का भी सम्मान करते थे और यह अपेक्षित समझते थे कि अन्य भाषाओं का भी अध्ययन किया जाए जिससे भारत

के बाहर की दुनिया से भी सम्पर्क (सम्बन्ध) बना रहे।

अशिक्षा व अन्धविश्वासों के गहन अन्धकार में सोए भारतीय समाज को जगाने वाले स्वामी दयानन्द ही थे जिन्होंने सर्वप्रथम सब वर्णों के लिए और विशेष रूप से स्त्रियों के लिए शिक्षा का आह्वान किया। इस दृष्टि से समग्र भारतीय समाज और विशेष रूप से स्त्री समाज स्वामी दयानन्द का ऋणी है। इसके साथ–साथ भेद भाव एवं छुआछूत आदि भावनाओं के विरोधी और समान अधिकारों के समर्थक स्वामी दयानन्द एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उपदेशों एवं प्रयासों का परिणाम हमें आज समाज में स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। स्वाधीनता के पूर्व एवं पश्चात् के सजातीय एवं अछूत वर्णों के समाज में हम गगन एवं धरती की दूरी को क्षितिज के समान मिलता हुआ देख रहे हैं। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में शीघ्र ही जातिगत दोष पूर्णत: समाप्त हो जायेंगे और स्वामी दयानन्द के सपने साकार होंगे। अन्त में निष्कर्ष के रूप में हम यह कहेंगे कि स्वामी जी का शिक्षा दर्शन, परमेश्वर के द्वारा सृष्ट समस्त मानव समाज एवं उनके हित के लिए परम अभीष्ट था, जो आज भी ग्रहणीय है एवं भविष्य में भी सदा ग्रहणीय रहेगा। इसमें लेश मात्र सन्देह नहीं है।

डॉ. नरसिंह चरण पण्डा
वरिष्ठ शोध अधिकारी
बी–१/२३०, ८०,
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र,
वाराणसी–२२१००५

सन्दर्भ संकेत

१. द्रष्टव्य, सत्यार्थ प्रकाश, समुल्लास–११
२. सत्यार्थ प्रकाश, स्वामी दयानन्द कृत, समुल्लास २
३. मनुस्मृति, अध्याय–२, श्लोक १४५
४. चाणक्य नीति २/११
५. तुल. 'Education is the modification of behaviour-J.B. Waltson'
६. सत्यार्थ प्रकाश, समुल्लास–३
७. गौतमधर्मसूत्र, II.७.४५
८. द्रष्टव्य, वर्णाश्रम विषय
९. सत्यार्थप्रकाश, समुल्लास ३
१०. तदैव।
११. यजुर्वेद, XXVI२
१२. अथर्ववेद, XI ३.२४.१८
१३. श्रीमद्दयानन्द प्रकाश, पृ. ४४७

वेदार्थ में कल्पों (श्रौतसूत्रों) का योगदान

वेदार्थ में श्रौतसूत्रों का योगदान इस दृष्टि से अभावात्मक ही कहा जायेगा कि श्रौतसूत्रों का लक्ष्य केवल विविध वैदिक कर्मों का प्रतिपादन और विस्तृत वर्णन करना ही होता है। इस क्रम में विशेष यज्ञ–क्रियाओं में विशेष वैदिक मन्त्रों का विनियोग निर्दिष्ट किया जाता है। ये मन्त्र प्रायः सूत्र की अपनी वैदिक शाखा के होते हैं। इन विनियोगों का सूत्र प्रायः अपनी शाखा के ब्राह्मण में होता है। व्याख्याकार इस सम्बन्ध सूत्र के आधार पर ही व्याख्या करते हैं जिसमें ब्राह्मण वचन को अन्तिम प्रमाण माना जाता है। ये विनियोग शब्दों के कल्पित अर्थ पर आधारित होते हैं अथवा विनियुक्त मन्त्रों में अविद्यमान शब्दों पर भी आधारित होते हैं। ऐसी स्थिति में उनके द्वारा केवल कर्मकाण्डीय अर्थ की ही व्याख्या होती है, वैदिक शब्दों के सामान्य जीवन से सम्बद्ध व्यापक पक्षों की नही।

उदाहरणार्थ हम शुक्ल यजुर्वेद के कात्यायन श्रौत सूत्र के विनियोगों पर दृष्टिपात कर सकते हैं। वहां प्रथम अध्याय के प्रथम मन्त्र या कण्डिका को विनियोग के लिये पांच खण्डों या मन्त्रों में विभाजित किया गया है। उस दृष्टि से प्रथम खण्ड है "इषे त्वा" जिसका विनियोग का श्रौ. (४.२.९.३) के अनुसार दर्श याग में गौओं के दोहन से पहले बछड़ों को उनसे दूर करने के लिये शाखा को काटने के लिये किया जाता है। तदनुसार मन्त्रार्थ होगा "हे शाखा, मै अन्न के लिये तुझे काटता हूँ।" इसी प्रकार ऊर्जेत्वा का अर्थ होगा–"हे शाखा, मैं इसके लिये तुझे साफ करता हूँ।" इन दोनों विनियोगों में एक बात तो यह विचारणीय है, 'त्वा' का सम्बन्ध शाखा से कैसे हो गया और अचेतन शाखा को क्यों सम्बोधित किया गया है। स्पष्ट है कि 'त्वा' के शाखा से सम्बन्ध का आधार श. ब्रा. है। अचेतन शाखा को इसलिये सम्बोधित किया गया है क्योंकि उसके मूल में अधिष्ठात्री देवता है जो अदृश्य है परन्तु चेतन है–"शाखादीनाम्चेतनत्वेऽपि तदभिमानिनीनां देवतानां सत्त्वाद्देवतात्वम्।"

जब उसी शाखा के द्वारा बछड़ों को गौओं से दूर हांका जाता है तो मन्त्र–खण्ड 'वायव स्थ' बोलने का विधान है। यहां भी पिछले विनियोग के समान ही बछड़ों को देव मानकर सम्बोधित करके कहा गया है–"हे बछड़ो, तुम (अपनी माताओं से अलग होने के लिये) गतिशील हो जाओ।" इस प्रसंग में बछड़ों को सम्बोधित 'वायवः स्थ' का बछड़ों से सम्बन्ध भी दुरूह है। वास्तव में श. ब्रा. द्वारा ही इस विनियोग की पुष्टि होती है। सम्भवतया इसी कारण सूत्रग्रन्थों द्वारा ब्राह्मण ग्रन्थों की प्रामाणिकता स्वीकार करने हेतु ही उन्हें 'मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्' जैसे वाक्यों के द्वारा वेद की इच्छित पदवी पर बैठाया गया है।

यजुर्वेद के इस प्रथम मन्त्र के आगे के खण्डों में भी यही प्रकृति लक्षित होती है। इसके विपरीत महर्षि दयानन्द के भाष्य में यह मन्त्र सविता सर्वप्रेरक परमेश्वर को अन्त:करण सहित सभी इन्द्रियों की श्रेष्ठ कर्मों में प्रवृत्ति करने, वृष्टि—अन्न प्रदान करने, पाप चोरी आदि दुष्प्रवृत्तियों से बचाने और पशुओं की रक्षा करने की प्रार्थना की गई है।

विनियोग के अनुसार (का. श्रौ. ४.२.१५,१६) द्वितीय मन्त्र के शब्द "द्यौरसि पृथिव्यसि" के द्वारा उरवा (हांडी) को ग्रहण करता है। उरवा के प्रसंग में इन शब्दों के विनियोग का आधार बनाते हुए का. श्रौ. का अनुसरण करते हुए भाष्यकार महीधर का कहना है कि जिस हांडी में दूध डाला जाना है, उसे सम्बोधित कर के कहा गया है कि हे हांडी, मिट्टी और जल से बनी हुई तू द्यौ: है अर्थात् जल का कारण बनी हुई वृष्टि को देने वाले द्युरूप है। इसी प्रकार पृथ्वी से प्राप्त मिट्टी के द्वारा बनी होने के कारण तू पृथ्वी रूप है। (हे स्थालि, मृज्जलाभ्यां निष्पन्ना त्वं द्यौरसि जलहेतुवृष्टिप्रदद्युलोकरूपासि। तथा पृथिव्यसि पृथिव्या: सकाशादुद्भृतया मृदा निष्पन्नत्वात् पृथिवीरूपत्वम्)।

इसके विपरीत यहां वसु यज्ञ के प्रसंग में व्याख्या करते हुए महर्षि दयानन्द द्यौ: को 'विज्ञानप्रकाशहेतु:' बताते हैं क्योंकि यज्ञ विज्ञानरूप है, यज्ञ का अपना विज्ञान है। यज्ञ में शुद्ध उत्तम घृतादि पदार्थों की आहुतियाँ ऊपर अन्तरिक्ष में जाकर मेघ बनाकर वृष्टि में सहायक होती हैं। इस वृष्टि विज्ञान का प्रकाशक होने के कारण यज्ञ को द्यौ: कहा गया है। इसी प्रकार यज्ञ पृथिवी है, फैलने वाला है, (प्रथ प्रख्याने—प्रसिद्ध होना, फैलना), जिस प्रकार पृथ्वी दूर तक फैली हुई है उसी प्रकार यज्ञ की सुगन्ध वायु के द्वारा दूर- दूर तक फैल जाती है। (वायुना सह विस्तृतो भवति:।)

श्रौतसूत्र वेदार्थ में कितने सहायक हैं, यह जानने के लिये एक उदाहरण अश्वमेध के प्रसंग मे कात्यायन श्रौतसूत्र (२०.६.१४) द्वारा विनियुक्त निम्नलिखित मन्त्र की समीक्षा भी अप्रासङ्गिक न होगी— **ता उभौ चतुर: पद: सम्प्रसारयाव स्वर्गे लोके प्रोर्णुवाथां वृषा वाजी रेतोधा रेतो दधातु।।** वा. सं. २३.२०

मन्त्र—विनियोग के विषय में ब्राह्मणग्रन्थों और श्रौतसूत्रों में प्राय: इस वाक्य का उल्लेख होता है—एतद्वै यज्ञस्य समृद्धं यद् रूपसमृद्धं यत्कर्म क्रियमाणमृगभिवदति। (ऐ. ब्रा. १.१.१६) अर्थात् यज्ञ की समृद्धि उसके इस रूप से है कि किये जाने वाले कर्म में विनियुक्त मन्त्र का अर्थ उसके अनुकूल होता है।

परन्तु यह विचारणीय है कि क्या सर्वत्र मन्त्र—विनियोग में इसका पालन हुआ है। उपरिलिखित उदाहरणों में ही ऐसा प्रतीत होता है कि कर्मकाण्ड में बहुत बार मन्त्र के एक या अधिक शब्दों की ध्वनि के आधार पर भी विनियोग कर दिया गया हो। "हम दोनों चारों पांवों को

फैलायें।" मन्त्रांश में यह स्पष्ट नहीं कि किनके चार पांव अभिप्रेत हैं। यदि यहां यह कहा जाये कि पूर्व मन्त्र से पता चलता है कि चार पांव रानी और अश्व के हैं तो उस मन्त्र के अर्थ में भी यह व्यक्त नहीं है। यह प्रतीत होता है कि निर्दिष्ट प्रसंग में विनियोग की प्रेरणा—'सम्प्रसारयाव' शब्द से मिली होगी। स्वर्ग लोक से कर्मकाण्ड में क्या अभिप्रेत है, यह पहले ही बताया जा चुका है।

वास्तव में 'राष्ट्रं वा अश्वमेध:' के अनुसार यहां दूसरे ही अर्थ की संगति होती है जो महर्षि दयानन्द के भाष्य में स्पष्ट है। तदनुसार राजा और प्रजा दोनों मिलकर चार प्राप्तव्य लक्ष्यों (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) को प्राप्त करने और उनका सभी जनों में विस्तार करने की इच्छा प्रकट करते हैं जिससे कि विज्ञानवान्, दुष्टों का शक्तिबन्धक (वृष:) प्रजा का सुख और बल (वीर्य—रेत:) धारण करे। (भावार्थ—यदि राजप्रजे पितापुत्रवद्वर्तेयातां तर्हि धर्मार्थकाममोक्षफलसिद्धिं यथावत् प्राप्नुयातां यथा राजा प्रजासुखबनेवर्धयेतथा प्रजा आपि राज्ञ: सुखबले उन्नयेत्)। वास्तव में प्रकृष्ट पवित्र वेदमन्त्र का यही भाव है, कोई अश्लील भाव नहीं।

इससे स्पष्ट है कि श्रौतसूत्र केवल विनियोगपरक मन्त्रव्याख्या में सहायक हो सकते हैं, मन्त्र के सत्यार्थ को स्पष्ट करने में नहीं। ऐसे ही मन्त्रस्थ किसी एक या अधिक शब्दों द्वारा संकेतित मिथ्या विनियोग गृह्यसूत्रों में बहुत हुए हैं। ऐसे विनियोगों के आधार पर कर्मकाण्डियों की निन्दा आदित्यदर्शन ने पाकयज्ञ विकृति में निम्नलिखित श्लोकों में की है—

इहैतेच्छान्दसा: प्राय: सर्वे वेदमधीयते।
पदमप्येकमेतस्यान्न बुध्यन्ते कदाचन।।
पाठमात्रेण वेददस्य मन्यमाना: कृतार्थताम्।
गर्जन्ति श्रोत्रिया गेहे निष्फलं शरदभ्रवत्।।
अर्थेन किं नो वेदस्य वदन्ति इति ते मिथ:।
अर्थज्ञानसमासज्जानर्थज्ञान् विहसन्ति च ।।

(पं. मधुसूदन कौल द्वारा नौगाक्षि गृह्यसूत्र की भूमिका पृ. ७–८ में पाण्डुलिपि से उद्धृत)

यह कथन उन पण्डितों के विषय में है जो मन्त्रगत शब्द और कर्म की क्रिया का साम्य देखकर विनियोग कर देते हैं। वे मन्त्रार्थ का महत्त्व नहीं समझते, उस ओर ध्यान नहीं देते हैं।

डॉ. कृष्ण लाल
विश्वनीड, E 937,
सरस्वती विहार,
दिल्ली—११००३४

घर बनाकर अपने हाथों...

घर बनाकर अपने हाथों, हम गिराने लग गए।
क्या बनाने को चले थे, क्या बनाने लग गए।।
बारूद की ढेरी में लिपटा, है हमारा आशियाँ।
आज हिन्दोस्ताँ तुझे हम, क्या बनाने लग गए.....
फूल तो हम पा सके ना, शूल ही हमने बटोरे।
हाय रे! ओ बागवाँ हम, क्या कमाने लग गए.....
मौत के साये में जिन्दा, हैं सभी इस दौर में।
नासमझ अपने ही घर को, खुद जलाने लग गए.....
सिंह की सन्तान थे जो, थे वतन के पासवाँ।
आज वे हथियार लेकर, खूँ बहाने लग गए.....
इस वतन का रूप जब–जब, कुछ निखरने सा लगा तो।
तस्वीर के हर रंग को हम, खुद मिटाने लग गए.....
झूठ–धोखा औ, फरेबी, बस यही धन्धा रहा।
हर चुनावों में यहाँ हम, पैसा चुराने लग गए.....
बात तो करते रहे हम, चरित की, ईमान की।
किन्तु पग–पग पर चमन को, हम बिकाने लग गए...
जो हुनर के पारखी थे, आज धोखा खा रहे।
दूसरों की कलम से हम, घर सजाने लग गए....
विश्व में था नाम तब भी, आज भी कुछ कम नहीं।
किन्तु जाने किसलिए हम, मुँह छिपाने लग गए.....
अग्नि, पृथ्वी के मिसाइल, शान से नभ में चले जब।
दिल जलों के दिल जले, अपनी चलाने लग गए.....
दे रहे जो हमको कर्जे, हम दर्द कैसे बन गए वे।
गाँठ अपनी बेचकर हम, कीमत चुकाने लग गए.....
"नीर" ऐसा घर हमारा, स्वर्ग भी जहाँ झुक रहा है।
आज अपने इस चमन को, हम भुनाने लग गए.....
घर बनाकर अपने हाथों.....

महावीर "नीर" विद्यालंकार
कार्य. मुख्याध्यापक
गुरुकुल कांगड़ी "विद्यालय–विभाग"
हरिद्वार

संस्कृतस्य (नव्य व्याकरणस्य) नूतन प्रशिक्षण विधयः

पठ्यते यादृशं यैः साहित्यं यदा यदा।
क्रियते तादृशं तैः आचरणं तदा तदा।।

संस्कृतं खलु दैवीवाग्, अत्र यत्किमपि वर्णितं लिखितं व्यञ्जितं वा तत्सर्वजन हितायैव। मूलत्वेन वेदाः, वेदानां मुखं व्याकरणम्, तच्च प्रधानाङ्गं। तत्र कृतो यत्नः फलवान् भवति। अत एव व्याकरणशिक्षणं बालानां जिज्ञासुनाञ्च कृते कथं भवेदित्यत्र वर्णितम्।

एकदा प्रदर्शितं दूरदर्शनेन यद् दक्षिणप्रान्ते एकस्मिन् महाविद्यालये चिकित्सा जगतः कठिनतमानि सूत्राणि संगीतमाध्यमेन पाठ्यन्ते छात्रैश्च कण्ठस्थी क्रियन्ते स्म। **तथैव अबुधैः नीरसत्वेन प्रख्यापितं व्याकरणं बुधैः कथन्न सरसं कर्तुं शक्यते।**

भारतीयासंस्कृतिः यां संस्कृतभाषामधितिष्ठति सा भाषा महर्षिपाणिनेराधमर्ण्यमेवावहति। तेषाञ्च व्याकरणं पाश्चात्यवैज्ञानिकैः संगणकाय सर्वोत्तमत्वेन प्रख्यापिते सत्यपि **यावत् बालेषु शिशुषु वा पठनाय सम्यक् प्रचारितं न भविष्यति तावत् संस्कृतेः संवर्धनाय संस्कृतस्य यशोगानं स्वप्न–दर्शनमिव।**

पल्लवग्राहिपाण्डित्येन कदापि वेदाङ्गनामाभिप्रायावबोधनमुद्देश्याधिगमं शास्त्राणां प्रचारः प्रसारो वा मृगमरीचिकामिवैव तिष्ठति।

कस्यापि नूतन विषयस्य शिक्षणात्पूर्वमधिगमाद्वा पूर्वं तस्य सामान्यं ज्ञानं दृढीभूतं यावन्न भवति तावत् किमपि हृद्गतं न भवति एषः सामान्यो नियमः। अत एव व्याकरणशिक्षणात्पूर्वं चतुर्दशसूत्राणां ज्ञानं सम्यग्भवेदेव। अत्र वर्णशिक्षणं द्विधा भवति–प्रथमतश्चतुर्दश सूत्राणि–(१) अ इ उण् (२) ऋ लृक् (३) ए ओङ् (४) ऐ औच् (५) ह य व रट् (६) लण् (७) ञ म ङ ण नम् (८) झ भञ् (९) घ ढ धष् (१०) ज ब ग ड दश् (११) ख फ छ ठ थ च ट तव् (१२) क पय् (१३) श ष सर् (१४) हल् ।।

द्वितीयतो वर्गक्रमः ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

→	क	ख	ग	घ	ङ	=	कवर्गः
→	च	छ	ज	झ	ञ	=	चवर्गः
→	ट	ठ	ड	ढ	ण	=	टवर्गः
→	त	थ	द	ध	न	=	तवर्गः
→	प	फ	ब	भ	म	=	पवर्गः
→	१	२	३	४	५		

अत्र वामतो दक्षिणं प्रति कवर्गादयो भवन्ति। उपरितो अधः प्रति वर्गाणां प्रथमाः, द्वितीयाः, तृतीयाः, चतुर्थाः, पञ्चमाश्च वर्णाः भवन्ति।

महाभाष्यकारेणोक्त यत्— 'नान्तरेणाचं व्यञ्जनस्योच्चारणमपि भवति' अतः अन्तिमौ द्वौ वर्णौ सहैव, अन्ये च वर्णाः पृथगशः कृत्वा चतुर्दशसूत्राणि पठितव्यानि। यथा—अ, इ, उण्। ऋट लृक्। ए ओङ्। इत्यादयः।

इदानी वर्णनां वर्गक्रमः चतुर्दशसूत्रैः सह योजनीयः यथा—वर्गाणां पञ्चमाः वर्णाः 'ङ ञ ण न म' सप्तमेन सूत्रेण सह साम्यं धारयन्ति यथा— 'ञ म ङ ण नम्' (मा. सू. ७) एवमेव अष्टमनवमयोः सूत्रयोः 'झ भञ्। (८) घ ढ धष्। (९)' (मा.सू. ८—९) अनयोः वर्गाणां चतुर्थैः वर्णैः 'घ झ ढ ध भ' एभिः सह साम्यमस्ति एवमग्रेऽपि समग्रं चिन्त्यं जिज्ञासुना, बालाश्च बोध्याः।

अनन्तरं स्वराणामष्टादशभेदविषये सामाजिकजीवनमधिकृत्य जिज्ञासुभिः कथामाध्यमेनावबोधनीयं, बोध्याश्च बालाः। तद्यथा—गृहे मुख्यास्त्रयः पुरुषाः सन्ति। तेषां नामानि सन्ति, ह्रस्वः, दीर्घः, प्लुतश्च। एषां त्रयाणामपि प्रत्येकं त्रयस्त्रयः पुत्राः सन्ति तेषां नामानि सन्ति—उदात्तः, अनुदात्तः स्वरितश्च। पितुः नाम सर्वैः सह योजितः भवति। एवं कृतेसति ह्रस्वः त्रिविधः —ह्रस्व उदात्तः, ह्रस्व अनुदात्तः, ह्रस्वस्वरितः। एवमेव दीर्घोऽपि त्रिविधिः, प्लुतश्चाऽपि त्रिविधः सञ्जातः। संकलनया नवभेदाः सञ्जाताः। तदनन्तरं पुत्राणमपि द्वौ द्वौ पुत्रौ जातौ तयोः नाम अनुनासिकः, अननुनासिकश्च। अनयौः ह्रस्वादयः पितामहाः, उदात्तादयः पितरः। आभ्यां अनुनासिक अननुनासिकाभ्यां सह पित्रृणां पितामहानाञ्च नाम अवश्यमेव स्यात्। तदेवम्—

पितामहाः	—	ह्रस्वः,	दीर्घः,	प्लुतः।
पितरः	—	उदात्तः,	अनुदात्तः,	स्वरितः।
पुत्रौ	—	अनुनासिकः,	अननुनासिकश्च।	

अतः लेखन प्रकारश्चेत्थम्	पितामहः	पितरः	पुत्रौ
	↓	↓	↓
	ह्रस्वः	उदात्तः	अनुनासिकः
	ह्रस्वः	उदात्तः	अननुनासिकः
	ह्रस्वः	अनुदात्तः	अनुनासिकः
	ह्रस्वः	अनुदात्तः	अननुनासिकः
	ह्रस्वः	स्वरितः	अनुनासिकः

ह्स्वः स्वरितः अननुनासिकः एवं षड्भेदाः सञ्जाताः। समेषामष्टादशभेदाः भविष्यन्ति। एवं येषां वर्णानां ह्रस्वं नास्ति तेषु ह्रस्वस्य षड्भेदानामपि अभाव एव भविष्यति यथा—एचः। एवमग्रेऽपि चिन्त्यम्। (एष प्रसङ्गः लघुकौमुद्यां स्पष्टम्।)

सन्धि प्रशिक्षणं यथा—'सुधी+उपास्यः' इमे पदे संहितायां विषये तिष्ठतः। अतः लक्ष्यानुरोधेन प्रथमत्वेन 'इको यणचि' इति त्रिपदात्मकं सूत्रमागच्छति कथयति च—'इकः स्थाने यण् विधानं करिष्यामि परं तस्यैव इकः स्थाने यस्य समीपे अच् अस्ति' इदमत्र ध्येयं यत्त्रिविधमधिकरणं भवति— (१) अभिव्यापकाधिकरणं यथा—तिलेषु तैलम्। (२) वैषयिकाधिकरणं यथा— मोक्षे इच्छास्ति। (३) औपश्लेषिकाधिकरणं यथा—वटे गावः। तदवदत्र औपश्लेषिकाधिकरणमेवात्र 'अचि' पदे अस्ति अतः यस्य इकः समीपे अच् अस्ति तस्यैव स्थाने यण् भविष्यति। अतोऽप्यधिकतरं स्पष्टं कर्तुमत्र ध्वनिच्छेदः करणीयः—'स् उ ध् ई + उ प् आ स् य् अः' । अत्र रेखङ्किताः त्रयः 'इक्' वर्णाः लब्धाः। 'इको यणचि' सूत्रमिदञ्चिन्तयति यदत्र दीर्घ 'ई' कारः इक् अस्ति अनन्तरम् 'उ' कारः अच् समीपे अस्ति अतः ईकारस्य स्थाने यण् करोमि। अत्र यण् आदेशरूपेण भविष्यति। आदेशश्च शत्रुवद् भवति। शत्रुणा देवा मानवा वा सर्वे विभ्यति का कथा वराकस्य ईकारस्य। अतः ईकारः प्राणरक्षणार्थं मार्गं चिन्तयति—

तावद्भयस्य भेतव्यं यावद्भयमनागतम्।
आगतं तु भयं वीक्ष्य नरः कुर्याद्यथोचितम्।।

कथयति च 'इको यणचि' सूत्रं प्रति यन्मदुत्तर वर्ति 'उ' कारः इक् अस्ति तत्र यण् विधीयताम्। अहमच्त्वेन समीपेऽस्मि परमिदङ्किं रामलक्ष्मणयोर्मध्ये भ्रममाणया शूर्पणखयाइव 'इको यणचि' इत्यस्य स्थितिः जाता। यतो हि उकारेणाप्येवमेवोक्तं यदहमच्त्वेन समीपेऽस्मि ईकारस्यैव स्थाने यण् विधीयतामिति। परं कर्मयोगी इवान्यायेन धर्षित इव वा 'यण्' कार्यं कर्तुं निश्चयङ्करोति, न्यायं च प्राप्तुमग्रगामी भवति तत्र साध्नोतिपरकार्यमिति साधुः तदिव आहोस्वित् न्यायाधीशमिव मिलति 'तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य' 'अव्यवस्थायां व्यवस्था सम्पादिका परिभाषा भवति' अथवा 'अनियमे नियमकारिणी परिभाषा भवति' अत इदमवलोक्य कथयति यत्— 'सप्तम्यन्त पदोच्चारणेन क्रियमाणं कार्यं, तेन सप्तम्यन्त पदेन बोध्यमानेभ्यो वर्णेभ्योऽव्यवहित पूर्वमेव भविष्यति' श्रुत्वेदं 'इकोयणचि' चिन्तयति यत् ईकारमच्त्वेन स्वीकरोमि चेत् कार्यं पूर्व इकः स्थाने भविष्यति पूर्व इक् 'सु' घटक उकारः अस्ति परं सः धकारेण व्यवहितोऽस्ति अतः 'उपास्य' पदघटक उकार एव अच् भविष्यति। इति निश्चय समकालमेव 'श्रेयांसि बहुविघ्नानि' इमां सूक्तिं चरितार्थी कुर्वन् चतुर्णा यणां मध्ये विवादः सञ्जातः प्रथमत्वेन यकारः ईकारस्य स्थाने गमनायोद्यतः परं वकारेण परास्तः, वकारोऽपि रकारेण, रकारोऽपि लकारेण, लकारः पुनः यकारेण को भविष्यति इति निश्चितं नास्ति।

एषु केशाकेशि, मुष्टामुष्टि वा प्रचलति इमान् साहंकारान् तथाविधं दृष्ट्वा अहैतुकं स्नेहं प्रदर्शयन् अव्यवस्थां च दुरीकुर्वन् 'स्थानेऽन्तरतमः' इति परिभाषा सूत्रमागत्य कथयति—'एकस्मिन् स्थानेऽनेकेषामादेशप्रसङ्गे सदृशतम आदेशो भवति' अत्र सर्वकारवत् आरक्षणव्यवस्था नास्ति। सादृश्यं च चतुर्विधं भवति। (१) स्थानकृत सादृश्यम्, (२) अर्थकृत सादृश्यम (३) गुणकृतसादृश्यं (बाह्यप्रयत्नकृत सादृश्यं) (४) प्रमाणकृतसादृश्यम् (मात्राकृतसादृश्यम्)। सादृश्यानीमानि लोकसदृशानि एव। चतुर्विध सादृश्यान्वेषणेन स्थानकृतसादृश्येन ईकारस्य स्थाने यकारादेशं शत्रुवदभवत्। ईकारं निहत्य स्वयमेव तत्रोपविष्टवान्। एवमत्रेदं प्रत्यक्षमभवद्यद् परिभाषा सूत्र द्वय सहकारेण 'इको यणचि' सूत्रेण इकः स्थाने यणः विधानङ्कृतवान्। 'सु ध् य् + उपास्यः' इतिजाते।

विश्वतोमुखानि सूत्राणि भवन्ति ते कार्यं कर्तुं कर्मयोगी वदुद्यता भवन्ति। लक्ष्यं विषयतावच्छेदकं वाधिगम्य झटित्यागच्छन्ति। इदानीमागच्छति 'अनचि च' इति सूत्रम्, कथयति च— 'अचः परस्य यरः स्थाने द्वित्वं करिष्यामि यदि परे अच् न स्यात्।' कार्यस्थलस्य 'सु ध् य् + उपास्यः' इत्यस्य निरीक्षणं कृते सति अवलोकितमनेन यत् प्रथमाक्षर 'सु' इत्यत्र सकारोत्तरवर्ति उकारः अच् अस्ति तदनन्तरं यर् धकारः अस्ति एकस्य यरः स्थाने धकारद्वयमादिष्टं भविष्यति परं परे अच् न भवेत्। सत्यम् अच् नास्ति तत्र तु यकारः अस्ति अतः लक्ष्यतावच्छेदकावच्छिन्नं स्थलं प्राप्तमविलम्बेनानेन शत्रुवदादेशो यरः धकारस्य स्थाने कृतमत्र एक धकारस्य स्थाने द्वित्वे सति 'सु ध् ध् य् + उपास्यः' इति स्थितिः सञ्जाता। अनन्तरमागच्छति 'झलां जश् झशि' अत्रापि 'झशि' इत्यस्मिन्पदे सप्तमीमवलोक्य 'तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य' सूत्र सहकारेण पूर्वधकारस्य स्थाने शत्रुवदादेशो भवति जशत्व दकारः, तदा 'सु द् ध् य् + उपास्यः' एषा स्थितिः सञ्जाता। आगच्छतीदानी 'संयोगान्तस्य लोपः' इति सूत्रम्, कथयति च—'संयोगान्तं यत्पदं तस्य लोपो भविष्यति' अत्र 'सुध् ी' इति पदस्य 'सु द् ध् य्' इत्यवस्थायां सञ्जातायां सत्यपि पदत्वमस्त्येव अतः सम्पूर्णपदस्य लोपः प्राप्तवान्, अर्थात् अस्य भवेददर्शनम्। विचारयन्तु भवन्तः एतावान् कृतो महान् प्रयत्नः क्षणे एव विफलत्वमेष्यति अतः अव्यवस्थामिमां दूरी कर्तुं 'न्यायाधीशं वदागतवान्' 'अलोऽन्त्यस्य' इत्ययं योगः, उक्तमनेन यत्—'षष्ठ्यन्तं पदमुच्चार्य क्रियमाणं कार्यमन्त्यस्यैव वर्णस्थाने भविष्यति न सर्वत्र' प्रकृतेऽस्मिन् प्रसङ्गे 'संयोगान्तस्य' इति षष्ठ्यन्तं पदमस्ति अनेन क्रियमाणं कार्य लोप कार्यमस्ति। अतस्तत्कार्य केवलमन्त्य वर्णस्य 'य्कारस्य' स्थाने भविष्यति। अर्थात् यकारस्यैवादर्शनं भविष्यति न तु सर्वस्य। इत्थं न्यायदण्डं गृहीत्वा अनेन परिभाषा सूत्रेण सम्पूर्णपदमदर्शनभवनात् संरक्षितं परं 'य्' कारः अरक्षितः सञ्जातः। झटित्येव कात्यायनमहर्षिणा आगत्य स्वीयेन बार्तिकेन 'यणः प्रतिषेधो वाच्यः' इत्यनेन यणः लोपविधानं प्रतिषिद्धं कृतवान्, अतः यकारोऽपि संरक्षितः। इदानीमावश्यकता अस्ति, अस्य शब्दस्य यो वर्णसमूह इतस्ततः, तस्य योजनस्य अतः रज्जुवत्तिष्ठति परिभाषा 'अज्झीनं

परेण संयोज्यम्' इति अत: अज्झीना ये वर्णा: ते परेण संयोज्या:। 'सु द् ध् य् + उपास्य:' अस्यामवस्थायां क्रमश: यकार: उकारेण सह, ध कार: यकारेण सह, दकार: धकारेण सह संयोजनेन सुद्धयुपास्य: इति स्वरूपं सिद्धम्।

अत्र विचारणीयं यद्यस्मिन् पक्षे धकारस्य द्वित्वादेशं न भविष्यति तदा एक धकार:, अत्र जश्वत्वमपि न भविष्यति अत: 'सु ध् य् + उपास्य:' अस्यामेवावस्थायां वर्णसम्मेलनेन 'सुध्युपास्य:' इति द्वितीयं रूपं सिध्यति।

भो भो महानुभावा:! अत्र 'सुद्धयुपास्य:' शब्दस्य सिद्धे: प्रक्रियाप्रदर्शनस्य मम लक्ष्यं नास्ति अपितु येन सूत्रेण यत्कार्यं क्रियते केनापि सामाजिककथानकेन सह संयोज्य प्रदर्शिते सति बुद्धौ स्थिरीभवति रुच्युत्पादकञ्च भवति। जिज्ञासव: विद्यार्थिनो वा क्षिप्रमवगच्छन्ति चिरञ्च धारयन्ति। **नीरसता अपि व्यपगता भवति।**

व्याकरणशिक्षणस्य नूतन–प्रविधि: (कथा–प्रविधि:)। अभिप्रायावबोधनाय 'कथा' प्रविधि:। शब्दार्थावबोधनाय प्रथमे अङ्क (गिनती) प्रशिक्षणमिव शब्दरूपाणां धातुरूपाणाञ्च शिक्षणम् भवेत्। मात्रा–योजनमिव कारकचिह्न प्रयोगाय प्रशिक्षणं भवेत्। गणितस्य योजनविधिमिव पदार्थावबोधनस्य प्रशिक्षणं भवेत्। सम–विषम संख्या बोधनमिव विशेषण–विशेष्य भावसम्बन्धस्य प्रशिक्षणं प्रदेयम्। एवं शब्दार्थवबोधे जाते कथा–प्रविधिं लोकव्यवहार वा प्रविधिमाश्रित्य परम्परागत व्याकरणस्य शिक्षणं भवति। यथा–शत्रुवदादेशा: मित्रवदागमा:। इक: स्थाने यण् आदेशो भवति। इकं निहत्य स्वयमेव यण् तिष्ठति। यथा–अशिक्षितेषु साहंकारेषु वा मुष्टा–मुष्टि केशा–केर्शि च भवति एवमेव परस्परं युद्धं कुर्वत्सु यण्सु ग्रामणीवत्, न्यायाधीशंवत् वा 'स्थानेऽन्तरतम:' निर्णयङ्करोति यत् को भविष्यतीति। एवमेव शब्दरूपावबोधनाय सर्पस्य गमनागमनमिव एकवचनाद्विवचनबहुवचनम्, अनन्तरं बहुवचनाद् द्विवचनैकवचनम्। एवमारोहरणक्रमेण सम्बोधनत: प्रथमां यावत्। अवरोहणक्रमेण प्रथमात: सम्बोधनं यावत्। एवमेव बाणप्रक्षेपण क्रमेण सर्वासु विभक्तिषु सर्वेषु च वचनेषु क्रम: भविष्यति। अनन्तरं बोधप्रश्ना:– यथा कासु कासु विभक्तिषु, केषु केषु च वचनेषु, रूपाणां साम्यम्? कुत्र कुत्र कति च शब्दा: सविसर्गा:, हलन्ता:, दीर्घान्ता: वा? एवमेव धातुरूपाणां दशस्वपि लकारेषु प्रशिक्षणं स्यात्। संक्षेपेण लकारार्थोऽपि बोध नीय:। इत्थमेव विभक्ति, कारक–चिह्नानाञ्चावबोध: कारयितव्य:। अत्र एवं बोधप्रश्ना: भवेयु: यत्–कस्यां विभक्तौ कस्मिन् वा वचने केन कारकचिन्हेन कोऽर्थोभविष्यति? यथा–रामस्य=एक रामका। अस्माकं=हमारा या हम सबका या अपना। छात्रौ=दो छात्रों ने। चेत् द्वितीया विभक्ते: द्विवचनं=दो छात्रों को। एवं कृते सत्येव संस्कृतस्य मूलाधारं सुरक्षितं भविष्यति।

भो भो विद्वास:! भवद्भिरिदमात्रवधेयं यदुदाहरणत्वेन यदहं वच्मि तस्य कियन्मूल्यमिति

नावलोकयतु किन्तु किमहं वक्तुमिच्छामि। व्याकरणं च कथं सरलतमं भवेदिति विषयमवलम्ब्य केनमाध्यमेन पाठितं सद् व्याकरणं व्याकरणं न स्यादपितु कश्चिद् कथानकं स्यात् यत्रोत्तरं जिज्ञासा वर्धत एव, यत्र विद्यार्थी, श्रोता, जिज्ञासुः, शिष्यो वा दत्तावधानः सन् व्याकरणस्य सिद्धान्तानां ज्ञाने रुचिं वर्धयेत् संलग्नो च भवेत्।

यद्यपि अद्यत्वे संस्कृतस्य केवलं सम्भाषण शिक्षणाय संस्कृत—भारती पक्षतो बहुशः प्रयासाः क्रियन्ते तत् शोभनम्, परं यथा पूर्वमुक्तवानहं यत्पल्लवग्राहिपाण्डित्येन अस्माकमुद्देश्यं प्राप्तं न भवति, नाऽपि च संस्कृतेः संरक्षणं संवर्धनं भविष्यति। अतः जीवनस्य प्रारम्भिकक्षणेषु एव अर्थात् बाल्यावस्थातः एव अथवा जिज्ञासुनां कृते (अत्र वयसो बन्धनं नास्ति) परम्परागत व्याकरणस्य अमरकोशस्य च प्रशिक्षणं भवेत्। तदखिलमपि रुचिकरमाध्यमेन भवेत्। यथा सर्वे सरलतया संस्कृतसागरे निर्भयतया तरेयुः, रहस्यमपि अवगच्छेयुः गीता रामायणादीनाम्। येन संस्कृतस्य संस्कृतेश्चोभयेषामपि उन्नति, प्रचारः प्रसारश्च स्वाभाविकं स्यात्। एवञ्च 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग् भवेत्।।' एषा संस्कृतस्य संस्कृतेश्च आधारभूता भावना सर्वत्र प्रसृता स्यात्।

डॉ. शिवकुमारः शर्मा
प्राध्यापक व्याकरण विभागः
जयभारत साधु महाविद्यालयः,
श्रवणनाथनगरम्, हरिद्वारम्

मन का गीत

(तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु)

ओ मेरे मीत मनवा,
गा ले मधु गीत मनवा।
सन्ध्या अब जा रही है
चुप क्यों तू बैठा मनवा। ओ मेरे मीत मनवा।
सबसे मिल प्यार कर ले
सबका शुभ कार्य कर ले।
विद्वान् शक्तिमान् भी तू
अद्भुत है ज्योति मनवा। ओ मेरे मीत मनवा।
सबको ले जाता है तू,
तेरी है चाह अपनी
तेरी है राह अपनी।
नहीं भटकाना मनवा। ओ मेरे मीत मनवा।
तू पर्वत चढ़ जाये रे
झरने सा बह जाये रे।
सागर की लहरों पर भी
नाव चलाना ओ मनवा। ओ मेरे मीत मनवा।
चाहे तू जिसको देता,
चाहे तू जिससे लेता।
तू ही तो धैर्य बंधाता,
चंचल तू होता मनवा। ओ मेरे मीत मनवा।
तू ही ब्रह्मा तू होता,
कभी नहीं तू तो सोता।
सभी कार्य तू करवाता
सुख में दुःख में ओ मनवा। ओ मेरे मीत मनवा।

तू लगाम रथ के घोड़े,
ये इधर उधर भटकेंगे।
कसकर तू रखना इनको,
शुभ पथ पर मेरे मनवा। ओ मेरे मीत मनवा।

सबके तू भीतर रहता
भूत, वर्तमान कहता।
भविष्य भी तेरे हाथों,
पहिये का केन्द्र मनवा। ओ मेरे मीत मनवा।

सब हैं तेरी ऋचायें,
याजुष और साम गायें।
अथर्व भी समझें तुझसे,
तू ही सब विद्या मनवा। ओ मेरे मीत मनवा।

डॉ. कृष्ण लाल
विश्वनीड, E 937,
सरस्वती विहार,
दिल्ली—११००३४

आज की हिन्दी कविता में बदलती 'भाषा—भंगिमा'

आज का कवि अपनी चौकन्नी दृष्टि से चतुर्दिक् पसरे परिवेश को निरखते—परखते हुए गतिशील यथार्थ को आत्मसात् कर रहा है, इसीलिए तो आज की कविता देशकाल के बहुपरतीय दबाव के बीच जीने के पल तलाशते आम आदमी का बेबाक बयान बनकर सामने आयी है। यहाँ केवल 'सच को रचना' ही कवि के लिये 'रचना का सच' नहीं, अपितु संघर्षमय यथार्थ की प्रत्येक चुनौती का पुरजोर उत्तर देते मामूली आदमी के तीखे तेवरों को उसी की भंगिमा में प्रस्तुत कर देना भी रहा है। आज की कविता उस छटपटाते आम आदमी की भी कविता है जो जीवन संघर्ष की चिलचिलाती धूप में अपनी दुर्द्धर्ष जीवनी शक्ति को सुखा रहा है। कवि का रचनात्मक लगाव उससे इतना अधिक है कि अधिकांशत: उसी की भाषा, शब्द चयन, कथन—भंगिमा (मुहावरे, लोकोक्तियां इत्यादि), बिम्ब, प्रतीक, अलंकारों के माध्यम से वह रूपाकृति पा रहा है। 'कविता ९३' में कुँवर नारायण के ही शबदों में—"कोई चाहे भी तो रोक नहीं सकता/भाषा में उसका बयान/जिसका पूरा मतलब है सचाई/जिसकी पूरी कोशिश है बेहतर इंसान/ वह आदमी की भाषा में/ कहीं, किसी तरह जिन्दा रहे बस," धूमिल का मानना है कि कविता का मतलब है 'भाषा में आदमी होना'[१], इसका सीधा अर्थ अभिव्यक्ति के सलीके और सादगी से जुड़ता है, यह सादगी आम आदमी की ग्राह्य—सामर्थ्य से भी सम्बन्धित है, जिसे नामवर सिंह 'जीवन की धड़कन को व्यक्त करने वाली लय को गहरे स्तर पर पकड़ने' का माध्यम भी मानते हैं।[२]

आज का कवि आम आदमी पर ही लिखना चाहता है।[३] उसकी पूरी चेष्टा उस भाषा की तलाश है जो लोगों, स्थितियों और चीजों के बयान या कि उन्हें नाम देने तक सीमित न हो बल्कि उनकी अन्दरुनी शक्लों और अर्न्तदृष्टि से पायी गयी अच्छाइयों से रू—ब—रू हो सके। कवि ऐसे शब्दों का प्रयोग करना चाहता है, जिसके अर्थ स्वयं फूटकर फैलें और जो कुछ भी वह कहना चाहता है, उसे ब्यौरेवार न कहना पड़े।[४] आज जब जन—भाषा कविता की जमीन बन रही है तो उसमें अधिक स्वाभाविकता आ गयी है।[५]

कविता तो मूलत: शब्द—प्रयोग की ही कला है।[६] आज की कविता में 'आम आदमी' की बोलियों में प्रयुक्त शब्दों के सटीक प्रयोग से यह वर्ग अपनी समस्त विशिष्टताओं के साथ मूर्त हो उठा है।[६,७,८,९] चूल्हे का कोयला, पतीले की दाल, पाला लगी मटर, रोटी, नमक, दाना, कुल्डाड़ी, पतीली, आलू, आटा—चक्की, टमाटर बेचती बुढ़िया, चाकू, बारिश, खरगोश, सब्जी,

दीवार, तौलिया, कंघी, स्कूल, नंगी पीठ, हल, कुदाल, बैलगाड़ियाँ, छड़, भीख, चूड़ियाँ, टीन, प्याज, बर्तन, अकाल, गेहूँ, दूब, काला–कौव्वा, लाल चीटियाँ, कुत्ता, बिल्ली, शेर, गीदड़, चीता, लालटेन, सुई–धागा, रजाई–गद्दा, टाँका, कम्बल, बोझ, गाय, भैंस, हुक्का, बीड़ी, प्यालियाँ, खड़िया और स्लेट, फटा मोजा, गंवार आदमी, भिखारी, खाली कटोरे, गीली मिट्टी, मवेशी खाना, अनपढ़, डुग्गी, जीन, सईस, पंचायत, भवन, बढ़ई की आरी और बसूले, उधार देने वाला बनिया, खेत की मेंड़, अंगूठा–निशान, मिचनी, बोरे, लम्बरदार, सिपहिया, अंगौछे, पानी, हज्जाम, खटारा, मड़िया, धूरी, बासन, रेड़ी, परधान, पंडजनी, लोंदा, थिगली इत्यादि अनेक ऐसे शब्द हैं, जो इस वर्ग विशेष की दैनिक पूंजी हैं, उनका जीता–जागता संसार हैं।

संसार की प्रायः सभी भाषाओं में कम से कम शब्दों में अधिकाधिक सुन्दर और सशक्त अभिव्यक्ति के लिये मुहावरों का सहारा लिया जाता रहा है।[१०] जन–सामान्य के बीच प्रचलित यह ऐसी भाषा–भंगिमा है, जो स्वरूपगत होकर भी अर्थ–चमत्कार से युक्त है, इसमें कथन की सांथीप्ति एवं भाषा की लक्षणा शक्ति का विनियोग होता है। निरन्तर प्रयोग से इन मुहावरों के अभिधेतर अर्थ से समाज पूर्णतः परिचित हो जाता है। मुहावरें जहां स्थिति–विशेष के सूचक एवं भावमूलक होते हैं, वहाँ लोकोक्तियाँ घटनाओं के निष्कर्ष तथा प्रकरण–गर्भित होती हैं। इन मुहावरों एवं लोकोक्तियों का प्रयोग लोक–जीवन का अभिन्न अंग है। आज का कवि जब इस वर्ग की बात करता है तो इसकी ही कथन–भंगिमा को अपनाता चलता है। खून पीना, काला अछर भैंस बराबर समझना, ओंठ सींकर रहना,[११] राम–प्यारा हो जाना,[१२] हवा खराब होना,[१३] आंखें नीची करना,[१४] दाल गलाना,[१५] रामा पिलाना,[१६] घास खाना[१७], दो और दो चार होना[१८], गाज गिरना[१९], वज्र पड़ना[२०], आग लगना[२१], काठ के हाथ होना[२२], गोबर कर देना[२३], पानी के भाव ढूंढना[२४], मिट्टी में मिल जाना[२५], इत्यादि अनेक ऐसे अन्य उद्धरण प्रमाण पुष्टि हेतु प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

समकालीन कविता की स्पष्ट पहचान एक ओर 'कथ्य' के धरातल पर अपनी पूर्ववर्ती काव्य–धारा से पृथक् होकर उभरी है तो दूसरी ओर उसमें भाषा–प्रयोग, प्रश्नाकुलता, सादगी और निजी मुहावरों का भी विकास हुआ है। इन कवियों ने प्रचलित शब्दावली एवं वाक्यांशों से बचते हुए बड़ी साफगोई से अपनी रचनाशीलता का परिचय दिया है। अंधेरें में मगन होना, दरिद्रता में चकाचौंध होना, चकमें में चमन होना, खटिया पर लाश होना[२६], चुभा राजनीति, मुन्ना विद्रोह[२७], लार टपकाती नेकर का नाड़ा होना[२८], भूख–भर अन्न का नाश होना[२९], इत्यादि जनसाधारण की शब्दावलियों से जोड़े हुए बिल्कुल नये मुहावरें हैं, जो क्रमशः अज्ञानता, स्तम्भित स्थिति, अवसर वादिता, थकान, अप्रभावकारी राजनीति और निरीह स्तर के विद्रोह और कुण्ठित मनः स्थिति का परिचायक बने हैं। 'भूख–भर अन्न का नशा' एक बिल्कुल नया प्रयोग है।

डॉ. नगेन्द्र ने काव्य–बिम्ब को एक ऐसी मानस छवि माना है जो कवि कल्पना के सहारे शब्दार्थ के माध्यम से अभिव्यक्ति पाती है।[३०] आज का कवि इन बिम्बों को भी आम–जीवन से ही उठा रहा है। कहीं कार्याधिक्य के कारण रातभर के थके जीवन को 'जागती लालटेन'[३१] के माध्यम से उभारता है तो कहीं किसी स्त्री की अन्तर्बाध्य उदासी औरा अभाव को सुस्पष्टाकार देने के लिये उसे बौछारों में घुलते–गलते[३२] दिखाता चला है। अन्तस् में इच्छाओं का अम्बर संजोये किसी बुढ़िया की अन्तर्वेदना और निराशा को आकृति देने के लिये कभी वह 'भट्टी,' 'रात', 'जुगनू' के सहारे सपष्ट बिम्ब देता है[३३], तो कभी प्रेयसी की मनभावन स्मृति को 'आटे में नमक' की तरह आस्वादन योग्य बना डालता है।[३४] बेरोजगार नवयुवक के अवसाद और तनाव को 'बेकारी की पसली में चहलकदमी करते हुए' गहराता है तो कभी प्रात: कालीन लालिमा की पेड़ में पड़ती प्रतिच्छाया को 'आसमान द्वारा' मुँह धोये पेड़ों को नारंगी की फांकें बांटते बिम्ब से मूर्तिमान कर देता है।[३५] इसी प्रकार 'गंगा का गीत', 'भूख से फटी आंखें', 'हताशा की हिनहिन', 'फफकियाँ फाँकती जारणी', 'ऊदड़ और अजवाइन के पौधों का सपना', 'फटे हुए दूध सा रोना', 'आखिरी जंभाई थूकना', 'पशुओं के बुखार का मौसम', 'कपड़े उतारती जमीन का कत्थईपन', 'पत्तियों से गिरती धीमी गुनगुनाहट', 'चूड़ियों के रोने की आवाज'–मूर्त्त–अमूर्त ऐसे अनुभव बिम्बों की सूची बहुत लम्बी हो सकती है।

इसी तरह सरल सीधे प्रतीक प्रयोग इस वर्ग का मुँह बोलता चित्रण करते चले हैं। शोषक सत्ताधिपतियों के लिये सिंह, कुत्ता[३६], बाज[३७], चीता[३८], गिद्ध, कौआ[३९], भेड़िया[४०], सांप–नाथ, नाग–नाथ[४१], सुअर[४२] इत्यादि और शोषित आम वर्ग के लिये कबूतर, मेमना इत्यादि परम्परागत जन प्रसिद्ध प्रतीकों का प्रयोग हुआ है। अनेक स्थलों पर पूर्णत: नूतन प्रतीक प्रयोग हुए हैं। 'मेरे खाली पेट का ढकोसला/मत गाओ चर्वीली आंखों में[४३]'–पंक्तियों में 'चर्वीली आंखें' रक्त चूषी शोषकों का प्रतीक बनी है। इसी प्रकार 'चाकू और आम' के सुपरिचित रिश्ते से खास आम वर्ग को शब्दाकृति प्रदान की गयी है।[४४] 'चाकू' के सामने 'आम' कट जाने हेतु ही विवश है। जहाँ संसद 'दलदल' है, वही भाषण बाजी करने वाले नेता 'मेंढक' हैं[४५]। कभी प्रतीक कथन से समूची कविता ही अत्यन्त सहजता से बोधगम्य हो उठती है। केदारनाथ सिंह की 'काली मिट्टी' कविता का 'काला' शब्द समूची कविता में आम आदमी की युग दृष्टि का प्रतीक बन बैठा है।[४६]

समकालीन कविता में अधिकांश उपमायें नितान्त नूतन और आम–जीवन में रची–बसी हैं। 'बुझे हुए हुक्के सा'[४७], 'पिटे हुए बैल की तरह'[४८], 'पूस की तरह ठण्डा होना'[४९], 'भादठ सा झांकना'[५०], 'फील–पांव की तरह घिसटना'[५१], 'कम्बल सी गर्मी लाना'[५२], अनोखी उपमायें हैं। अनवरत निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के हाथ कवि को इमारत में पलस्तर की तरह चिपके लगते हैं,[५३] बाल गाढ़ी रात जैसे काले प्रतीत होते हैं।[५४] रात के बीत जाने के बाद छिटका उजाला उसे 'घाव' की तरह चमकता प्रतीत होता है।[५५] यह उपमायें आम आदमी की जुबान, उसकी समझ,

उसकी कल्पना की पहुँच की उपमाएं हैं। 'बासी रोटी की कल्पना'—जन सामान्य की कल्पना है। 'घीसा' को अपना मालिक 'बासी—रोटी—सा' ही घृणास्पद लगता है।[५६] यह वह लोक है, जहाँ पिता का पथराया चेहरा 'काठ' है,[५७] छोटे कमरें में रहते लोगों की भीड़ 'पेटी में औजार' की तरह है[५८] और नवजात शिशु 'दांतों की दुनिया में आकर परिवार की गिनी—चुनी रोटी में पैठने वाला' बिन बुलाया भोला मेहमान है।[५९]

आज का कवि शब्द प्रयोग, कथन—भंगिमा एवं रचना की रूप—सज्जा में विशेष सजग रहा है। 'कथ्य' और 'कथन' की दूरी बहुत कम हो गयी है। आम जीवन उसके ही बोलचाल के शब्दों में साकार है। लेकिन इस तथ्य को भी नकारा नहीं जा सकता कि कहीं—कहीं जटिल बिम्बों और क्लिष्ट प्रतीकों का प्रयोग अभिव्यक्ति की स्वाभाविकता को भी छीन लेता है।

डॉ. मृदुल जोशी
प्रवक्ता—हिन्दी,
कन्या गुरुकुल महाविद्यालय,
हरिद्वार

सन्दर्भ संकेत

१. कल सुनना मुझे(काव्य—संग्रहान्तर्गत) 'भाषा की रात में :धूमिल की भूमिका' शीर्षक से उद्धृत वाक्य, पृ. २

२. कविता के नये प्रतिमान, काव्य—भाषा और सृजनशीलता, नामवर सिंह, पृ. १०५

३. 'लिखी नहीं जाती अब कविताएं/दरअसल मैं अब/फूल, पत्ती, दरख्त, पहाड़, नदियां/जंगल समुद्र/यहाँ तक कि/कविताओं से हटकर/सीधा आदमी पर आना चाहता हूँ।' —भगवत रावत

४. 'अल्यूमिनियम का वह दो डिब्बों वाला/कटोर दान/बच्चे के हाथ से छूटकर/नहीं गिरा होता सड़क पर/तो यह कैसे पता चलता/कि उसमें/चार रूखी रोटियों के साथ—साथ/प्याज की एक गाँठ/और दो हरी मिर्चें भी थीं/नमक शायद रोटियों के अन्दर रहा होगा/बस इतनी सी ही थी भाषा उसकी/जो अचानक/फूटकर फैल गयी थी सड़क पर/यह सोचना/बिल्कुल बेकार था कि/उस भाषा में कवि की कितनी गुंजाइश थी।' —भगवत रावत

५. उदाहरणार्थ—'धूप सुरजा नहीं है मालिक/पिसे आप अपनी बैठकी में उकडूँ बैठाकर/गरियाते रहें/और पीटते रहें/और रंग/रंग आपके चाकर नहीं है/सरकार/जो आपका लिहाज करें/हुक्का भर लायें/सलाम बजायें/आपकी ड्योढ़ीदारी करें/आपके बनिहारों के बच्चे नहीं हैं वे रंग/कि आपको देखकर/अपने—अपने ओसारों में छिप जायें।'—इस नवाज में, मालिक आप नाहक नाराज हैं, उदय प्रकाश, पृ. १५०

६. 'घिरशा दो, अइशा चमकाओ, जुत्ते को ऐना बनाओ/

XX XX XX

गरज यह कि घण्टे भर खटवाता है/मगर नामा देते वक्त/साफ नट जाता है।'—संसद से सड़क तक, मोची राम, धूमिल, पृ. ४३

७. 'ऐसी कलख—कठिन घड़ी में औकात का/फ़क़त एक ही मतलब है/कि तुम किस पाल्टी में हो/XXX/तुम्हारा दरजा/इससे तय होता है कि तुम म्हौल्ले में/कितने दरवज्जों की कुण्डी खड़का सकते हो।'—घास का घराना, जन्तर—मन्तर, मणि मधुकर, पृ. ३५

८. 'करछुल/बटलोही से बतियाती है और चिमटा/तवे से मचलता है/चूल्हा कुछ नहीं बोलता/चुपचाप जलता है/और जलता रहता है।'—कल सुनना मुझे, किस्सा जनतंत्र का धूमिल, पृ. १६

९. 'कोयला हो चुकी हैं हम/XXX/XXX

लकड़ियां हैं हम लकड़ियां/जब तक गीली हैं धुआँ देंगी/पर इसमें/हमारा क्या ?/हम पतीलियां हैं/तुम्हारे घर की भाई—पिता//हम होंगी/मकड़ियां/घर के किसी कोने में/जाला ताने पड़ रहेंगी/'—बहनें, असद जैदी

१०. भाषा—विज्ञान, भोलानाथ तिवारी, पृ. ११७

११. गाली मार खून पीकर सहती थीं/काला अच्छर/भैंस बराबर समझती थीं/XXX/ओंठ सीकर रहती थीं/कैथर कला की औरतें। —जागते रहो सोने वालो : कैथर कला की औरतें, गोरख पाण्डेय, पृ. १२

१२. 'दवा दारू के अभाव में/उसका पिया/राम—प्यारा हो गया'—वही—पृ. १२

१३. 'लोगों ने कहा—हम कुछ नहीं देख रहे हैं/परिवार देख रहे हैं/XXX परिवार की हवा खराब थी'—नाटक जारी है, होने का शिल्प, लीलाधर जगूड़ी, पृ.३७

१४. 'मुद्दत हो वह खड़ी है/आंखें नीची किये हुए।'—खिलाफ हवा से गुजरते हुए, गांव, विनोद दास, पृ. ४२

१५. 'अगर विनम्रता को चाल बना सकते हो/तो अपनी दाल/किसी के भी/बर्तन में गला सकते हो।'—इस व्यवस्था में, लीलाधर जगूड़ी।

१६. 'इतना जानता हूँ/रामा पिलाना/मानवीय है'—धूमिल

१७. द्रष्टव्य—चाहते तो, हुजूर, रमेश कौशिक पृ. ९६

१८. 'तुम अपढ़ थे/गंवार थे/सीधे इतने कि बस/दो और दो चार थे'—संसद से सड़क तक, प्रौढ़ शिक्षा, धूमिल, पृ. ५०—५१

१९. 'गाज क्यों नहीं गिरती/कुकरमों के माथे।'—लकड़बग्घा हँस रहा है, फिलवक्त, देवताले, पृ. ३८

२०. द्रष्टव्य–बची हुई पृथ्वी, चालाकी की शुरूआत, लीलाधर जगूड़ी, पृ. ८०

२१. वही

२२. द्रष्टव्य–लकड़बग्घा हँस रहा है, भाषा के भद्दे नाटक में, चन्द्रकान्त देवताले, पृ. १३

२३. द्रष्टव्य–संसद से सड़क तक, बीस साल बाद, धूमिल, पृ. १२

२४. द्रष्टव्य–लकड़बग्घा हँस रहा है, इस पठार पर, देवताले, पृ. २८

२५. द्रष्टव्य–बची हुई पृथ्वी, उजाला, लीलाधर जगूड़ी, पृ. ५८

२६. 'अपने अंधरे में मगन थे/खापने दलिद्दर में चौंचक थे/चकमे में चमन थे/XXX/XXX/कभी न थकने वाले तीन भाई/ख्रेत से फसलों की लोथ लेकर लौटे है/और खटिया पर लहास हो गये हैं–खुदामा पाण्डे का प्रजातंत्र, ताजा खबर, धूमिल, पृ. २६

२७. 'और इस तरह/चुन्ना राजनीति/और मुन्ना विद्रोह को/ठेंगा दिखाये/'–वही, संयुक्त मोर्चा, पृ. ३४

२८. 'मेरा जीवन लार टपकाती हुई नेकर का नाड़ा है।'–कल सुनना मुझे, धूमिल, पृ. ५

२९. 'भूख–भर अन्न के नरों में/XXX/एक मामूली घर भी/आरामगाह बना है'–बची हुई पृथ्वी, बलदेव खटिक, लीलाधर जगूड़ी, पृ. १०२

३०. 'काव्य–बिम्ब,' पृ. ५

३१. 'जागती रहेगी लालटेन/कील से टंगी हुई/जब सिलते–सिलते वह थक जायेगा'–अकाल में सारस, रात में सिलाई, केदारनाथ सिंह, पृ. ९१

३२. 'स्त्री को/बौछारों में/धीरे–धीरे घुलते हुए/गलते हुए देखता हूँ'–वही, घुलते हुए गलते हुए, पृ. ४९

३३. 'घास–पाल पर जुगनू चमके/मन में मेरे भही थी/मैं जब घर के भीतर आयी/जुगनू–जगुनू लुभा रहा था/इतनी रात इकट्ठी थी'–बची हुई पृथ्वी, एक बुढ़िया का इच्छा गीत, लीलाधर जगूड़ी पृ. ३८

३४. 'आटे में नमक की तरह/तुम्हारी याद/मुझे स्वाद से/भर देगी'–वही, तुम सब हो, पृ. २८

३५. 'सुबह–सुबह जब आसमान/मुँह धोये पेड़ों में/नांरगी की फांके बांटता है/मुझे बेकारी कीपसली में/चहल कदमी करते हुए/देख सकते हो'–सुषमा पाण्डे का प्रजातंत्र, संयुक्त मोर्चा, पृ. ३२

३६. 'पांच वर्ष बाद/एक बार सिंहासन से उतरकर, सिंह/राजपथ से होता हुआ/गली के नुक्कड़ चौराहों और/गांव में जाता है/कुत्ता बन जाता है।'–बीड़ी बुझने के करीब, कुत्ते, मानबहादुर सिंह, पृ. ३१

३७. 'कब किसी बाज ने/कबूतर को छोड़ा है/जिसके भी/हाथ लगी/सपनों की गरदन को/उसी ने मरोड़ा है'–चाहते तो, अकथनीय, रमेश कौशिक, पृ. १८

३८. 'जब इसे कैसे समझाऊँ/कि गद्दानशीन होते ही भयावह ढंग से/हिंसक हो जाते हैं जब गिड़गिड़ाते मेमने/तो यह तो चीता है।'–लकड़बग्घा हँस रहा है, चीते को जुकाम होने से, देवताले, पृ. ४३

३९. द्रष्टव्य–चाहते तो, हुजूर, रमेश कौशिक, पृ. ९३

४०. द्रष्टव्य–जलती हुई मोमबत्तियों के नीचे, नाश्ते के इरादे पर, राजकुमार कुम्भज, पृ. ५०

४१. 'संगीनों के साये में/साया हो रहा है/नागनाथ और साँपनाथ के बीच चुनाव।'–जागते रहो सोने वालो, दुःस्वप्न, गोरखपाण्डेय, पृ. ८७

४२. द्रष्टव्य–सुनो कारीगर, सुअर, उदयप्रकाश, पृ. ५७

४३. द्रष्टव्य–सुदामा पाण्डेय का प्रजातंत्र, पृ. ४७

४४. 'मैं सहज होना चाहता हूँ/ताकि आम को आम/और चाकू को चाकू कह सकूं'–वही

४५. चाहते तो, संसद, रमेश कौशिक, पृ. ५९

४६. द्रष्टव्य– अकाल में सारस, पृ. ९५

४७. समकालीन कविता, परिशिष्ट में, ढाणी का आदमी, जय सिंह नीरज, पृ. २४२

४८. वही, जनकल्याण, मंजुल उपाध्याय, पृ. २३४

४९. नाटक जारी है, इस व्यवस्था में, लीलाधर जगूड़ी पृ. ५६

५०. संसद से सड़क तक, धूमिल, ६९

५१. जागते रहो सोने वालो, बुझा के दिये, गोरखपाण्डेय, पृ. ३५

५२. वही, उठो मेरे देश, पृ. ९९

५३. 'वे हाथ जो बड़ी–बड़ी इमारतों पर/पलस्तर की तरह चिपके हुए हैं।'–बची हुई पृथ्वी, बलदेव खटिक, लीलाधर जगूड़ी पृ. १०३

५४. 'आंखें देसी/रंग गेहुआँ/गांव की गाढ़ी रात जैसे बाल/एकदम मुलायम और छपरैले'–घबराये हुए शब्द, गुमशुदा की तलाश, लीलाधर जगूड़ी, पृ. १०

५५. द्रष्टव्य बची हुई पृथ्वी, आत्मकारा, लीलाधर जगूड़ी, पृ. ९५

५६. 'मालिक का सीझा हुआ चेहरा/जैसे बासी रोटी पर किसी/शहराती महाजन ने/दो आंखें बना दी हों'–सुदामा पाण्डे का प्रजातंत्र, न्यू गरीब हिन्दू होटल, धूमिल, पृ. २०–२१

५७. 'माँ के चेहरे पर पत्थर/पिता जैसे काठ/अपनी ही आग में/फले है ज्यों सारा घर'–कल सुनना मुझे, आप मैं लड़ रहा हूँ, धूमिल पृ. ६८

५८. 'सबके घर पोत दूँ/जिन्हें मकानें खोंस रखा है/और जिनमें लोग इस तरह रहते हैं/जैसे पेटी में औजार।'--बची हुई पृथ्वी, अन्तिम शिखर पर, लीलाधर जगूड़ी, पृ. १९

५९. 'दाँतों की दुनियां में/एक भोला मगन जी मुख आयेगा/और परिवार की गिनी चुनी रोटी में सहसा पैठ जायेगा।'–कल सुनना मुझे, संसद समीक्षा, धूमिल, पृ. ३०

States of Mind in the Yogavãsistha

Importance of Mind in Yogavãsistha-

Vasistha assigns a very high place to 'mind' in his work.

चित्तं नाभिः किलाऽस्येह मायाचक्रस्य सर्वतः।
स्थीयते चेत्तदाऽऽक्रम्य तन्न किञ्चित् प्रबाधते॥

(IV.49.40)

Which means mind is the nave (nãbhi) of the wheel of the world. If one can control it, one can eliminate all the sufferings resulting from cycle of physical attraction (mãyã chakra)

प्रतिभासमुपायाति यद्यदस्य हि चेतसः।
तत्तत् प्रकटतामेति स्थैर्यं सफलतामपि॥

(III.91.17)

i.e. whatever the mind thinks and believes intensly, comes to exist.

Nature of Mind in Yogavãsistha-

Mind is called 'Manas' and also as 'Citta' in Yogavãsistha. According to it, the essence of mind is imagination. It is being considered "a pulsating and changing form of consciousness, which partakes both of subjectivity and objectivity."

The mind according to Vasistha is the pure Absolute consciousness manifesting itself as a creative agent. It is not anything separate from the whole, but is the whole looked from a particular point of view.

किञ्चिदामृष्टरूपं यद् ब्रह्म तच्च स्थिरं मनः।
कल्पना सत् सदैवैतत् सदिवोपस्थिता ह्यदि॥

(IV.13.54)

i.e. Brahman in a definite form (Sat-chitta-anand) is the mind.

Mind is one like God. Different religions call God with different name. Similarly mind assumes within an individual various names and forms, in accordance with the role it plays.

विचित्र कार्यवशतो नामभेदेन कर्तृता।
मनः संप्रोच्यते जीववासनाकर्मनामभिः।।

(III.96.56)

i.e. an individual in different role is known differently like husband, father, brother, worker, donor etc. according to functions, similarly the various facilities of the internal world are nothing but one and the same mind functioning in different ways and so called by different names.

चित्राधिकारवशतो विचित्रा विकृताभिधाः।
यथा याति नरः कर्मवशाद् याति तथा मनः।।

(III.96.44)

i.e. as an actor assumes several forms on the stage, so the, while engaged in various activities, assumes different names and forms.

Different Functional aspects of the Mind-

1. Manas-

गतेव सकलङ्ककत्वं कदाचित् कल्पनात्मकम्।
उन्मेष रूपिणी नाना तदैव हि मनः स्थिताः।।

(III.96.17)

i.e. when in dilemma and is functioning as conspiring in nature, is called Manas.

2. Buddhi-

भावनामनुसंधानं यदा निश्चत्य संस्थिता।
तदैषा प्रोच्यते बुद्धिरियत्ताग्रहणक्षमा।।

(III.96.18)

i.e. it is called Buddhi, when it remains fixed on a particular idea and has a definite knowledge of it in the form of "It is this."

3. Ahamkãra-

यथा मिथ्याभिमानेन सत्तां कल्पयति स्वयम्।
अहंकाराभिमानेन प्रोच्यते भवबन्धनी।।

(III.96.19)

i.e. it is called Ahamkãra, when it assumes for itself a distinct existence and binds itself to particular states. This Ahamkãra is the root cause of linking of worldly affairs.

4. Citta-

इदं त्यक्त्वेदमायाति बालवत् पेलवा यदि।
विचारं संपरित्यज्य तदा सा चित्तमुच्यते।।

(III.96.20)

i.e. it is called Citta, when it displays fickleness and passes quickly from one object to another, without any proper reason. This behaviour is comparable to a child.

5. Kalpanã-

काकतालीययोगेन त्यक्त्यैकधननिश्चयम्।
यदेहितं कल्पयति भावं तेनेह कल्पना।।

(III.96.22)

i.e. it is Kalpanã, when for saking its balanced state, it begins to think of some desired state of existence.

6. Smrti-

पूर्वदृष्टमदृष्टं वा प्राग्दृष्टमिति निश्चयैः।
यदैवेहां विधत्तेऽन्तस्तदा स्मृतिरूदाहृता।।

(III.96.23)

i.e. it is called Smrti (memory) when it thinks of an idea as previously.

7. Vãsanã-

यदा पदार्थशक्तीनां संभुक्तानामिवाऽम्बरे।
वसत्यस्तमितान्येहा वासनेति तदोच्यते।।

(III.96.24)

i.e. it is called Vãsanã (desire), when it is so fixed on the objects of enjoyment as to forget (neglect) every thing else.

8. Karma-

यदा स्पन्दैकधर्मत्वात् कर्तुर्या शून्यशांसिनी।
आधावति स्पन्दफलं तदा कर्मेत्युदाहृता।।

(III.96.21)

i.e. it is called karma (action), when it feels some want in itself and runs after object, which can be attained as a result of a movement towards it.

9. Mala-

स्फुरत्यात्मविनाशाय विस्मारयति तत्पदम्।
मिथ्या विकल्प जालेन तन्मलं परिकल्प्यते।।

(III.96.26)

i.e. it is called Mala (impurity) because its appearance is for its own harm and because on account of the network of its imagination it conceals the real self.

10. Māyā-

सदसत्तां नयत्याशु सत्तां वाऽसत्त्वमञ्जसा।
सत्तासत्ता विकल्पोऽयं तेन मायेति कथ्यते।।

(III.96.29)

i.e. it is called Māyā because on account of it, the real appears as unreal, and the unreal as real.

11. Prakrti-

सर्वस्य दृश्यजालस्य परमात्मन्यलक्षिते।
प्रकृतत्वेन भावानां लोके प्रकृतिरूच्यते।।

(III.96.28)

i.e. it is called root cause of all objective forms (Prakrti) on account of its being the source of all objects of experience.

12. Indriya-

श्रुत्वा स्पृष्ट्वा च दृष्ट्वा च भुक्त्वा घ्राता विमृश्य
च ।
इन्द्रमानन्दयत्येषा तेनेन्द्रियमिति स्मृतम्।।

(III.96.27)

i.e. it is called Indriya because it pleases the self (Indra) through, hearing, touch, vision, taste and smell.

Similarly it can be called Avidya (ignorance) because it ceases to be something different from the absolute consciousness when true knowledge is attained. It is called Jiva (living principal) because it lives and is conscious. It is called Brahmã (creator of its own world) by some, Virãt by others, Sanãtana by some, Nãrãyana by others, Isa by some, and Prajãpati by others. It is called Ativãhika-deha (very quickly moving body), on account of its capacity to go to distant places without difficulty. It is called Puryastaka (the eightfold city, i.e., the subtle body consisting of eight factors, namely, the mind, the intellect, the ego and the five senses) on account of its strong network of imagination.

An analysis of the above-mentioned various functional aspects of the mind indicates that they can be classified under four heads.

(i) **Psychological Aspects-** Manas, Buddhi, Ahamkãra and Citta represents the structure of the mind and functions of mind are Kalpana, Smrti and Vãsanã.

(ii) **Ethical Aspects-** Karma, Avidÿa and Mala are ethical aspect of mind and indicate the moral function of mind.

(iii) **Metaphysical Aspect-** Mãyã, Prakrti, Jiva, Brahmã and Ãtivãhika-deha are metaphysical aspect of mind.

(iv) **Physical Aspect-** Indriya, Puryastaka and Deha are physical in so far as they represent the bodily functions.

States of the Mind-

Various states of mind-(i) ghora(gross), (ii) Shãnta(subtle), (iii) müdha (dull), and (iv) Sattva(pure being)-have been discussed in the Yogavãsistha. In Sattva state mind is no longer

a mind. It is merged in the being of the self. So we might say that there are only three states of the mind, the fourth being a mindless state of experience.

(a) The Ghora State-

This is the state of waking experience. In vedic literature it is called as Jãgrat. In this condition, the life principle (Jiva dhatu), which keeps the body alive moves throughout the body riding on the vital airs (prãnavãyuah). Awareness or consciousness arises in whatever organ or part of the body this element flows. Receiving this vital energy, the sense-organs became capable of giving rise to their respective perceptions in the jiva.

(b) The Müdha State-

This is the state of dream experience. In vedic literature it is called as Svapna.

सुषुप्ते सौम्यतां यातैः प्राणैः सञ्चाल्यते यदा।
स जीवधातुः सा संवित्ततश्चित्ततयोदिता।।

(IV.19.26)

i.e. the vital principle which was existing in an undisturbed condition in the previous state is aroused by the vital currents. The result is that it comes to manifest itself as the mind.

Whatever desire arises in this state appears as realised to the sleeping person. Consequently, it is a state of internal experience when objects are experienced without any external stimulation of the physical senses.

(c) The Sãnta State-

The mind in the deep sleep state is sãnta. In vedic literature it is known as Susupti. In this condition the body is not active. Consequently, the life principle is at peace within itself.

निर्वातसदने दीपो यथाऽऽलोकैककारकः।।

(IV.19.21)

i.e. mind remains motionless like a lamp in a windless place on account of vital airs being in balance.

ततः सरति नाऽङ्गेषु संवित् क्षुभ्यति तेन नो।
न चेक्षणादीन्यायाति रन्ध्राण्यायाति नो बहिः॥

(IV.19.22)

i.e. since senses do not receive this vital energy, they are not able to perceive external objects.

जीवोऽन्तरेव स्फुरति तैलसंविधथा तिले।
शीतसंविद्धिम इव स्नेहसंविधथा घृते॥

(IV.19.23)

Hence the jiva exists in a potential state within the body as oil in a Sesamum seed, coldness in ice and lubricity in butter.

It is thus in this Sãnta state that the jiva is experiencing the deep sleep state.

(d) The Sattva State-

In this state there is no consciousness of ego or non ego, being or non-being. In vedic literature it is known as Turiya. It is the stage of pure existence alone which Yogis experience after making a great effort. There is no imagination in it. The objective world is not experienced. When the mind reaches such a height of Sãdhanã, the individuality is transcended, mind acquires equanimity and the fickleness of the mind is given up.

Dr. S. Radhakrishnan describes this state in his book "Idealist view of Life": "It is a type of experience which is not clearly differentiated into a subject- object state, an integral undivided consciousness in which not merely this or that side of man's nature but his whole being seems to find itself. It is a condition of consciousness in which feelings are fused, ideas melt into one another, boundaries broken and ordinary distinctions transcended."

The Yogins call this state as Kaivalya and the Buddhists call it Nirvãna.

The Various Powers of Mind-

1. It is the cause of the world. Vasistha calls it as the nave of the wheel of the world.

अस्य संसाररूपस्य मायाचक्रस्य राघव!।
चित्तं विद्धि महानाभिं भ्रमतो भ्रमदायिनः।।

(V.50.6)

i.e. the mind is the nave of this wonderful wheel of the world, which deludes us by its movements.

2. It is the cause of bondage and suffering. Vasistha says-Every thing, even bondage and freedom, depends on the mind. It is the creator of our joys and sorrows.

3. It is the cause and cure of physical diseases. Vasistha says Mental inharmony is said to be the cause of physical diseases.

4. It is the cause of attainment of Siddhis. The attainment of extraordinary powers can be attained with the help of mind.

मलिनं हि मनोऽवीर्यं न मिथः श्लेषमर्हति।
अयोऽयसि च सन्तप्ते शुद्धे तप्तं तु लीयते।।

(IV.17.29)

चित्ततत्वानि शुद्धानि सम्मिलन्ति परस्परम्।
एकरूपाणि तोयानि यान्त्यैक्यं नाऽऽविलानि हि।।

(IV.17.30)

i.e. a pure mind can come into contact with other minds and only in that condition of the mind, we can see the Subtler world and meet the enlightened ones.

Conclusion-

Thus we saw that the Yogavãsistha does not draw a wall between God, the self, the Mind, and the Body. They are emanations of the same one Reality which pervades the universe

and they are limited expressions of the same omnipresent, omniscient, and omnipotent Divine Being. The body is an expression and creation of the Mind. The Mind is an expression of the self. Its determining factors are Samkalpa (imagination) and Vãsanã (desire). The self in the individual is nothing but Brahman, the absolute.

Rajat Agrawal
Lecturer-Mechanical Engineering
College of Engineering & Technology
Gurukula Kangri Vishwavidyalaya
Haridwar-249 404

References

1. Yogavãsistha, second volume, Dr. Mahaprabhulal Goswami
2. Yogavãsistha, third volume, Dr. Mahaprabhulal Goswami
3. Idealist view of Life, S. Radhakrishnan
4. The philosophy of the Yogavãsistha, B.L. Atreya
5. Mind and its Functions in India Thought, B.L. Atreya